# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, बुधवार 10 जनवरी 2024





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## 'महिला सशक्तिकरण'

एवं

युवा ऊर्जा पर केन्द्रित

## मकर संक्रांति उत्सव

10-15 जनवरी, 2024

मुख्यमंत्री

**डॉ. मोहन यादव**

द्वारा

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत

**1.29 करोड़** बहनों को **₹ 1576 करोड़** की सहायता

**56 लाख** से अधिक हितग्राहियों को **₹ 341 करोड़**

की पेंशन एवं आर्थिक सहायता का अंतरण

10 जनवरी, 2024 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल

### राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन

- लाड़ली बहनों को सहायता राशि का अंतरण
- मकर संक्रांति को आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए विज्ञान मेलों का आयोजन
- युवाओं को जिलों के प्लैनिटेरियम और ऑब्जर्वेटरी में स्टडी टूर
- परंपरागत खेलों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन
- महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित 2 दिवसीय (11-12 जनवरी) रोज़गार मेलों का आयोजन
- विद्यालयों में सूर्य नमस्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित व्याख्यान, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं
- स्वच्छता व पर्यावरण जागरूकता शिविरों का आयोजन
- स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 12 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान
- प्रधानमंत्री जी के द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव के शुभारंभ का जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आदर्श महाविद्यालय/उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रदर्शन
- युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम व विद्यालय/महाविद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन
- मां तुझे प्रणाम योजना में कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल का 150 युवतियों के दल द्वारा भ्रमण

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

D-11166/23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**आपका हमसे मिलना हमारे लिए सम्मान की बात: पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा आपका हमसे मिलना हमारे लिए सम्मान की बात है। भारत में आपका स्वागत है मेरे भाई, मोहम्मद बिन जायद। वहीं, विदेश मंत्रालय ने यूएई के राष्ट्रपति का अभिवादन करते हुए पीएम मोदी के साथ की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, दोस्ती के मजबूत बंधन की पुष्टि!

'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में हिस्सा लेने पहुंचे हैं यूएई के राष्ट्रपति

1 ग्लोबल ट्रेड शो की शुरुआत में पीएम ने एक 20 रुपए का सिक्का जारी किया। जो वाइब्रेंट समिट के 20 साल पूरे होने पर जारी किया गया है।

2 यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं

दुनिया ने देखी पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति की 'दोस्ती'

# लगाया गले, हाथ पकड़कर 'आगे' बढ़े फिर कार में साथ बैठकर किया रोड शो



**पीएम मोदी फिर जाएंगे यूएई**

इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यूएई की यात्रा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी आबू धाबी में 700 करोड़ रुपए की लागत से बने बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा आबूधाबी के जायद स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। हाउडी मोदी की तरह होने वाले इस कार्यक्रम का नाम अहलान मोदी दिया गया है।

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

वाइब्रेंट गुजरात समिट के चीफ गेस्ट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान मंगलवार शाम अहमदाबाद पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति की आगवानी की। इसके बाद दोनों वैश्विक नेताओं ने हवाईअड्डे से गांधी आश्रम तक रोड शो भी किया। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मोदी ने कहा था- भारत का हर व्यक्ति आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है**

यूएई के राष्ट्रपति राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से पीएम मोदी की नजदीकी नई नहीं है। पिछले साल जुलाई में जब पीएम मोदी यूएई गए थे। तो उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति से अपनी मुलाकात में कहा था कि अल नाहयान से हमेशा भाई का प्यार मिला। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सीए फाइनल और इंटर रिजल्ट जारी



**नई दिल्ली।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने मंगलवार को सीए फाइनल और इंटर रिजल्ट नवंबर 2023 की घोषणा कर दी है। जयपुर के मधुर जैन ने 77.38 % अंक लाकर टॉप किया है। मुंबई की संस्कृति अतुल परोलिया ने 74.88 % अंक लाकर दूसरा और ऋषि मल्होत्रा और टिकेंद्र कुमार सिंघल तीसरे स्थान पर रहे। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### शेड्यूल: 7 जुलाई से होगी नीट पीजी परीक्षा



**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज की तरफ से नीट पीजी एग्जाम के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस बार ये परीक्षा 7 जुलाई को आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार आधिकारिक साइट nbe.edu.in और natboard.edu.in पर जाकर डिटेल्स चेक कर सकते हैं।

### गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से मांगी रिपोर्ट



**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली और इसके बाद बनगांव में तृणमूल नेताओं के ठिकानों पर राशन घोटाले में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमले के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी है। 5 जनवरी को ईडी की टीम राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में टीएमसी नेता के घर पहुंची थी।

चार साल का मासूम बेटा शायद यही पूछता होगा- मेरा क्या कसूर?

# मां, तूने मुझे क्यों 'मार' दिया?



**मेरे पापा से 'नफरत' क्या मेरी जान लेकर खत्म हो सकेगी?**

## सीईओ 'हत्यारन मां' : गोवा के होटल में चार साल के बेटे के साथ आई, बेंगलुरू लौटते वक्त सूटकेस में थी बेटे की लाश

**पति से हो गया था तलाक, कोर्ट ने कहा था-** सप्ताह में एक बार पिता बेटे से मिल सकता है। वह ऐसा नहीं चाहती थी। पिता न मिल सके इसलिए, अपने बेटे को मार डाला।

**100 प्रभावशाली महिलाओं में आरोपी**

ऑनलाइन पेशेवर मंच 'लिंक्डइन' पर सेठ के पेज के अनुसार वह स्टार्ट-अप कंपनी 'माइंडफुल एआई लैब' की सीईओ है और 2021 के लिए 'एआई एथिक्स' में शीर्ष 100 प्रतिभाशाली महिलाओं में से एक रही थी।

एजेंसी ▶▶ पणजी

बेंगलुरू से गोवा घूमने आई एक स्टार्टअप कंपनी 'माइंडफुल एआई लैब' की सीईओ सूचना सेठ (39) ने अपने होटल के रूम में अपने चार साल के बेटे की हत्या कर दी। सूचना पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। उसकी शादी 2010 में हुई थी। पति केरल का रहने वाला है। शादी के बाद 2019 में उनका एक बेटा हुआ। अब तक सब ठीक था।

हालांकि, इसके बाद पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा। बात इतनी बढ़ी की मामला कोर्ट तक जा पहुंचा। इसके बाद दोनों का तलाक हो गया था। बेटे की कस्टडी सूचना को मिली। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि बेटा सप्ताह में एक बार रविवार को अपने पिता से भी मिल सकेगा। यही बात सूचना को पसंद नहीं आई। इस कारण वह परेशान रहने लगी। वह हर वक्त इसी टेंशन में रहती कि उसके बेटे को पिता से मिलने से कैसे रोका जाए। वह किसी भी कीमत पर यह नहीं चाहती थी कि उसका बेटा अपने पिता से मिले। इसलिए उसने एक खतरनाक योजना बनाई।





**बेटे से मां ने कहा- चलो, गोवा घूमने चलते हैं**

सूचना ने अपने बेटे से कहा कि चलो बेटा गोवा घूमने चलते हैं। मासूम अपनी मां की बात सुनकर खुश हो गया। उसे इस बात का अंदाजा नहीं था कि जो मां उसे इतना प्यार करती है, उसे नुकसान भी पहुंचा सकती है। सूचना अपने बेटे को लेकर गोवा पहुंची। सूचना ने वहां कैंडोलिम इलाके में एक होटल बुक किया। वह बेटे के साथ इस होटल में रही। इसके बाद उसने मौका देखकर बेटे की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने बेटे के शव को एक बैग में रखा और कैब से भागने की कोशिश करने लगी। उसने होटल छोड़ने से पहले कमरे को अच्छी तरह साफ किया ताकि किसी को पता न चल सके।

**ऐसे पकड़ी गई 'सूचना'**

***होटल के स्टाफ ने पूछा कि मैम, आपका बेटा कहां है?***

*वह होटल चेक आउट करने लगी। चेक आउट करने के दौरान होटल के स्टाफ ने पूछा कि मैम, आपका बेटा कहां है? इस पर सूचना ने कहा कि उसने बेटे को पहले ही भेज दिया है। आप मेरा चेकआउट कर दीजिए। होटल के स्टाफ को सूचना पर शक हो गया था। इधर कैब आ गई और सूचना अपने सामान के साथ निकल गई। होटल स्टाफ से आरोपी महिला ने कहा कि उसे कुछ काम के लिए बेंगलुरु जाना है। उसने उन्हें टैक्सी की व्यवस्था करने को भी कहा। कर्मचारियों ने महिला से कहा कि वह बेंगलुरु के लिए उड़ान ले सकती हैं क्योंकि टैक्सी से जाना महंगा रहेगा। उसके जाने के बाद होटल का स्टाफ कमरे में पहुंचा तो देखा कि कमरे में खून के कुछ धब्बे थे। होटल के मैनेजर ने फौरन इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कैब ड्राइवर का नंबर निकाला और फोन कर उससे कहा कि जो मैडम तुम्हारी गाड़ी में बैठी हैं, उन्हें पास के पुलिस स्टेशन लेकर आ जाओ। पुलिस ने कहा कि इस बारे में मैडम को बताना मत। इसके बाद ड्राइवर सूचना को लेकर चित्रदुर्ग इलाके के पुलिस स्टेशन पहुंचा। जहां पुलिस ने सूचना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला के बेटे के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि बच्चा अपने एक दोस्त के यहां रह रहा था।*

शिवपुरी, ग्वालियर और दतिया में गिर सकते हैं ओले

## प्रदेश में कम होगा 'कोहरा' कहीं-कहीं पड़ेंगी बौछारें भी

**भोपाल में 3.4 बढ़कर 27.7 डिग्री रहा तापमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मौसम का मिजाज धीरे-धीरे बदल रहा है। अब प्रदेश में कोहरे में कमी आने लगेगी। दो से 3 दिन में कुछ जिलों को छोड़ भोपाल सहित शेष प्रदेश में कोहरा बहुत कम हो जाएगा। बुधवार को लगातार दूसरे दिन ज्यादा जिलों में धूप खिलने और बादलों का असर कम होने से दिन के तापमान में 6 डिग्री तक की बढ़त हो गई, जबकि कुछ जिलों में ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी



**यहां रहा घने कोहरे का असर**

मंगलवार को ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, उज्जैन, छतरपुर सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में अति घना कोहरा रहा। भोपाल, रतलाम, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, हरदा, विदिशा, रायसेन आदि जिलों में मध्यम से घना कोहरा रहा है। यहां दृश्यता 50 से 500 मीटर के बीच रही।

सिगड़ी जलाकर सो रहे थे

## नौगांव के कॉक्स डिस्टलरी के 2 कर्मियों की मौत, 3 बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



जिले के नौगांव के कॉक्स डिस्टलरी में दर्दनाक हादसा सामने आया है, ठंड से राहत पाने के लिए जिले के नौगांव में कॉक्स डिस्टलरी के 5 कर्मचारी कमरे के अंदर सिगड़ी जलाकर सो गए और धुएं के कारण दम घुटने की वजह से 2 कर्मचारियों की मौत हो गई। वहीं, तीन कर्मचारी अभी भी बेहोश हो गए। घटना की सूचना पुलिस और प्रशासन की टीम को मंगलवार सुबह ▶▶ शेष पेज 4 पर

## राम मंदिर में लगा 'पहला' सोने का दरवाजा



**तीन दिन में लगेंगे सोने के 12 और दरवाजे**

**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में हर चीज भव्य है। मंदिर में सोने का पहला दरवाजा लगाया जा चुका है। वहीं, अगले तीन दिनों में यहां सोने के 13 और दरवाजों को लगाया जाना है। गर्भगृह के मुख्य द्वारों की पूजा हो गई है, तो वहीं गर्भगृह के दोनों ओर लगने वाले दरवाजों पर काम जारी है। मंदिर निर्माण स्थल के पास बने कार्यशाला में इन दरवाजों ▶▶ शेष पेज 4 पर

यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके पी. चिदंबरम के बेटे हैं कार्ति

# पीएम मोदी की तारीफ करना कार्ति को पड़ा भारी, कांग्रेस ने 10 दिन में मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करना कार्ति चिदंबरम को भारी पड़ गया है क्योंकि अब कांग्रेस ने उन्हें नोटिस भेजा है और 10 दिनों में अपना दाखिल करने के लिए कहा है। कार्ति चिदंबरम पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके पी. चिदंबरम के बेटे हैं।

कांग्रेस नेता कार्ति ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि राहुल गांधी की तुलना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अधिक लोकप्रिय हैं। यही



बयान चिदंबरम के लिए मुसीबत बन गया है। पीएम मोदी को राहुल गांधी से अधिक लोकप्रिय बताने पर कार्ति को तमिलनाडु कांग्रेस अनुशासन समिति के प्रमुख केआर रामासामी ने कारण बताओ नोटिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कार्ति चिदंबरम को लेकर अटकलें**

कार्ति चिदंबरम के करीबी सूत्रों ने दावा किया है कि किसी सांसद को नोटिस जारी करने का अधिकार केवल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास है। हालांकि, तमिलनाडु कांग्रेस ने ऐसा कदम उठाया है। कारण बताओ नोटिस को लेकर कई तरह की अटकलें भी लगायी जा रही है। नोटिस का उद्देश्य रणनीतिक रूप से तमिलनाडु कांग्रेस प्रमुख के रूप में कार्ति चिदंबरम की संभावित उम्मीदवारी को रोकना हो सकता है।

अयोध्या में टूटेगा सऊदी अरब का 'वर्ल्ड रिकार्ड'... 22 जनवरी से पहले ही

470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स से जगमग होगी अयोध्या, करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया

# तैयार हो रही सबसे बड़ी 'सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट' की लाइन

**परियोजना के तहत 10 .15 किमी के स्ट्रेच में सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। दरअसल, अयोध्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है, उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सऊदी अरब के मलहम का टूटेगा रिकॉर्ड**

गौरतलब हो कि यूपी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा चालित परियोजना के जरिए जिस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की प्रक्रिया के तहत कार्य जारी है वह फिलहाल सऊदी अरब के मलहम के नाम दर्ज है। यहां वर्ष 2021 में 'लॉन्गेस्ट लाइन ऑफ द सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स' के तौर पर गिनीज बुक में रिकॉर्ड कायम किया गया था। मलहम में 9.7 किमी स्ट्रेच में 468 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया गया था, जबकि अब योगी सरकार के विजन अनुसार अयोध्या में 10.2 किमी स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर इस रिकॉर्ड को ध्वस्त किया जाएगा।

***दीपोत्सव पर बना था रिकॉर्ड***

*वर्ष 2023 में दीपावली के वक्त सरयू घाटों पर दीपोत्सव में अवध विश्वविद्यालय के 25000 वॉलेंटियरों ने मिलकर 22.23 लाख दीपक जलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई थी।*

भोपाल
बुधवार, 10 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 10, अंक : 294
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


मौसम
अधि. 26
न्यून. 14


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com


कर्तव्य पथ पर दिखेगा नारी शक्ति का दम

## एक साथ कदम ताल करेगा तीनों सेनाओं का दस्ता



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की परेड में सेना की नारी शक्ति भी कर्तव्य पथ पर अपना दम दिखाने के लिए तैयार है। कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति सबके साथ कदम से कदम मिलाती हुई नजर आएगी। पहली बार तीनों सेनाओं की महिला सैनिकों का साझा दस्ता उतर रहा है। इस दस्ते में 144 महिलाएं शामिल होंगी।












हमारे माननीय...



विधानसभा के द्वार पर लोकसभा स्पीकर बिरला के साथ विधायकों का ग्रुप फोटो।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'प्रबोधन' कार्यक्रम में विधायकों को दिए कई 'मंत्र'

# विधान मंडल में 'नियोजित तरीके' से व्यवधान की परंपरा बंद होनी चाहिए

बिरला ने कहा कि जब प्रश्न लगे तो विधायक के साथ ही साथ मंत्री को भी पूरी तैयारी के साथ आना चाहिए। कानून बनाते समय व्यापक चर्चा होनी चाहिए। प्रतिपक्ष को भी सकारात्मक चर्चा तर्क के साथ करनी चाहिए।



बिरला ने कहा कि यदि सिर्फ विधायक बनना है तो विधानसभा आकर चले जाना, किंतु प्रदेश भर का नेता बनना है तो सदन में तर्कपूर्ण चर्चा करें।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि नियोजित तरीके से विधान मंडल में व्यवधान की परंपरा समाप्त होनी चाहिए। विधानमंडल गंभीर बहस और चर्चा के महत्वपूर्ण मंच हैं, मतभेद होने पर सभा के कामकाज में बाधा नहीं आने देनी चाहिए। उन्होंने विधायकों को कई टिप्स दिए, कहा ⏩ शेष पेज 4 पर

### विधानसभा में रिसर्च यूनिट बनना चाहिए

बिरला ने कहा कि विधानसभा में रिसर्च की यूनिट बनना चाहिए। उन्होंने लोकसभा का जिक्र करते हुए कहा कि कई बार एक्ट बनने के बाद नियम बनने में सालों लग जाते हैं। 14 वीं व 15 वीं लोस में एक्ट बनने के बाद भी रूल्स नहीं बनने से जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने संसद को पेपरलेस बनाने की दिशा में की गई कार्यवाही का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की संसद डिजिटलीकरण में विश्व में अग्रणी है।




विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा

1 यह कार्यक्रम संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राइड, लोकसभा सचिवालय और मप्र विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ

2 प्रबोधन कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी संबोधित किया

### विधायक अपनी बात रखते समय जोश तो दिखाएं, परंतु क्रोध पर नियंत्रण रखें

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा के प्रभावी संचालन से संसदीय परंपरा को समृद्ध बनाने के साथ-साथ लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया है, उन्हें लोकसभा में कई नए आयाम स्थापित करने का गौरव भी प्राप्त है। यह अपेक्षा है कि मप्र विधानसभा के गरिमावान सदस्यों से प्रदेश की विधानसभा की प्रतिष्ठा पूरे देश में ⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा


### *प्रबोधन कार्यक्रम प्रशिक्षण के पहले उस विषय में डूब जाने का भाव*



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रबोधन वास्तव में प्रशिक्षण के पहले उस विषय में डूब जाने व एकाकार करने का भाव है। उन्होंने सभी अतिथियों का अभिवादन और अभिनंदन करते हुए कहा कि विषय में रूचि उत्पन्न करना और विषय से एकाकार कराने का मार्ग प्रशस्त करना ही प्रबोधन का उद्देश्य है। उन्होंने व्याकरणाचार्य महर्षि पाणिनी का उद्धरण देते हुए कहा कि आशा है कि प्रबोधन कार्यक्रम के बाद विधानसभा विधायकों का प्रशिक्षण भी आयोजित करेगी और विधानसभा के विभिन्न दायित्वों संबंधी कार्यप्रणाली से विधायकों को अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि विधायक साथियों को नए एमएलए रेस्ट हाउस की सुविधा* ⏩ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### इंडिगो ने दिया झटका! किराए में की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार की सबसे बड़ी एयरलाइंस कंपनी इंडिगो ने अपने ग्राहकों को बड़ा झटका देते हुए अपनी कुछ चुनिंदा सीटों पर किराया बढ़ाने का फैसला किया है। यात्रियों को आगे की सीट जहां लेगरूम के साथ एक्सएल सीट होती है वहां के लिए ज्यादा किराया देना होगा अब इन सीटों (विंडो सीट) के लिए पैसेंजर को 2000 रुपए तक अधिकतम अतिरिक्त किराया देना होगा।

### घने कोहरे से नदी में गिरी कार, 1 की मौत



**रायसेन।** मंगलवार को रायसेन में घने कोहरे के कारण एक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार पुलिया से टकरा गई और नदी में जा गिरी। हादसे में कार चालक की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना बमोरी पुल के पास हुआ। कार में चालक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति सवार नहीं था। फिलहाल, मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे के बाद कार का एयरबैग खुल गया था। लेकिन अंदर पानी में डूबने की वजह से चालक की मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन से कार को बाहर निकलवाया।

### विधानसभा का बजट सत्र 7 फरवरी से

## 13 दिनी सत्र में 9 बैठकें होंगी, पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**



मध्यप्रदेश की 16 वीं विधानसभा का सत्र 7 फरवरी से शुरू होगा। यह सत्र 19 फरवरी तक चलेगा।

इस 13 दिनी बजट सत्र में कुल 9 बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इस बार के सत्र में चूंकि संपूर्ण बजट पारित नहीं होगा, इसलिए सरकार आंशिक रूप से चार महीने का लेखानुदान पारित कराएगी। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद चर्चा होगी। इसके बाद अन्य शासकीय कार्य भी कराए जाएंगे। इस विधानसभा ⏩ शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रपति एवं पीएम ने शोक व्यक्त किया

## 'आओगे जब तुम ओ साजना' गाने वाले सिंगर राशिद खान अब कभी नहीं लौटेंगे



प्रोस्टेट कैंसर ने ली जान, ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे

**एजेंसी ⏭ मुंबई**

मशहूर सिंगर राशिद खान (55) का निधन हो गया है। वे लंबे समय से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। उनका इलाज कोलकाता के एक अस्पताल में चल रहा था। हालांकि बीते कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी, जिसके बाद उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। खान के निधन से संगीत जगत में शोक की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर शोक संवेदना ⏩ शेष पेज 4 पर









### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित



## अर्जुन अवॉर्ड हासिल करने वाले 58वें क्रिकेटर बने मोहम्मद शमी

शमी के साथ ही 23 अन्य खिलाड़ियों को भी अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी अर्जुन अवॉर्ड हासिल करने वाले 58वें क्रिकेटर बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें खेल के इस बड़े पुरस्कार से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें इस अवॉर्ड से सम्मानित किया। क्रिकेट जगत में सबसे पहली बार यह अवॉर्ड सलीम दुर्रानी को मिला था।

इस अवॉर्ड को पाने वाले आखिरी क्रिकेटर शिखर धवन थे। शिखर को 2021 में यह सम्मान मिला। पिछले साल कोई भी ⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 11 भी

### चिराग और सात्विक की जोड़ी को सबसे बड़ा खेल पुरस्कार



बैडमिंटन की नंबर-1 पुरुष जोड़ी सात्विक और चिराग को खेल रत्न पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने बीते साल एशियन गेम्स में गोल्ड जीता। इन दोनों ने बीते साल एशियन चैंपियनशिप, इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500 और स्विस सुपर 300 के खिताब भी जीते। 5 कोच द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। गणेश प्रभाकरन ⏩ शेष पेज 4 पर

*'संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका विषय पर रखे अपने-अपने विचार'*

## 16वीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ

# लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़कर संवैधानिक दायित्वों और संसदीय परंपराओं का पालन करें: सांसद डॉ. सत्यपाल

कानून का पालन कराने मॉनिटरिंग करना भी विधायिका का काम है | संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से हुआ कार्यक्रम | सीएम बोले- सरकार सभी विधायकों को सुविधाएं देने का प्रयास करेगी | सदन में गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी सदस्यों की: बिरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा की लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति के अध्यक्ष सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि विधायक चुना जाना सम्मान और विश्वास की बात है। सभी नवनिर्वाचित विधायक समृद्ध लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़कर अपने संवैधानिक दायित्वों और संसदीय परंपराओं का पूरी गरिमा के साथ पालन करें। तर्कपूर्ण तरीके से अपनी बात रखें। सिंह मंगलवार को मप्र विधानसभा के मानसरोवर सभागार में सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के तकनीकी सत्र को 'संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित विधायकों को मार्गदर्शन देते हुए सांसद डॉ. सिंह ने कहा कि ज्ञान आधारित आधुनिक समाज में जो पढ़ेगा-लिखेगा, वहीं आगे बढ़ेगा। नियम कानूनों का व्यापक अध्ययन करें और अपना विधिक ज्ञानवर्धन कर जनता के हित की बात पूरी जिम्मेदारी के साथ रखें। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, सहयोगी वक्ता के रूप में राज्यसभा के पूर्व संयुक्त सचिव प्रदीप चतुर्वेदी और मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह सहित श्रोता के रूप में सभी नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित थे।

### नियम-कानून बनाना है

सांसद डॉ. सिंह ने कहा कि विधायिका का मूल काम नियम-कानून बनाना है। कार्यपालिका से इन नियम-कानूनों का पालन कराने के लिए मॉनिटरिंग करना भी विधायिका का ही काम है। विधायक अपनी यह जिम्मेदारी पूरी क्षमता से निभाएं। उन्होंने कहा कि यह नए भारत के निर्माण का कालखण्ड है। मौलिक विचारों और नवाचारों को कार्यरूप में परिणित होते देखने का समय है। नए भारत के निर्माण के लिए हमें दलीय राजनीति से परे एक हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक विधानसभा और इसकी समितियों में अपनी बात रखते समय वाणी और व्यवहार में संयम रखें, अनुशासित रहें।

### तोमर ने बारीकियों की जानकारी दी

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नवनिर्वाचित विधायकों को इन समितियों की आवश्यकता और विषय से जुड़ी सभी बारीकियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। सहयोगी वक्ता के रूप में राज्यसभा के पूर्व संयुक्त सचिव प्रदीप चतुर्वेदी ने विधायकों को संसदीय समितियों के प्रकारों व इनके गठन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा में भी अधिकांश समितियां वहीं है, जो संसद में भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि स्थायी, अस्थायी, प्रवर समितियों के अलावा मंत्रालयीन समितियां भी गठित की जाती हैं। ये समितियां जो अनुशंसाएं करती है, राज्य व केन्द्र सरकार उनका पालन करती हैं।

**नवनिर्वाचित विधायकों को दी विधानसभा कार्रवाई की जानकारी**



### तोमर की ई-विधानसभा की मांग, यादव का समर्थन का आश्वासन

*भोपाल। मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष विधानसभा में ई-विधान व्यवस्था की मांग की, जिस पर डॉ. यादव ने इस दिशा में सरकार के पूरे समर्थन का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। तोमर यहां विधानसभा में मप्र विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी संबोधन हुआ। तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अनुरोध किया कि राज्य विधानसभा में ई-विधान की व्यवस्था हो, इससे जुड़ी परियोजना सरकार के पास विचाराधीन है, जो मंजूर हो जाए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने विधानसभा को आधुनिक संसाधनों के साथ आगे बढ़ाने की जो बात कही है, मैं विश्वास दिलाता हूं कि मप्र सरकार आपकी बात का पूर्ण समर्थन करते हुए हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी।' एमएलए रेस्ट हाउस के प्रस्ताव पर डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी विधायकों को उसकी सुविधा देने का प्रयास करेगी।*

### सदन में सदस्यों का आचरण गरिमापूर्ण होना चाहिए: ओम बिरला

*भोपाल। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि विधान मंडल गरिमा के साथ चलनी चाहिए। सदन में सदस्यों का आचरण गरिमापूर्ण होना चाहिए। सदन की गरिमा के साथ समझौता नहीं होना चाहिए। उनसे यह पूछा कि लोकसभा में 141 सदस्य बाहर कर दिए गए, आखिर में यह कितना उचित है? बिरला ने कहा कि यह सदस्यों के आचरण पर निर्भर करता है। यदि उनका आचरण मर्यादा पूर्ण है, उनके कार्य में शालीनता और अच्छी परपंरा का निर्वहन होता है तो यह स्थिति कभी निर्मित नहीं हो सकती। स्पीकर बिरला ने कहा कि नियोजित तरीके से विधानसभा या लोकसभा नहीं चलने देना अच्छी बात नहीं हो सकती। यह सदन उन सभी का है, ऐसे में सदन में गरिमा बनाने की जिम्मेदारी भी उनकी ही है। उनका हमेशा से प्रयास रहता है कि गरिमा के साथ सदन की कार्यवाही चले। उन्होंने मप्र विधानसभा में रिसर्च सेंटर खोलने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अध्यक्ष तोमर के संसदीय कार्य मंत्री रहते हुए ऑनलाइन कार्यवाही का काम शुरू हुआ था। आज 98 परसेंट तक सवाल जवाब ऑनलाइन आते हैं। राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा में एक समान संसदीय प्रक्रियाएं हो, इसके लिए हम प्रयासरत हैं।*

**संसदीय कार्य मंत्री व नेता प्रतिपक्ष ने किया संबोधित**

## मप्र विधानसभा की पुस्तकों का हुआ विमोचन प्रबोधन कार्यक्रम में अतिथियों का किया स्वागत

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पुस्तकें की भेंट**




**भोपाल।** विधानसभा में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में अतिथियों का मप्र की ओर से भावपूर्ण स्वागत किया गया। मप्र विधानसभा की ओर से प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी अतिथियों ने किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और भारत के संविधान की पुस्तक भेंट की। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह तथा लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विधानसभा सचिवालय ने लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राईड) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विधायकगण, संसदीय शिष्टाचार और आचरण, बजटीय प्रक्रियाएं और संसद, विधानमंडलों में वित्तीय कार्य, संसदीय विशेषाधिकार, प्रश्नकाल, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन, ध्यानाकर्षण, अविलंबनीय लोक महत्व के मामलों की सूचनाओं का महत्व और उपयोग तथा संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे।

*» अतिथियों को स्मृति चिन्ह व संविधान की पुस्तक की गई भेंट*

## जिसे कुछ नहीं आता वह नेता नहीं, जिसे सब कुछ आता है, वह नेता

### » विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम में उप्र के विधानसभा अध्यक्ष महाना ने किया संबोधित

### » महाना बोले- विधायक आम नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करें

उत्तरप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नेताओं के बारे में कहा कि घरों में आमतौर पर जो नेता होता है, उसके बारे में कहा जाता है कि उसे कुछ नहीं आता। पर ऐसा नहीं है, जिसे कुछ नहीं आता वह नेता नहीं है, जिसे सब कुछ आता है, वह नेता होता है। नेता को किसी की आलोचना व प्रसंसा से अलग होना चाहिए।

महाना मंगलवार को यहां विधान सभा में नवनिर्वाचित विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वे 'प्रभावी विधायक कैसे बने, संसदीय शिष्टाचार एवं आचरण' विषय पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक आम नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं की सभी कार्य आप करा पाएं, पर उसे पूरा करने का पूरा प्रयास करें। उन्होंने विधायकों को सलाह दी कि विधानसभा में अध्ययन करके आएं और तर्कपूर्ण बातें करें। नई तकनीक के साथ समन्वय बनाएं। जिन कामों से नियम कानून का उल्लंघन हो तो नहीं कहना भी सीखे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में हैं तो आपका व्यवहार भी अच्छा होना चाहिए।






### गलत काम के प्रचार की जरूरत नहीं होती

महाना ने कहा कि गलत कार्य के प्रचार की जरूरत नहीं होती। यह तो अपने आप प्रचारित हो जाता है। हां अच्छे कार्य के प्रचार की जरूरत जरूर होती है। इसके लिए पूरी तैयारी के साथ प्रचार प्रसार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के साथ सतत सम्पर्क बनाए रखें। इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि विधायक पूरे क्षेत्र के विधायक है, वह पूरे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं सिर्फ कुछ मतदाताओं का नहीं।

**पूर्व सांसद राज्य सभा सुरेश पचौरी बोले-**

## अति महत्व के मुद्दों को संसदीय प्रक्रिया के तहत सदन में उठाएं

### व्यवहार सदन में गरिमापूर्ण होना चाहिए

पूर्व सांसद राज्य सभा सुरेश पचौरी ने कहा कि संसदीय प्रक्रिया का पूरा ज्ञान होने पर हम जनता के अति महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठा सकते हैं। प्रत्येक सदस्य का मर्यादित व्यवहार उसकी पहचान को प्रभावशाली बनाता है। पूर्व सांसद पचौरी मंगलवार भोपाल में विधानसभा में 16वीं विधानसभा के नव-निर्वाचित प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी मौजूद थे। पूर्व सांसद पचौरी ने कहा कि निर्वाचित सदस्य पर आम जनता की उम्मीदे रहती हैं। इसके लिए सदस्यों का व्यवहार सदन में गरिमापूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का विश्वास हासिल कर सदस्य अधिक से अधिक जनहित के मुद्दे सदन में रख सकते हैं।



### अविलंब लोक महत्व की दी जानकारी

उन्होंने कहा कि सदन में अपनी छवि को प्रभावशाली बनाने के लिए विषय पर गहन अध्ययन होना जरूरी है। उन्होंने सदस्यों को स्थगन, ध्यानाकर्षण और अविलम्ब लोक महत्व की सूचना के महत्व पर जानकारी दी। पूर्व सांसद पचौरी ने कहा कि मप्र विधानसभा संदर्भ और लायब्रेरी के मामले में देश में विशिष्ट पहचान रखती है। उन्होंने नए सदस्यों को पुरानी विधानसभा की कार्यवाहियों का भी अवलोकन निरंतर करते रहने की बात कही। पचौरी ने उम्मीद जाहिर की कि विधानसभा अध्यक्ष तोमर के कार्यकाल में मध्यप्रदेश विधानसभा अपनी संसदीय प्रणाली के क्षेत्र में उच्च मापदण्ड स्थापित करेगी।

**उद्योगपतियों ने प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दी**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया

सरकार रोजगार और उद्योगों के विकास के लिए प्रयास कर रही है | रायसेन में पांच स्पिनिंग इकाइयों का संचालन किया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को कई उद्योगपतियों ने मुलाकात कर प्रदेश में निवेश व उद्योग लगाने में आ रही दिक्कतों तथा सहूलियतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जाएंगे। उद्योगपतियों को उद्योगों की इकाई लगाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। राज्य सरकार रोजगार और उद्योगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में उद्योगपतियों से चर्चा कर रहे थे। उनसे फोर्स मोटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष अभय फिरोदिया, पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सुधीर मेहता, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निर्देशक आरएस जोशी एवं सागर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री को उद्योगपतियों ने अपने उद्योगों की जानकारी दी।

### उद्योगपतियों ने कुछ इस तरह दी जानकारी

फोर्स मोटर्स लिमिटेड के अध्यक्ष अभय फिरोदिया ने बताया कि फोर्स मोटर्स लिमिटेड राज्य में 1987 से पीथमपुर में कार्यरत है। यह प्रदेश में 4515 करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी है एवं 2200 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. सुधीर मेहता ने बताया कि यह कंपनी राज्य के पीथमपुर में 1996 से कार्यरत है। प्रदेश में 175 करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी है एवं एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। राज्य शासन की ओर से पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को उनकी नवीन परियोजना के लिए पीथमपुर में भूमि आवंटित की गई है। डॉ. मेहता ने एका मोबिलिटी कंपनी की भी जानकारी दी। इस कंपनी को पीथमपुर में संयंत्र स्थापित करने के लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आरएस जोशी ने जानकारी दी कि कंपनी ने नीमच जिले में कैप्टिव पावर प्लांट के साथ 3 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता का सीमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए 3 हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।



### भविष्य की योजनाओं के बारे में भी उद्योगपतियों ने दी जानकारी

*सागर ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने बताया कि नर्मदा पुरम रोड के निकट अत्यधिक सुविधाओं से सुसज्जित सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की गई है। वर्तमान में रायसेन जिले में पांच स्पिनिंग इकाइयों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 500 करोड़ रुपए का निवेश किया जा चुका है और 2 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।*



हितग्राहियों को लाभ दिलाने में प्रथम स्थान लाएं

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

### सीएम डॉ. यादव ने वीसी के माध्यम से हितग्राहियों से किया संवाद

### ग्वालियर और सागर जिले के हितग्राहियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली यात्रा है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने वाली यात्रा से विकास का कारवां लगातार बढ़ता रहेगा। आगामी 26 जनवरी तक समाज को केंद्र की लोकहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात मंत्रालय में वीसी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला ग्वालियर और सागर के हितग्राहियों से संवाद के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र 50 दिनों की अल्प अवधि में यात्रा के दौरान 10 करोड़ से अधिक लोगो को शासन की योजनाओं का लाभ मिला है।



**भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने सभी तरह के प्रयास हो**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा के संचालन में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान जनता में लगातार उत्साह बनाए रखें और उन्हें केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सतत रूप से दे। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहें, इसका विशेष ध्यान रखें।*

### हितग्राही बोले- हमें कई योजनाओं का मिला लाभ

मुख्यमंत्री ने ग्वालियर की रमा यादव और तोड़ा बाई एवं सागर के कल्याण प्रजापति और सीता प्रजापति से संवाद किया। हितग्राहियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत और पीएम किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हे मिला है। हितग्राहियों से कुशलक्षेम पूछ कर उन्हें सफल और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं सीएम ने दी।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 जनवरी 2024



7 मानस भवन में नारी शक्ति सम्मान के साथ...





8 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित...






- पहले दिन ही निजी स्कूलों ने आदेश का पालन नहीं किया
- वाट्सएप पर आदेश वायरल निजी स्कूल बने रहे अंजान

हरिभूमि लाइव







कड़ाके की ठंड में छोटे बच्चों को लेकर बसों का इंतजार करते रहे पेरेंट्स



## सुबह 10 बजे से स्कूल खोलने के आदेश पर निजी स्कूलों की मनमानी भारी

# हाड़ कंपा देने वाली ठंड में बच्चों को लेने सुबह 7 बजे से दौड़ती रही बसें, सर्द हवाओं से ठिठुरते रहे मासूम



1. घने कोहरे के बीच सड़कों पर दौड़ी नजर आई प्राइवेट स्कूलों की बसें
2. कई बसों में न ब्रेक लाइट थी और न वार्निंग रिफ्लेक्टर रेडियम, दुर्घटना का अंदेशा बड़ा
3. पेरेंट्स ने कहा- समय बदलने के बारे में स्कूलों ने कोई जानकारी नहीं दी

### डीईओ बोले- आदेश रात में आया, ऐसे में कई स्कूलों के बच्चों के पास सूचना नहीं पहुंच पाई

मामले को लेकर जब जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी से संपर्क किया तो कई घंटों बाद बात हो सकी। स्कूलों की मनमानी के सवाल पर जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने कहा कि वैसे तो यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, लेकिन आदेश सोमवार को रात में आया है, ऐसे में स्कूल बच्चों को सूचना नहीं दे सके। ऐसे में बुधवार से सभी स्कूलों को इस आदेश को लागू करना ही होगा।

दीपेश कौरव ▶▶ भोपाल

प्रदेश में हाड़ कंपा देने वाली ठंड का अहसास हो रहा है। ऐसे में स्कूली बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी और सरकारी स्कूलों को सुबह 10 बजे से खोलने के आदेश दिए हैं, लेकिन आदेश पर निजी स्कूलों की मनमानी भारी पड़ रही है। पहले दिन ही मंगलवार को निजी स्कूलों ने इसका पालन नहीं किया। सुबह 7 बजे से घने कोहरे के बीच स्कूली बसें सड़कों पर दौड़ी नजर आई। इसमें कुछ बसें ऐसी भी थी, जिनमें न ब्रेक लाइट थी और न ही वार्निंग रिफ्लेक्टर रेडियम लगाए गए हैं। कुछ कंडम स्कूल बसें भी दौड़ती रही। इस दौरान वह टीमें गायब मिली, जो किसी घटना के बाद आनन-फानन में सड़कों पर जांच करती नजर आती हैं।

मामले में पेरेंट्स ने कहा कि उन्हें समय बदलने के संबंध में स्कूलों की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई, जबकि इसका आदेश सोमवार रात से वाटसएप पर वायरल हो रहा था। निजी स्कूलों से पूछा तो बताया कि ऐसा कोई फिलहाल आदेश नहीं मिला है। स्कूलों द्वारा सुबह पूर्व से निर्धारित समय पर बसें भेजी गई। ऐसे में मजबूर होकर कड़ाके की ठंड में अपने बच्चों को भेजना पड़ रहा है।

### यह रही अलग-अलग क्षेत्रों में स्थिति


- कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित स्प्रिंगवैली के सामने सुबह 7 :56 बजे एसपीएस स्कूल की बस पहुंच गई थी, जिसमें पहले से भी बच्चे मौजूद थे।
- बागमुगलिया क्षेत्र में बिना बिना ब्रेक लाइट और वार्निंग रिफ्लेक्टर रेडियम के बस सुबह 8 बजे तेज रफ्तार में जा रही थी।
- कोलार क्षेत्र में सेज इंटरनेशनल स्कूल की बस सुबह 7 :50 बजे पहुंच गई थी, जिसमें पहले भी बच्चे मौजूद थे।



कटारा हिल्स में सुबह 7 :50 बजे स्कूल बसें बच्चों को लेने के लिए पहुंची, जिन पर एलएनसीट, लिखा हुआ था।

*राजधानी के दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार वेली, कैम्पियन स्कूल, नारायणा स्कूल, आर्चिड इंटरनेशनल स्कूल, आईपीएस, सेंट जोसेफ को-एड स्कूल जैसे अधिकांश स्कूल अपने पुराने समय के अनुसार ही संचालित हुए और बसें भी सुबह बच्चों को लेने के लिए पहुंची।*

#### बच्चों को भेजना मजबूरी



मैं बच्चे को छोड़ने के लिए आया था। इस प्रकार के किसी आदेश की जानकारी हमारे पास नहीं है। न ही स्कूल प्रबंधन द्वारा फिलहाल हमें कोई सूचना दी गई है। परीक्षाएं नजदीक हैं, ऐसे में बच्चों को भेजना मजबूरी है।

**संतोष परमार**, अभिभावक


#### कोई मैसेज नहीं आया



हमें स्कूल की तरफ से कोई मैसेज नहीं आया है। ऐसा कोई आदेश आता है तो सूचना मिलनी चाहिए। बच्चों की पढ़ाई का नुकसान न हो इसलिए ऐसी भीषण ठंड में उन्हें स्कूल भेजना पड़ रहा है। समय बदलना चाहिए।

**कमल पाटीदार**, अभिभावक

#### बच्चों की चिंता रहती है



स्कूलों का समय बदला गया है, ऐसी कोई सूचना फिलहाल स्कूल से नहीं आई है। स्कूल की बस अपने पहले से निर्धारित समय पर आई है। ठंड तो लगातार बढ़ रही है, ऐसे में बच्चों की चिंता भी रहती है, लेकिन हम क्या कर सकते हैं।

**विक्रम मेहरा**, अभिभावक

#### बच्चों को सर्दी-जुकाम हो रहा



सुबह भीषण ठंड के साथ घना कोहरा था, लेकिन स्कूल द्वारा सुबह 7:40 पर बस भेजी गई। बच्चों को सर्दी-जुकाम हो रहा है। विभाग का आदेश तो रात को ही वाटसएप पर चल रहा था, लेकिन स्कूल से कोई मैसेज नहीं आया।

**अमिता कौरव**, अभिभावक

## कलियासोत और केरवा अतिक्रमण के मामले में सुनवाई, आगे बढ़ी तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में केरवा, कलियासोत के ग्रीन बेल्ट एरिया में किए गए अतिक्रमण के मामले में सुनवाई हुई। एनजीटी बेंच के समक्ष अमिक्रमण को लेकर जवाब प्रस्तुत किया जाना था, लेकिन प्रतिवादी संख्या के लिए अधिवक्ता ने बेंच को बताया कि उचित फोरम/प्राधिकरण के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है। इस मामले में सरकारी वकील ने जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा है। बेंच ने सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित कर दी है। इस मामले में अगली सुनवाई 15 फरवरी 2024 को होगी।

## इंटेलिजेंस में कटियार की जगह प्रसाद के हाथ में कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने सबसे अहम सरकार की कड़ी माने जाने वाले इंटेलिजेंस विभाग में आदर्श कटियार की जगह भोपाल में आईजी के तौर पर पदस्थ रहे एडीजी जयदीप प्रसाद को कमान सौंपी है।

आदर्श कटियार को दूरसंचार विभाग में एडीजी के तौर पर पदस्थ किया गया है।

### विदिशा एडिशनल एसपी समीर पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा के पद पर पदस्थ



आदर्श कटियार



समीर कुमार यादव

**समीर अब पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा**
अजय पांडे की जगह समीर कुमार यादव को पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा के पद पर पदस्थ करने का आदेश गृह विभाग ने जारी कर दिया है। समीर यादव भोपाल में कई अहम पदों पर पदस्थ रहे हैं।

## ड्रोन से पहुंच जाएगी अस्पताल में दवाएं

**भोपाल।** अब ड्रोन की मदद से दो से तीन सौ किमी तक अस्पताल में दवाएं पहुंच जाएगी। भारत सरकार ने पायलट प्रोजेक्टर के तौर पर एम्स भोपाल को इसमें शामिल किया है। एम्स ड्रोन से दवा पहुंचाने की शुरुआत करेगा। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की सहमति मिल गई है।


आयुर्वेद ही आयुष्मान | रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

**प्र. मेरा शारीरिक विकास औसत ही है, जिससे बहुत ग्लानि महसूस होती है। -चिंतन, जबलपुर.**
उ. शारीरिक विकास वंशानुक्रम पर निर्भर करता है। आप चाहें तो पाचन क्रिया ठीक कर ग्रंथियों को सक्रिय करने हेतु रतन का 'हाईटॉप' सिरप नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। खिंचाव वाले व्यायाम व योगा करें।

**प्र. शौच के समय गुदा-द्वार की नसें फूलने से मुझे बहुत दर्द होता है। क्या बताएं। -के.गुप्ता, मंडला**
उ. आहार-विहार की अनियमितता कब्ज बने रहना या मद्यपान करना आदि कारणों से भी यह समस्या हो सकती है। आप रतन्स 'पाईल्नील' कैप्सूल २-२, दिन में दो बार पानी से नियमित सेवन कर सकते हैं।

**प्र. मेरा पुत्र रात को नींद में बिस्तर गीला कर देता है व जागने पर शर्मिन्दा होता है। उसकी समस्या का उपाय बताएं। -हेमा, इन्दौर.**
उ. बौद्धिक-अपरिपक्वता या आत्म विश्वास की कमी भी इस समस्या का कारण हो सकती है। उन्हें रतन्स 'बेडवेट' सिरप दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाएं।

**प्र. मैं विवाहित हूं एवं शरीर के आकर्षक नहीं होने से परेशान हूं, क्या करूं? -एक पाठिका, म.प्र.**
उ. अपनी समस्या हेतु आप रतन्स 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल १-१-१ दिन में तीन बार ३ माह तक सेवन कर सकते हैं। बेहतर परिणामों के लिए 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल का भी उपयोग कर सकते हैं।

**प्र. मुझे हकलाहट की समस्या है। शब्दों का उच्चारण रुक-रुक कर होता है। -एम. रघुवंशी, रीवा.**
उ. समस्या के लिए आप रतन का 'वॉईस' सिरप २-२ चम्मच सुबह-शाम नियमित सेवन कर सकते हैं। साथ ही रोज कुछ समय आईने के सामने खड़े होकर खुद से बातें करें।






### पीड़ित महिला ने जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

# प्रेग्नेंट होने पर वन स्टॉप सेंटर की नौकरी से डेस्क वर्कर को निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के जयप्रकाश चिकित्सालय में स्थित वन स्टॉप सेंटर सखी में काम करने वाली महिला डेस्क वर्कर को नौकरी से सिर्फ इसलिए निकाल दिया, क्योंकि वह प्रेग्नेंट हो गई थी। महिला ने जब मातृत्व अवकाश लेने की बात कही तो उसे बाहर कर दिया।

पीड़ित महिला मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में फरियाद लेकर पहुंची। यहां एडीएम हरेंद्र नारायण ने वन स्टॉप सेंटर के संचालक को जांच के निर्देश दिए हैं। नवागत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पहली बार लोगों की समस्याएं सुनकर अफसरों को निर्देश दिए।

*एडीएम नारायण ने मामले की जांच वन स्टॉफ सेंटर को सौंपी*

**खास बातें**

- जयप्रकाश चिकित्सालय में स्थित वन स्टॉप सेंटर सखी में काम करती थी महिला
- कलेक्टर ने लोगों की सुनी समस्याएं





**व्यापारी ने हड़पी लोन की राशि**

रश्मि राजपूत निवासी सृष्टि अपार्टमेंट विजय नगर लालघाटी ने शिकायत दर्ज कराई है कि मैंने बंक ऑफ इंडिया की बैरागढ़ शाखा से कारोबार के लिए 1 लाख 90 हजार का लोन मंजूर किया था। जिसके कोटेशन में किशोर कुमार शिव क्लॉथ स्टोर्स बैरागढ़ का लगाया था। बैंक ने मुझे सूचना दिए बिना ही दुकान मालिक के बैंक अकाउंट में 47 हजार 500 रुपए, मेरे लोन खाते से पांच हजार इस तरह कुल 50 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। अब दुकानदार न तो सामान दे रहा है और न ही पैसे वापस कर रहा है।

रातीबड़ निवासी रानी गढ़वाल पत्नी सोनू सूर्यवंशी ने बताया कि वह पिछले 9 साल से जेपी अस्पताल स्थित वन स्टॉप सेंटर सखी में डेस्क वर्कर के रूप में काम कर रही थी। यह सेंटर एनजीओ द्वारा चलाया जाता है। मई 2023 में प्रेग्नेंट होने पर स्टाफ में साथ काम करने वाली शिवानी सनी और सौम्या सक्सेना का व्यवहार बदल गया। मैनें मातृत्व अवकाश मांगा तो मुझे नौकरी से निकाल दिया गया।

एडीएम हरेंद्र नारायण ने मामले की जांच वन स्टॉफ सेंटर को ही सौंपी है। नवागत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह कलेक्टर ने बीमार नवजीवन कॉलोनी निवासी पूजा मालवीय को इलाज के लिए तुरंत आयुष्मान कार्ड बनाने और राशन पर्ची दिलाने की बात कही।

**कलेक्टर ने कहा-अच्छा व्यवहार करें अफसर**

नए कलेक्टर कौशलेंद्र ने जनसुनवाई के बाद जिले के अफसरों की बैठक भी ली। उन्होंने अफसरों को समझाइश दी कि वे समस्याएं लेकर आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार करें। कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि दफ्तर में आने वाले सभी आवेदकों के आवेदन पर जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई तय सीमा में करें।

## ‘मेरा नाम जोकर’ मे टॉप एक्ट्रेस को किया था कास्ट

# राज कपूर ने किया था मुमताज को बाहर

**मुंबई।** राज कपूर की ‘मेरा नाम जोकर’ साल 1970 में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफलता हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस फिल्म ने दर्शकों के मन में अपनी खास जगह बनाई। इस फिल्म में कई एक्ट्रेसेस एक साथ नजर आई थीं। जिन्होंने बारी-बारी के राज कपूर के साथ अपने किरदारों को बेहद ही दमदार अंदाज में दर्शकों के सामने पेश किया, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस फिल्म में उस दौर की टॉप एक्ट्रेस मुमताज को भी कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में उनको फिल्म से बाहर कर दिया गया था। इसके पीछे की वजह शम्मी कपूर बने थे। हाल ही में अपने एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने इस किस्से का जिक्र करते हुए बताया।

### काफी समय तक एक-दूसरे को किया था डेट

यहीं वजह थी राज कपूर ने उन्हें अपनी इस फिल्म से बाहर कर दिया और उनकी जगह फिल्म में मारीना का किरदार एक



रूसी एक्ट्रेस केंसिया रयाबिंकीना ने निभाया था। इससे पहले एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में मुमताज ने बताया था कि उनका शम्मी कपूर के साथ कुछ समय तक रोमांस रहा था, लेकिन ये तब खत्म हो गया जब एक्ट्रेस ने एक स्टार से शादी करने से इनकार कर दिया उनके मुताबिक, वे शम्मी कपूर से बहुत प्यार करती थीं, लेकिन शादी नहीं कर सकती थीं। बता दें, शम्मी कपूर मुमताज से 18 साल बड़े थे।


## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

पूर्ण मूल्य आधार पर विक्रय

**शाला भूखण्ड एवं व्यावसायिक भूखण्ड क्रय करने का सुनहरा अवसर**

ई-ऑफर 29.01.2024 (रात्रि 23:59 बजे तक) आमंत्रित

**ई-ऑफर www.mphousing.in/www.mponline.gov.in के माध्यम से आमंत्रित**

| कॉलोनी का नाम | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग.मी.) | भूखण्ड का उपयोग | निर्धारित न्यूनतम मूल्य (रू. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| अयोध्या नगर जी-सेक्टर भोपाल | 4298.70 | शैक्षणिक | 351.00 लाख | 52.65 लाख | 2360/- |
| नर्सरी शाला भूखण्ड लहारपुर बागमुगालिया एक्सटेंशन | 606.75 | शैक्षणिक | 36.66 लाख | 7.33 लाख | 1770/- |
| व्यावसायिक भूखण्ड अयोध्या नगर भोपाल | | | | | |
| भूखण्ड के-सेक्टर (एच.आई.जी. 20 के पास) | 1848.00 | व्यावसायिक | 612.36 लाख | 91.86 लाख | 5900/- |
| भूखण्ड एम-सेक्टर (सरस्वती स्कूल के पास) | 2352.00 | व्यावसायिक | 779.29 लाख | 116.90 लाख | 5900/- |

**नोट :** (1) ऑफर स्वीकृत होने पर रु. 50.00 लाख या उससे अधिक की अपसेट मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 आसान किस्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मण्डल नियमानुसार धरोहर राशि की 50 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी। ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/संपत्ति का अवलोकन कर लें। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित लीजरेन्ट एवं अन्य कर/शुल्क पृथक से देय होंगे। (2) आवेदन फार्म का मूल्य एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS से जमा होगी। (3) रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID जमा होगी। (4) मण्डल/शासन के नियम/शर्त लागू। (5) आवेदन धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 29.01.2024 रात्रि 11.59 बजे तक। (6) ऑफर डालने की अंतिम तिथि 30.01.2024 सायं 5.00 तक। (7) ऑफर दिनांक 31.01.2024 को सायं 3.00 बजे खोले जावेंगे। (8) योजना की विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.mphousing.in** पर उपलब्ध।

**सम्पर्क : एम.पी. खरे (सहायक यंत्री) मो. 9827290842, श्रीमती राजकुमारी मालयान (संपदा प्रबंधक) मो. 9826853657, आर.एस. यादव (सहायक संपदा प्रबंधक) मो. 9993829251, MPOnline Help Line 0755-6720200**

**(एल.के. बाटले)**
**संपदा अधिकारी, प्रक्षेत्र-2, भोपाल, मो. 9406912025**

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in
म.प्र. माध्यम/113200/2024


## जैकेट का शेष

### लगाया गले, हाथ पकड़कर ...

अल नाहयान वाइब्रेंट गुजरात समिट में निवेश के कई समझौते पर हस्ताक्षर किए। बुधवार को उनके साथ वाणिज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल ज़ायौदी और व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी वाइब्रेंट गुजरात समिट में शामिल होगा। समिट का बुधवार को पीएम मोदी उद्घाटन करेंगे।

ऐसा नहीं है कि सिर्फ पीएम नरेंद्र मोदी यूएई प्रेसिडेंट के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पहुंचे। 2022 में पीएम मोदी यूएई की यात्रा पर गए थे, तब राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए अबू धाबी एयरपोर्ट पर उनकी आगवानी की थी। पीएम मोदी अपने कार्यकाल में छह बार यूएई जा चुके हैं। संयुक्त अरब अमीरात पीएम नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ ज़ायद से सम्मानित कर चुका है। पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को अहमदाबाद में उतरते ही गले लगाया और फिर रेड कारपेट पर एक दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़े। पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रुपए और दिरहम में कारोबार करने का ऐलान किया था। इसके अलावा आबूधाबी में आईआईटी बनाने पर भी सहमति बनी थी। यूएई गुजरात के न्यू एनर्जी में 2 बिलियन डॉलर का भी निवेश करेगा। यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं। एयरपोर्ट पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे।

### मोदी ने कहा था- भारत ...

यह भी कहा था कि जिस तरह से हमारे देशों के बीच संबंधों का विस्तार हुआ है, उसमें आपका बहुत बड़ा योगदान है। भारत का हर व्यक्ति आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है। शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान पहली बार भारत यात्रा पर 2017 में आए थे। तब वह संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस थे और भारत सरकार ने उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह के चीफ गेस्ट के तौर पर न्योता दिया था। इसके बाद से ही यूएई और भारत के रिश्तों में गर्मजोशी बढ़ गई।
**अभी 85 अरब डॉलर का होता है कारोबार, अब 100 अरब डॉलर की उम्मीद:** भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय व्यापार के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की संभावना है। भारत यूएई से क्रूड ऑयल आयात करता है। यूएई पिछले फाइनेंशियल ईयर में भारत में तेल निर्यात करने वाला तीसरा बड़ा देश रहा। भारत के तेल आयात में यूएई की हिस्सेदारी 10 फीसदी है। तेल के अलावा दोनों देशों के बीच 85 अरब डॉलर का कारोबार होता है। अब दोनों देश इस कारोबार को 100 अरब डॉलर करने की ओर बढ़ रहे हैं।
**आज कई वैश्विक हस्तियों से होगी मुलाकात:** प्रधानमंत्री मोदी का बुधवार को गांधीनगर में महात्मा मंदिर कंवेंशन सेंटर में शिखर सम्मेलन के 10वें सत्र का उद्घाटन करने का कार्यक्रम है। गुजरात की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी विश्व के नेताओं, शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। शिखर सम्मेलन का 10वां संस्करण 10 से 12 जनवरी तक गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन के लिए 34 साझेदार देश और 16 साझेदार संगठन हैं।

### प्रदेश में कम होगा...

घने कोहरे और बादल, बौछारों से लगभग इतनी ही गिरावट भी रही। इस बीच प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की गिरावट रही है। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार तक प्रदेश के ज्यादातरी जिलों में रात के तापमान में दो से 3 डिग्री तक की गिरावट होगी। वहीं, चंबल संभाग के कुछ जिलों में शिवपुरी, ग्वालियर और दतिया आदि शहरों में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इन जिलों में घना कोहरा भी रहेगा। मंगलवार को नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा दिन का पारा चढ़ा। यहां 6 डिग्री बढ़कर अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री रहा। भोपाल में भी 3.4 बढ़कर 27.7 डिग्री रहा, जबलपुर 5.5, सागर 5.3, दमोह 4, खंडवा, धार आदि जिलों में दिन का पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा है। इन जिलों में औसत दिन का पारा 27 डिग्री रहा। सबसे गर्म दिन खंडवा में 30.5 डिग्री रहा है। इसके अलावा ग्वालियर में सबसे ज्यादा कमी आई। यहां दिन का पारा 6 डिग्री गिरकर 14.2 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे कम दिन का पारा रहा। इसके अलावा टीकमगढ़ में 4 और सागर, सतना और गुना आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट रही है।

### नौगांव के कॉक्स...

10:30 बजे लगी। मौके पर पहुंची टीम ने दरवाजा तोड़कर कर्मचारियों को निकाला गया और तत्काल ही इलाज शुरू कराया गया। बता दें कि नौगांव की कॉक्स डिस्टिलरी में शराब बनती है और यह सभी कर्मचारी बिहार के रहने वाले हैं। पवन कुमार और प्रकाश कुमार नाम के दो कर्मचारियों की दम घुटने की वजह से मौत हो गई। वहीं, धीरज कुमार, नितेश कुमार, बृजेश कुमार बेहोश हैं, जिनका इलाज हॉस्पिटल में जारी है। जांच कर रही टीम का कहना है कि प्राथमिक जांच के उपरांत यह पाया गया कि दम घुटने की वजह से इन लोगों की मौत हुई है। नौगांव एसडीओपी चचलेश मरकाम का कहना है कि अब जांच के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी। इसके अलावा बेहोश कर्मचारी जब होश में आएंगे, तो उनसे भी घटना को लेकर बारीकी से पूछताछ की जाएगी।

### 3 दिन में लगेंगे...

को देखा जा सकता है। दरवाजों पर हाथी, कमल दल, झरोखे जैसे डिजाइन इसको भव्यता प्रदान कर रहे हैं। हैदराबाद की 100 साल पुरानी कंपनी अनुराधा टिंबर राम मंदिर के लकड़ी के दरवाजों को तैयार कर रही है। मगर, खास बात ये है कि ये दरवाजे अयोध्या में अस्थाई वर्कशॉप में बनाकर तैयार किए जा रहे हैं। दरवाजों पर नागर शैली के निर्माण की झलक साफ दिख रही है। मंदिर के दरवाजे पर सोने की परत चढ़ी होगी।

### पीएम मोदी की तारीफ...

भेजा है और उनसे 10 दिन में जवाब देने को कहा गया है। अपने इंटरव्यू में उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर भी भरोसा जताया था। यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर कांग्रेस का चुनाव आयोग के साथ विवाद चल रहा है। कांग्रेस ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर चिंता का हवाला देते हुए इसके इस्तेमाल का सक्रिय रूप से विरोध करती रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने हाल ही में इस मुद्दे को उठाते हुए चुनाव आयोग को फिर से पत्र लिखा है।

### तैयार हो रही सबसे...

उल्लेख होने वाला है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जल्द ही ‘दुनिया की सबसे बड़ी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन’ परियोजना को पूर्ण करके वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है। इस परियोजना के तहत 10.15 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है। फिलहाल, करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है और 22 जनवरी से पहले ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर लिया जाएगा।

यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी (अयोध्या) प्रवीण नाथ पांडेय ने बताया कि लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स को इम्पैनल्ड करके रोलआउट कर दिया गया है। जबकि गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के स्ट्रेच में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य जारी है। यह सभी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटें एलईडी बेस्ड हैं जो कि 4.4 वॉट पावर पर कार्य करती हैं तथा स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त हैं। इनके इंस्टॉलेशन के जरिए लक्ष्मण घाट से लेकर निर्मली कुंड तक 10.2 किमी का स्ट्रेच दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगा।

## पेज एक का शेष

### ‘नियोजित तरीके’...

कि यदि सिर्फ विधायक बनना है तो विधानसभा आकर चले जाना, किंतु प्रदेश भर का नेता बनना है तो सदन में तर्कपूर्ण चर्चा करें। स्पीकर बिरला आज मंगलवार को विधानसभा परिसर में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राइड, लोकसभा सचिवालय और मप्र विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। प्रबोधन कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी संबोधित किया। स्पीकर बिरला ने सदन के निरंतर गिरते स्तर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सदन की गरिमा गिरती जा रही है, इस पर विचार की जरूरत है। यहां सभी नेता बैठे हैं, इस बात की चिंता करें कि सदन में गरिमा व शालीनता बनी रहे। उन्होंने विधायकों से कहा कि नैतिक रूप से कार्य करके व्यापक बदलाव ला सकते हैं। संक्षिप्त प्रश्न पूछने से मंत्री का जवाब देना कठिन हो जाता है। इसलिए जब प्रश्न लगे तो विधायक के साथ ही साथ मंत्री को भी पूरी तैयारी के साथ आना चाहिए। कानून बनाते समय व्यापक चर्चा होनी चाहिए। प्रतिपक्ष को भी सकारात्मक चर्चा तर्क के साथ करनी चाहिए।

### विधायक अपनी...

बढ़ेगी। विधायकों के लिए आवश्यक है कि अपनी बात रखते समय उनका जोश तो दिखे, परंतु क्रोध पूरी तरह से नियंत्रण में हो। अध्यक्ष तोमर ने कहा कि प्रबोधन और प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम विधायकगण को विधानसभा की नियमावली, परंपराओं, प्रचलित व्यवस्थाओं से परिचित कराने में प्रभावी सिद्ध होगा और यह कार्यक्रम विधायकों को पूरे कार्यकाल की लिए उपयोगी सिद्ध होगा। दायित्वों का निर्वहन करने और उत्कृष्ट जनप्रतिनिधि बनने में प्रशिक्षण का बहुत अधिक महत्व है। उन्होंने विधायकगण को अपनी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विषयों के साथ-साथ क्षेत्र और प्रदेश के संपूर्ण विकास से जुड़े मुद्दों को व्यापकता के परिप्रेक्ष्य में देखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। तोमर ने मप्र विधानसभा के लिए ई-विधान प्रोजेक्ट स्वीकृत करने तथा विधायकों के आवास की व्यवस्था के लिए नया प्रोजेक्ट लेने का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अनुरोध किया।

### प्रबोधन कार्यक्रम...

*उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी राज्य सरकार विचार करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मप्र विधानसभा को आधुनिक संसाधनों के साथ आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग और समर्थन प्रदान करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद भवन पर शीश झुकाकर लोकतंत्र के मंदिर के प्रति सम्मान प्रकट करने का जिक्र करते हुए कहा कि वह अनुकरणीय और अभिनंदनीय है। सांसद और विधायकगण अपने क्षेत्र की बड़ी जनसंख्या की आशाओं-अपेक्षाओं के साथ विधायिका में आते हैं। यहां विधानसभा के दायित्व के साथ-साथ अपने क्षेत्र और प्रदेश की बेहतरी की जिम्मेदारी भी हम पर होती है। इस प्रकार विधानसभा में आने वाले सभी सदस्य देश और लोकतांत्रिक व्यवस्था को समृद्ध करने की भावना के साथ यहां आते हैं। विधानसभा का हर सत्र कुछ न कुछ नया सीखने और जीवन को नया आयाम देने का कार्य करता है। यह प्रबोधन सत्र सभी विधायकगण के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा, ऐसी मेरी कामना है।*

### 13 दिनी सत्र में...

का यह दूसरा सत्र होगा। 13 दिनी सत्र में 10, 11 तथा 17 व 18 फरवरी को शनिवार व रविवार का अवकाश रहेगा। विधानसभा की सभी बैठकें सुबह 11 बजे से शुरू होंगी। सत्र के दौरान कई शासकीय व अशासकीय कार्य निबटाए जाएंगे। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा 12 एवं 13 फरवरी को नियत की गई है। सत्र के दौरान स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267-क के अधीन सूचनाएं व कैबिनेट के अविश्वास की सूचनाओं पर विचार होगा। सत्र के दौरान सुरक्षा के खासतौर पर इंतजाम किए गए हैं। बगैर प्रवेश पत्र के किसी को भी विधानसभा के भीतर प्रवेश की इजाजत नहीं होगी।

### ‘आओगे जब तुम...

व्यक्त की है। सिंगर राशिद खान ने इंडस्ट्री में कई हिट गाने दिए हैं। सिंगर के टॉप गानों की बात करें तो वह इंडस्ट्री में ‘तोरे बिना मोहे चैन’ नहीं जैसा सुपरहिट गाना गाया था। वहीं वह शाहरुख खान की फिल्म माई नेम इज खान में भी गाना गा चुके हैं। वह ‘राज 3’, ‘कादंबरी’, ‘शादी में जरूर आना’, ‘मंटो’ से लेकर ‘मीटिन मास’ जैसी फिल्मों में गाने गा चुके हैं। वहीं उनके एक हिट गाने में ‘जब वी मेट’ का ‘आओगे जब तुम ओ साजना’ भी शामिल है। जिसे आज भी लोग बड़े चाव से सुनते हैं।

### अर्जुन अवॉर्ड हासिल...

क्रिकेटर इस अवॉर्ड के लिए नामित नहीं था लेकिन इस बार शमी ने यहां अपनी जगह बनाई। शमी के साथ ही 23 अन्य खिलाड़ियों को भी अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मंगलवार सुबह 11 बजे से राष्ट्रपति भवन में नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड सेरेमनी शुरू हुई। सबसे पहले द्रोणाचार्य अवॉर्ड दिए गए। इसके बाद खेल की अलग-अलग विधाओं में बीते साल दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अलग-अलग अवॉर्ड से नवाजा गया।

### चिराग और सात्विक...

(मल्लखंभ), महावीर सैनी (पैरा एथलेटिक्स), ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज) और शिवेंद्र सिंह (हॉकी) को स्पोर्ट्स कोचिंग का सबसे बड़ा सम्मान द्रोणाचार्य अवॉर्ड दिया गया। तीन खिलाड़ियों को लाइफ टाइम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।





**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/- 10X4
अन्य साईज में 40
1 अप्रैल 2022 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें । मो.9407279644

**आवश्यकता**

!!!बिना किसी बडे निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर!!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/ फुलटाइम घर बैठे पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाएं (जरूरतमंद लोग कॉल/ Whatsapp करें) NOC-2150/- +91-8583047417 R- 6/01 to 12/01/24

**नाम परिवर्तन**

मैं मोहम्मद सुलेमान आ. स्व. श्री मोहम्मद इमरान मेरे पासपोर्ट नं. L8181450 वैधता दिनांक - 06/04/2024 में मेरा नाम मोहम्मद सुलेमान खान आ. स्व. श्री मोहम्मद इमरान खान त्रुटिवश अंकित हो गया है। मेरा एवं पिता जी का सही नाम मोहम्मद सुलेमान आ. स्व. श्री मोहम्मद इमरान सभी शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में पढ़ा एवं जाना जावे।

**हरिभूमि भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

**कान्हा नानक फार्म / प्लॉट** 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸निवेश का सुनहरा मौका
▸डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू



प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन:** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** वाणी के दोष एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5390



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5389 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |

## सूडोकू नवताल- 5400

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल- 5399 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## इंदौर-भोपाल बाजार

### दलहन भाव

चना कांटा 5795 - 5800 विशाल चना 5650 - 5700 डंकी चना 5200 - 5350 मसूर 6100 - 6125 मूंग एवरेज 7000 - 8000 बोल्ड मूंग 8500 - 8600 बारिश की मूंग 9000 - 9600 उड़द बेस्ट - 8200 - 8700 एवरेज मीडियम उड़द 7000 - 7700 हल्की उड़द 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8300 - 9900 रुपए।

### तिलहन भाव

सोयाबीन 4700 - 4725 सरसों निमाड़ी 6300 - 6400 रायडा 4800 - 4900 रुपए क्विंटल।

### दाल भाव

तुअर दाल फूल 12600 - 12800 तुअर दाल सवा नंबर 12300 - 12400 चना दाल 6700 - 7500 एक्स्ट्रा बोल्ड 8000 मसूर दाल 7350 - 7450 मूंग दाल 9700 - 9900 मूंग मोगर 10000 - 10100 उड़द दाल 13200 - 13400 उड़द मोगर 13500 - 14000 रुपए।

### चावल भाव

कोहिनूर बासमती वंड 14400 - 14500 तिबार 12000 - 12100 मिनी दुबार 7000 - 7100 दुबार पोनिया 8400 - 8700 मोगरा 6000 - 6100 बासमती (921)10000 - 11000 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6500 - 9000 रुपए।

### किराना बाजार

सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 575 - 675 काजू टुकड़ी 525 - 550 बादाम (देसी - आयातित) 640 - 750 किशमिश कंधारी 450 - 475 बेस्ट 550 - 650 रुपए किलो।

### तेल बाजार

मूंगफली तेल इंदौर 1590 - 1600 मुंबई 1600 - 1605 गुजरात 1570 - 1575 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 895 - 900 सोया सॉल्वेंट 845 - 850 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 878 - 880 सोया डीगम (बिना टैक्स) 800 - 805 इंदौर पाम ऑइल 875 - 877 मुंबई पाम ऑइल 823 - 825 गुजरात कपास्या तेल 808 - 810 रुपए। राजकोट तेलिया मूंगफली तेल 2500 - 2505 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

### मावा

300 रुपए किलो।

# सूखे मेवे में चिरोंजी सबसे महंगी, पिस्ता के दाम अधिक बढ़े

ड्राई फ्रूट्स में वैवाहिकी मांग और कड़ाके की ठंड से डिमांड, दाम में इजाफा


वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

आगामी वैवाहिकी मुहूर्त के साथ कंपकंपाती ठंड पड़ने स्थानीय बाजारों में बादाम, पिस्ता, काजू, किशमिश सहित अन्य ड्राई फ्रूट्स वस्तुओं की मांग बढ़ गई है।

मांग के हिसाब से इसकी आपूर्ति कम हो रही है। इसकी वजह से करीब दो महीने में पिस्ते की कीमत दोगुनी हो गई है। व्यापारियों का दावा है कि 16 जनवरी के बाद शादियों फिर से शुरू हो रही है अतः फलदान आदि शगुन के कार्यक्रमों के लिए पिस्ता, बादाम, मखाना, खोपरा गोला आदि ड्राई फ्रूट्स का इस्तेमाल ज्यादा होता है। लेकिन जो परिवार मांगलिक कार्य की तैयारी में जुटे हुए है उन लोगों को महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। तो कड़ाके की ठंड की वजह से ड्राई फ्रूट्स की डिमांड बढ़ने का असर भी इनके बढ़े भाव पर देख दिख रहा है। किराना व्यापारी लखन कुशवाह के अनुसार पिछले साल की तुलना में 10 से 15 फीसदी मार्केट बढ़ गया है।

ठंड के दिनों में सभी ड्राई फ्रूट्स की डिमांड बढ़ जाती है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल मार्केट काफी अच्छा है। बताया जा रहा है कि बादाम क्वालिटीनुसार 700 से 900 रुपए किलो है तो पिस्ता 1700 से 2200 रुपए, काजू 550 से 950 रुपए, किसमिस 190 से 350 रुपए , अंजीर 900 से 1200 रुपए, छुआरा 170 से 250 रुपए, मखाना 700 से 1200 रुपए और चिरोंजी 2500 से 3000 रुपए किलो के भाव है।

### भाव ऊंचे होने से मिठाई कारोबारी कर रहे पिस्ता खरीदी में कटौती



बाजार जानकारों के अनुसार इस बार पिस्ता की नई फसल कम है। इसकी वजह से अफगानिस्तान से पिस्ता की सप्लाई कम आ रही है। नतीजतन पिस्ता के भाव बढ़े हुए हैं। पिछले दो महीने के अंदर बादाम की कीमत में भी 50 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। राहत की बात यह है कि किशमिश, काजू, अंजीर और अखरोट के दाम में कोई खास बढ़ोतरी नहीं है। व्यापारी ने बताया कि शादी का सीजन शुरू होने वाला है। इससे पहले मिठाई बनाने के लिए ड्राई फ्रूट्स का ऑर्डर आने लगा है। रेट हाई होने के चलते ज्यादातर मिठाई कारोबारी पिस्ता खरीदने में कटौती भी कर रहे हैं।

# भारत ने बॉयकाट किया तो 'बर्बाद' हो जाएगा मालदीव

मालदीव 'बॉयकाट' पर बोले व्यापारी

हरिभूमि चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

श्रीलंका और पाकिस्तान को आर्थिक तौर पर बर्बाद करने में चीन का बड़ा हाथ है। दोनों देश 'चीनी कर्जजाल' में फंस चुके हैं और अब उसी राह पर मालदीव है। मालदीव भारत का एक भरोसेमंद पड़ोसी देश है, लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप की यात्रा पर मालदीव के मंत्रियों ने टिप्पणी की है, इससे नुकसान मालदीव का ही होना है। क्योंकि मालदीव की अर्थव्यवस्था में भारत का बड़ा योगदान है और कई चीजों को लेकर वो पूरी तरह से भारत पर निर्भर है। अगर भारत ने ठुकराया तो मालदीव बर्बाद हो जाएगा। यह बात मालदीव द्वारा भारत और भारत के प्रधानमंत्री के प्रति किए गए अपमान जनक टिप्पणी पर भड़के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा।

### घबराना तो अब मालदीव को है



लघु उद्योग भारती भोपाल इकाई के अध्यक्ष विनोद नायर ने कहा कि भारत की इकोनॉमी करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर की है, जबकि मालदीव की इकोनॉमी करीब 6.5 बिलियन डॉलर की है। हर साल भारतीय विदेश घूमने पर करीब 65 बिलियन डॉलर खर्च कर देते हैं। यानी मालदीव की जितनी जीडीपी है, उससे 10 गुना ज्यादा भारतीय हर साल विदेश घूमने पर खर्च कर देते हैं। इसलिए घबराना तो मालदीव को है।

### टूर को प्रमोट करना बंद करें



दस नंबर मार्केट व्यापारी संघ के महासचिव हरीश चोइथानी ने कहा कि देशभर के जितने भी ट्रेवल्स और टूरिज्म ऑपरेटर हैं, वे मालदीव के टूर को प्रमोट करना बंद करें। उन्होंने कहा कि भारतीय टूरिस्ट मालदीव में विदेशी करेंसी एक्सचेंज के सबसे सोर्स के साथ ही सबसे अधिक रोजगार से सृजम के माध्यम हैं। सभी ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन से लोगों को टूर के जानकारी को लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप की ओर डायवर्ट करने की अपील की है।

### मालदीव टूरिज्म पर ही डिपेंड



डेवलपर्स विकास शर्मा ने कहा कि मालदीव की इकोनॉमी टूरिज्म पर ही डिपेंड करती है। वहां की जीडीपी का करीब 28 फीसदी हिस्सा टूरिज्म का है, जबकि फॉरेन एक्सचेंज में भी करीब 60 फीसदी योगदान टूरिज्म सेक्टर का है। ऐसे में अगर भारत मुंह फेरता है तो मालदीव को आर्थिक तौर पर भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

### भारतीय मालदीव जाना बंद कर दें



लघु उद्योग भारतीय मध्यभारत प्रांताध्यक्ष द्वारकाधीश सेठिया ने कहा कि भारतीयों के लिए मालदीव एक बेस्ट टूरिस्ट स्पॉट है। वर्ष 2023 में भारत से 2,09,198 लोग मालदीव घूमने पहुंचे थे। अगर भारतीय यहां जाना बंद कर दें तो फिर मालदीव के लिए आर्थिक संकट गहरा सकता है। इससे पहले साल 2022 में 2.41 लाख, 2021 में 2.91 लाख और 2020 में 63000 भारतीय मालदीव घूमने के लिए गए थे।

### कोई कारोबार न करें



भोपाल उत्सव मेला समिति के महामंत्री सुनील जैन जैनाविन ने निर्यातकों से अपील की है कि वे मालदीव के साथ कोई कारोबार न करें। मालदीव के बहिष्कार के आह्वान का उद्देश्य अपमानजनक आचरण के खिलाफ विरोध और एकजुटता दिखाना है। उन्होंने कहा कि विमानन कंपनियां तेजी से बदलते घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रही हैं।

### मालदीव बॉयकॉट मुहिम में एक और कंपनी हुई शामिल, ट्रेवल इंश्योरेंस पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड जोरों पर चल रहा है। अब इस मुहिम में भारत की एक और कंपनी शामिल हो गई है और उसने मालदीव के ट्रेवल इंश्योरेंस पर रोक लगा दी है। देश की ट्रेवल टेक स्टार्टअप इंश्योरेंस देखो कंपनी ने मालदीव जा रहे लोगों के लिए ट्रेवल इंश्योरेंस सस्पेंड करने का ऐलान किया है। कंपनी के फाउंडर और सीटीओ ईश बब्बर ने लिंक्डइन पर ऐलान किया कि इंश्योरेंस देखो अपने देश के साथ कंधे से कंधा मिलकर खड़ी है। इसी कदम में हम मालदीव के लिए किसी भी प्रकार का बीमा नहीं करेंगे।

## फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ने उद्योग मंत्री से की भेंट, फेड एक्सपो में किया आमंत्रित



**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. राधाशरण गोस्वामी के नेतृत्व में फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कश्यप से वल्लभ भवन में भेंट कर फेडरेशन द्वारा 19, 20 एवं 21 जनवरी 2024 को आयोजित किए जाने वाले फेड एक्सपो में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। मंत्री ने फेडरेशन के आग्रह को स्वीकार कर फेड एक्सपो 2024 में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने के लिए सहमति प्रदान की। जिसके लिए डॉ. गोस्वामी ने मंत्री का आभार प्रकट किया।

फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. आरएस गोस्वामी ने मंत्री से चर्चा के दौरान उद्योगों की विभिन्न समस्याओं को सामने रखा, जिनमें दोहरे कराधान से मुक्ति, मैप एप्रुवल, फायर एनओसी, लायसेंसों की वैद्यता में दीर्घकालिक के लिए वृद्धि करना एवं औद्योगिक इकाईयों के अपग्रेडेशन को सरल बनाना आदि प्रमुख है। इस अवसर पर गोविंदपुरा इंडस्ट्री एसोसिशन के अध्यक्ष विजय गौड़, प्रबंध समिति सदस्य राजीव जैन, फेडरेशन के सचिव , प्रवीण आचार्य ने भी अपने विचार मंत्री से साझा किए।

**न्यायालय**
**नायब तहसीलदार, तहसील कोलार, भोपाल**

क्रमांक /अ-6/ 2023-24

-: **इश्तहार** :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक श्रीमती किरन जायसवाल पत्नि भगवत सिंह निवासी- मकान नंबर- आई- 15, पी.एच.ई. कालोनी, ग्राम वीरपुरा डेम, भोपाल के द्वारा ग्राम बैरागढ़ चीचली खसरा क्रमांक 121/15 का अंश भूखण्ड नं. 03 रकबा 0.120 हेक्टेयर के अंश भाग का पंजीकृत विक्रया पत्र / फौती नामांतरण के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात् आगामी पेशी दिनांक 10/01/2024 तक न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील-कोलार जिला-भोपाल**

## बिजनेस न्यूज

### बीओबी का संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट में 'बड़ौदा अचीवर्स' सम्मान

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय,भोपाल के संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, भोपाल में बड़ौदा अचीवर्स सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक की योजना के तहत तीन श्रेणियों- अकादमिक, खेलकूद और समग्र रूप से (ओवर ऑल) सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों क्रमशः रोशनी मंगतानी, शालिनी रतलानी तथा सुश्री प्राची खत्री को सम्मानित किया गया। बैंक की ओर से उन्हें यह सम्मान क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, भोपाल अखिलेश कुमार द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, भोपाल की ओर से निदेशक डॉ. आशीष ठाकुर, डॉ. जितेंद्र शर्मा, प्रोफेसर जोया, सपना भगतानी तथा अन्य संकाय सदस्य और विद्यार्थियों की महत्त्वपूर्ण उपस्थिति रही।



### केस कंस्ट्रक्शन का आईआईटी इंदौर से समझौता

**भोपाल।** सीएनएच इंडस्ट्रियल के अग्रणी ब्रांड केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर परिसर में केस सेंटर ऑफ एक्सलेंस स्थापित करने के लिए संस्थान के साथ एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। यह गठजोड़ केस की सीएसआर पहल का अंग है और इसका उद्देश्य है, विचारों के आदान-प्रदान, ज्ञान वृद्धि और अनुसंधान के लिए शैक्षणिक समुदाय और उद्योग के बीच बढ़ते सहयोग को बढ़ावा देना। इस समझौते पर केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट के विनिर्माण प्रमुख पीथमपुर,सतेंद्र तिवारी और आईआईटी इंदौर के निदेशक, प्रोफेसर सुहास एस जोशी ने संस्थान के पूर्व छात्र एवं कॉर्पोरेट संपर्क विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.पार्थ प्रतिम चट्टराज की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। केस सेंटर ऑफ एक्सलेंस मार्च 2024 तक तैयार होगा और यहां केस द्वारा तकनीकी मूल्यांकन के लिए प्रदत्त कई तरह के प्रयोगशाला उपकरण होंगे। सीएनएच इंडस्ट्रियल की भारत सीएसआर प्रमुख, कविता साह ने कहाकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के साथ यह साझेदारी उद्योग और शिक्षा जगत के बीच नवोन्मेष और सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एक विरासती ब्रांड के रूप में, केस भारत में उद्योग के सभी स्तरों पर कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



### बंधन म्यूचुअल फंड ने लांच किया नया मल्टी एसेट ए लोकेशन फंड

**भोपाल।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन मल्टी एसेट ए लोकेशन फंड के लांच की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है। नया फंड भारतीय इक्विटी, इंटरनेशनल इक्विटी, आर्बिट्रेज, गारंटिड इनकम, सोना और चांदी सहित विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश को सक्षम बनाती है। कई स्टडीज ने स्थापित किया है कि सुरक्षा चयन या बाजार समय के बजाय एसेट आवंटन, रिटर्न विविधता को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक है। यह नया फंड विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश में विविधता लाकर रिवॉर्ड और जोखिम को अनुकूलित करने के लिए एक मल्टी-एसेट एलोकेशन रणनीति अपनाएगा, प्रत्येक विकास, स्थिरता और मुद्रास्फीति संरक्षण के मामले में अद्वितीय लाभ प्रदान करेगा। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) बुधवार, 10 जनवरी 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और बुधवार, 24 जनवरी 2024 को बंद हो जाएगा। बंधन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, निवेश सलाहकारों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जा सकता है।



### 94-95 बैच के पूर्व एनसीसी कैडेट्स ने एलुमनाई मीट सेलिब्रेट की

**भोपाल।** एक दूसरे को गले लगाकर स्वागत करना, एनसीसी कैम्प्स के यादों को ताजा करना, पुरानी शरारतों को याद कर ठहाके लगाना। कॉलेज में एनसीसी के समय देश के लिए मर मिटने का जज्बा और कुछ कर गुजरने के जुनून को याद कर यह कहना की वॉह वो भी क्या दिन थे यह चंद लाइंस नहीं,बल्कि ये भावनाएं है उन दिनों की जो लौटकर वापस नहीं आ सकते। हम बात कर रहे है नंबर 2 एमपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी भोपाल के 94 और 95 बैच के पूर्व एनसीसी कैडेट्स की, जहां एनसीसी कैडेट्स ने एलुमनाई मीट सेलिब्रेट की। यह इस ग्रुप की दूसरी रियूनियन मीट थी और इस बार यह मीट सांची के पास उदयगीरी की गुफाओं के पास स्थित विलेज डेक रिजॉर्ट में आयोजित की गई। इस आयोजन में स्थानीय और देश-विदेश में काम कर रहे सभी पूर्व एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। दूसरे वर्ष की यह रीयूनियन मीट बहुत ही उत्साह भरी और संवेदनशील रही। इसके बाद 94 और 95 बैच के लीडर्स ने अपने अपने कैडेट्स का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने अपने आदर्श रहे ,बेस्ट इंस्ट्रक्टर को आमंत्रित कर सम्मानित किया। एनसीसी के पूर्व कैडेट्स द्वारा उस समय किए गए कैम्प्स जैसे एटीसी कैंप, एनआईसी कैंप, वायु सैनिक कैंप, आरडी कैंप आदि कैम्प्स को याद कर प्रेरित होकर, समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए संकल्प लिया। इस रीयूनियन के कार्यक्रम का हिस्सा बने एक कैडेट् विजय नरयानी तो विदेश-बहरीन से केवल इस आयोजन का हिस्सा बनने आए थे। इस अवसर पर क्विज गेम, तंबोला, चेयर रेस, ट्रैकिंग तथा गीत संगीत का आनंद लिया और साथ ही डांस फ्लोर पर भी जमकर थिरके। कार्यक्रम का हिस्सा बने, विजय गलफटे, भूपेंद्र सिंह, मेजर शरद तिवारी, तारकेश्वर सिंह, समीर अहसान, राहुल मराठे, नीरज पाठक, राहुल विजयवर्गीय, राहुल जैन, संजय पाटील व अन्य सभी पूर्व कैडेट्स ने इस कार्यक्रम में भरपूर आनंद उठाया।



### बिड़ला सेलूलोज की खरच यूनिट ने हासिल किया ईयू बैट

**मुंबई ।** गुजरात के खरच प्लांट में बिड़ला सेलूलोज ने सफलतापूर्वक एग्जॉस्ट गैसों से सीएपी (कार्बन-डाइसल्फाइड एड्सॉर्प्शन प्लांट) सीएस2 रिकवरी सिस्टम को चालू कर और ईयू बैट का दर्जा हासिल कर लिया है। सीएस2 और एच2एस (हाइड्रोजन सल्फाइड) के उत्सर्जन को घटाने के लिए क्लोज्ड-लूप तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिसमें सीएस2को रिकवर करना और एच2एस से सल्फर के तत्व को शामिल किया गया है। 90-95 प्रतिशत सल्फर को रिकवर करने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। इस नई उपलब्धि को विस्कोस फाइबर मैन्युफैक्चरिंग के लिए ईयू बैट बीआरईएफ में निर्धारित सभी मापदंडों के लिए ब्लूविन लिमिटेड, यूनाइटेड किंगडम द्वारा किए गए एक स्वतंत्र मूल्यांकन से आगे पास किया गया था। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एमडी और बिड़ला सेलूलोज के बिजनेस डायरेक्टर एच के अग्रवाल ने कहाकि यह ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस के हिसाब से एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और एमएमसीएफ इंडस्ट्री में सस्टेनेबल प्रैक्टिस के लिए ग्लोबल लीडरशिप हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



### श्रेष्ठ गुणवत्ता के लिए श्री केशव सीमेंट पुरस्कृत

**मुंबई।** श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड, कर्नाटक राज्य में सीमेंट के निर्माण और सोलर पावर का उत्पादन और वितरण करने में प्रवृत्त को पिछले तीन वर्ष में जीरो प्रोडक्ट विफलता प्राप्त करने और सीमेंट की श्रेष्ठ गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्डस , हुबली में पुरस्कृत किया गया है। 77 वें बीआईएस स्थापना दिवस समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड की ओर से मोहन राव महाप्रबंधक प्लांट ऑपरेशंस को प्रदान किया गया। श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड के चेयरमैन, वेंकटेश कटवा ने कहाकि सीमेंट उत्पादन में सर्वोच्च गुणवत्ता मानक बरकरार रखने के लिए पुरस्कार प्राप्त करना वस्तुतः एक सम्मान है। यह पुरस्कार 77वें बीआईएस स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रदान किया गया, जो कर्नाटक राज्य में सीमेंट, सोलर पावर उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रोडक्ट डिलीवर करने के हमारे समर्पण की फिर से पुष्टि करता है।



### पुलिस वेतन पैकेज पर एसबीआई और मप्र पुलिस के मध्य करार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस और भारतीय स्टेट बैंक के मध्य पुलिस वेतन पैकेज के संदर्भ में करार (एमओयू)भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में हुआ। पुलिस विभाग से अंशुमन अग्रवाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक और भारतीय स्टेट बैंक से साईंकृष्ण श्रीधरा, उपमहाप्रबंधक (पीबीबीविभाग) ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के अंतर्गत पुलिस सैलरी पैकेज खाता धारकों को 50 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा, परिवार के चार अन्य वयस्क सदस्यों को 5 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा लाभ सहित अन्य कई प्रकार के वित्तीय लाभ एवं सुविधाएं प्रदान होगी। दोनों पक्षों ने इस एमओयू पर खुशी जाहिर करते हुए कहाकि यह सुविधाएं पुलिस खाता सैलरी पैकेज धारकों को लाभांवित करेंगी।



### फायर बोल्ट ने लांच किया ड्रीम रिस्ट फोन

**नई दिल्ली।** अग्रणी स्मार्ट वेयरेबल ब्रांड फायरबोल्ट ने अपने ड्रीम रिस्ट फोन को लांच किया गया। यह एक अत्याधुनिक एंड्रॉइड स्मार्टवॉच है जो वेयरेबल टेक्नॉलोजी के क्षेत्र की नई परिभाषा लिखेगी। एंड्रॉइड 8.1 ओएस और गूगल प्ले स्टोर के साथ, यह रिस्ट फोन एक स्मार्टफोन को एकशानदार स्लीक और कॉम्पैक्ट स्मार्ट वॉच डिजाइन में बदलता है। लांच डे पर सिर्फ 5999 रुपए की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध यह रिस्ट फोन 10 जनवरी से फ्लिप्कार्ट, फायर बोल्ट डॉट कॉम और पूरे भारत के ऑफ लाइन स्टोरों पर उपलब्ध होगी। रिस्टफोन 12 अलग-अलग रंगों और स्ट्रैपडिजाइनों के साथ बेहतरीन रेंज प्रदान करता है, जो उपयोगकर्ताओं को पर्सनलाइज्ड स्टाइल आप्शन देता है।



### देशभर में बिकी 2.38 करोड़ से ज्यादा गाड़ियां

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल एसोसिएशन यानी फाडा ने दिसंबर 2023 के साथ-साथ सालभर के टोटल रिटेल ऑटोमोबाइल सेल्स के आंकड़े जारी किए हैं। फाडा की रिपोर्ट के मुताबिक कैलेंडर ईयर 2023 में अलग-अलग कैटेगरी में करीब 2.38 करोड़ गाड़ियां बिकीं। सालाना आधार पर इसमें 11.14 फीसदी की ग्रोथ देखी गई है। एक साल पहले यानी 2022 में 2.15 करोड़ व्हीकल्स की सेल हुई थी। टोटल व्हीकल सेल में सबसे ज्यादा टू-व्हीलर 1.71 करोड़ बिके। इसमें करीब 9.45 फीसदी एनुअल ग्रोथ रही। इसके बाद पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में टोटल 38.60 लाख गाड़ियां एक साल में बिकीं हैं। सालाना आधार पर इसमें 10.61 फीसदी की ग्रोथ हुई है। एक साल पहले 34.90 लाख पैसेंजर व्हीकल देशभर में बेची गईं थीं।

## भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा समर्थित सम्मेलन का उद्घाटन मंगलवार को दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक की उपस्थिति में किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मर्सी एपाओ, संयुक्त सचिव, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार रसना के चेयरमैन और सीआईआई टास्क फोर्स, अहमदाबाद के चेयरमैन पिरुज खंबाटा और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला भी उद्घाटन के अवसर पर मौजूद थे। सम्मेलन ने प्रमुख हितधारकों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाते हुए एक मंच प्रदान किया।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैतूल**
पुराना कलेक्ट्रेट परिसर बैतूल Email :- eeresbetul@mp.gov.in

क्रमांक 20/लेखा/ग्रायांसे/2024 बैतूल, दिनांक -04/01/24

**// विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08/2023-24 //**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदाये फार्म ''ए'' (Appendix2.10) पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 2 कवर पद्वति में ग्रायांसे में प्रचलित ए.ओ.आर. दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) के आधार पर कार्यालय कार्यापालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैतूल के कार्यालय में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | अमानत राशि (राशि रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि वर्षाकाल सहित | निविदा आमंत्रण की क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_RES _323693 | जिला दिव्यांग एवं पुर्नवास केन्द्र मरम्मत कार्य बैतूल | 6.744 | 14000 | 2000 | 04 माह | प्रथम |
| | | | 6.744 | | | | |

उक्त निविदाओं को वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www,mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक 08/01/2024 को 10:30 बजे तथा निविदा प्रपत्र ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 23/01/2024 समय 17:30 बजे तक निर्धारित है।

जी-22710/23

जीवन है अनमोल,
तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल ।

**कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैतूल**

**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर (म.प्र.)**

क्रं./बाजार/न.नि./2024/856 सागर, दिनांक 08.01.2024

**सागर स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित शी-लॉज (महिला सुविधा घर) के साथ निर्मित दुकानों की ई-निविदा**
**(प्रथम आमंत्रण)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर के स्वामित्व की सागर स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित शी-लॉज (महिला सुविधा घर) पर निर्मित दुकानों के ऑफर मूल्य प्रस्ताव मध्यप्रदेश नगर पालिक अधिनियम अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 04.05.2021 तथा 28.03.2023 के प्रावधानों के अंतर्गत राईट ऑफ आक्यूपेशन के तहत 30 वर्ष की अवधि पुनः नवीनीकरण की शर्तो के तहत ई-निविदा क्र. 2024_UAD_324705_1 द्वारा आमंत्रित है। इच्छुक व्यक्ति आफसेट कीमत पर 25 प्रतिशत अमानत राशि का आयुक्त नगर पालिक निगम सागर के पक्ष में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट/ ई-पेमेन्ट राशि जमा कर प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते है। ई-निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में नगरपालिक निगम सागर के बाजार शाखा में देखी जा सकती है। दुकानों की जानकारी निम्नानुसार है -

| क्रं. | मार्केट का नाम | स्थान का नाम | दुकान क्रमांक | दुकान की साईज | आफसेट कीमत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शी-लॉज | बड़ा बाजार चमेली चौक | भू-तल - 1 | 12.24 वर्गमीटर | 3,53,740 | एस.सी./एस.टी. |
| 2 | शी-लॉज | बड़ा बाजार चमेली चौक | भू-तल - 2 | 5.40 वर्गमीटर | 1,56,060 | अन्य पिछडा वर्ग |
| 3 | शी-लॉज | विश्वविद्यालय रोड | भू-तल - 3 | 11.00 वर्गमीटर | 8,60,200 | अनारक्षित |
| 4 | शी-लॉज | राज्य परिवहन बस स्टेण्ड | भू-तल - 4 | 12.42 वर्गमीटर | 11,98,530 | अनारक्षित |
| 5 | शी-लॉज | राज्य परिवहन बस स्टेण्ड | भू-तल - 5 | 3.0 वर्गमीटर | 2,89,500 | एस.सी./एस.टी. |

ऑनलाइन निविदा दिनांक 10.01.2024 समय 10:30 से दिनांक 08.02.2024 समय 17:30 तक सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट www.mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय किये जा सकते है।

नोट :- निविदा से संबंधित शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**सागर**

चिंतन

# गोवा की वारदात से ममता लज्जित, मानवता शर्मसार

गोवा की वारदात से देश सन्न है, मानवता शर्मसार है, ममता लज्जित है। एक चार साल के मासूम की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसे 9 महीने कोख में रखकर जन्म देने वाली उसकी अपनी मां ने ही कर दी। यूं तो यह पहली बार नहीं है कि किसी मां ने अपनी संतान की हत्या की हो। देश में अनेक ऐसी घटनाएं अतीत में हुई हैं, जिसमें एक मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को मौत के घाट उतार दिया। चाहे गृह कलह में, चाहे गरीबी से तंग आकर या भविष्य के डर से। देश में अनब्याही मां द्वारा नवजात की हत्या या नवजात का त्याग या भ्रूण हत्या की अनेक घटनाएं घटित हुई हैं, लेकिन एक उच्च शिक्षित, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिला द्वारा अपनी इकलौती स्वस्थ संतान की हत्या का मामला विरले में से एक है। गोवा के एक होटल के बंद कमरे में रिश्तों का कत्ल हुआ। जिस महिला ने इस कत्ल को अंजाम दिया है, वह एक कंपनी की सीईओ है, हार्वर्ड रिसर्च फेलो है, उनका नाम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एथिक्स में 100 बेहतरीन महिलाओं में रह चुकी है। ऐसी महिला का अपनी ममता का कत्ल कर हैवान बनना मानवता व समाज की सभी शिक्षा को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस की ओर से बताया जा रहा है कि पिता से बच्चा न मिल सके इसलिए मां ने अपने बेटे का ही कत्ल कर दिया। महिला का पति के साथ तलाक का मामला चल रहा था। पिता इंडोनेशिया में हैं। दोनों की 2010 में शादी हुई थी। महिला ने 2019 में बेटे को जन्म दिया था। पति के साथ हुए विवाद के बाद 2020 में अदालत ने फैसला सुनाया था कि बच्चे का पिता उससे हर रविवार को मुलाकात कर सकता है। यह फैसला महिला को नागवार गुजर रहा था, वह खुश नहीं थी। महिला अपने बेटे को पति से नहीं मिलने देना चाहती थी। अभी पिता बेटे से मिलने भारत आने वाले थे, इससे पहले ही मां ने बेटे को पिता से सदा के लिए जुदा कर दिया। क्या हमारी सामाजिक व शैक्षिक व्यवस्था एक बेहतर इंसान तैयार नहीं कर रही है या मशीनीकरण ने हमें एक इमोशनलेस रोबोट बना दिया है। क्या एआई के लॉगरिद्म ने महिला के दिमाग के न्यूरान्स को इस कदर प्रभावित किया कि वह भी रोबोट जैसी संवेदनहीन हो गई। प्रकृति का प्रताप देखिए कि मासूम बेटे के खून ने ही इस हत्या का सुराग दिया। यह खून ही बोला कि 'मां कातिल है'! बेरहमी से हत्या करने के बाद आरोपी महिला ने उसका शव बैग में भर लिया था व उसे लेकर बेंगलुरु जा रही थी। अभी इस हत्या की बहुत सी परतों का खुलना अभी बाकी है। इसमें से एक यह भी सवाल है कि एक मां को क्यों लगा कि उसे अपने बेटे की हत्या करनी होगी। क्या नफरत से इतनी भरी थी कि पिता से बेटे को मिलने नहीं देना चाहती थी? कहते हैं जब बच्चा मां के गर्भ में आता है तो मां उसी वक्त से उससे जुड़ने लगती है। दुनिया के लिए वो भ्रूण होता है लेकिन उस मां के लिए वो उसका बच्चा होता है। जब मां को बच्चे की पहली हार्ट बीट सुनाई देती है तो वो उससे इस कदर जुड़ जाती है कि उसमें ही अपनी दुनिया ढूंढती है। ऐसे में हैरान करने वाली बात है कि आखिर एक मां अपने बेटे की हत्या जैसी जघन्य नृशंस वारदात को कैसे अंजाम दे सकी? कानों को यकीन नहीं हो रहा, दिल नहीं मान रहा, कि मां भी कातिल हो सकती है। इस मां को अदालत सजा देगी ही, लेकिन उसने एक मां की कोख को, संतान के विश्वास को शर्मसार किया है।



दिवस विशेष
डॉ. ऐश्वर्या झा

आज वैश्विक फलक पर हिन्दी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा, दर्जन से अधिक देशों के बहुसंख्यक समाज की प्रमुख भाषा, आधे दर्जन देशों में संवैधानिक दर्जा प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा, इंटरनेट पर सबसे तेज गति से प्रसार करने वाली भाषा, संयुक्त राष्ट्र के संचार माध्यम में उपयोग होने 7 भाषाओं में से एक, 175 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा बन चुकी है। कुछ महीने पूर्व, लोकसभा में पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा था कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी है। हिन्दी पहले से ही यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है।

# विश्व में बढ़ रहा हिन्दी का वर्चस्व

10 जनवरी 1949 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी बोली गई थी। 25 वर्ष बाद, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने एवं वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रति जागरूकता लाने के लिए, आज के ही दिन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 2006 से प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित होने के पांच दशक बाद, आज वैश्विक फलक पर हिंदी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा, दर्जन से अधिक देशों के बहुसंख्यक समाज की प्रमुख भाषा, आधे दर्जन देशों में संवैधानिक दर्जा प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा, इंटरनेट पर सबसे तेज़ गति से प्रसार करने वाली भाषा, संयुक्त राष्ट्र के संचार माध्यम में उपयोग होने 7 भाषाओं में से एक, 175 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा बन चुकी है। 'भाषा बहता नीर' के सिद्धांत का पालन करते हुए हिंदी तमाम अवरोधों, बाधाओं को पार करते हुए आज अपनी विकास यात्रा में देश एवं 'परदेस' की चारों दिशाओं में बढ़ा रही है।

वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस 2023 के 26वें संस्करण 'इथोनोलॉज' के अनुसार दुनिया में 7,168 जीवित भाषाओं में सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में पहला स्थान अंग्रेज़ी (113.2 करोड़), दूसरे नंबर पर चीन में बोली जाने वाली मैंड्रेन भाषा (111.7 करोड़ ) एवं तीसरा स्थान हिंदी (करीब 61.5 करोड़) का हैं। इथोनोलॉज के मुताबिक, दुनिया भर की 20 सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं शामिल हैं। भूमंडलीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने हिंदी को मात्र भारत की सीमाओं तक ही बाँध कर या सीमित नहीं रखा है, बल्कि तकनीक ने इसे और अधिक विस्तार दिया है। इसमें इंटरनेट और सूचना क्रांति विशेषकर मोबाइल फ़ोन ने हिंदी को तकनीकी भाषा बनाने में सहायता की है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी राजनीति का शिकार हुई है, पर व्यवधानों को पार कर उसकी व्यापकता,लोकप्रियता में निरंतर वृद्धि हो रही है। 21वीं सदी की हिंदी न सिर्फ साहित्य, शिक्षा, मनोरंजन, विज्ञापन की भाषा है, बल्कि विज्ञान, तकनीक एवं रोज़गार की अनंत संभावनाओं से भरी हुई भाषा भी है।

विगत कुछ दशकों में भारत सरकार देश एवं विदेश में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राजभाषा विभाग ने हिंदी के विकास के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर हिंदी सीखने के लिए एक मल्टीमीडिया आधारित बुद्धिमान स्व-ट्यूटरिंग एप्लिकेशन - लीला-राजभाषा (लर्न इंडियन लैंग्वेज्स थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), ई-सरल हिंदी वाक्य कोष और ई-महाशब्दकोश मोबाइल ऐप सरीखे प्रशंसनीय कार्य किया हैं। कुछ महीने पूर्व, लोकसभा में देश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने संसद में यह दावा किया कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने हिंदी के प्रचार-प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी



है। हिंदी पहले से ही यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है। वर्ष 2018 से संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार के बीच एक स्वैच्छिक वित्तीय योगदान संबंधी करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस करार के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र समाचार की एक हिंदी वेबसाइट पर हिंदी सोशल मीडिया अकाउंट शुरू किया। इसके साथ साथ अपने कार्यक्रमों को यूएन रेडियो वेबसाइट पर हिंदी में प्रसारित एवं साउंड क्लाउड पर एक साप्ताहिक हिंदी समाचार बुलेटिन, हिंदी में यूएन ब्लॉग, और यूएन न्यूज रीडर मोबाइल एप्लिकेशन को हिंदी में भी उपलब्ध कराया गया है। भारत सरकार ने 'बहुभाषावाद' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया, जिसे 10 जून 2022 को सर्वसम्मति से पारित किया गया। पहली बार, इस संकल्प में हिंदी भाषा का उल्लेख किया गया, जिससे हिंदी सहित आधिकारिक और गैर-आधिकारिक भाषाओं में महत्वपूर्ण संचार और संदेशों के प्रचार-प्रसार को जारी रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र वैश्विक संचार को प्रोत्साहित किया गया है। हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा बनाने हेतु प्रयास जारी है।

नादी, फिजी में आयोजित 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन (15-17 फरवरी 2023) के माध्यम से विश्व भर के हिंदी विद्वानों और शोधकर्ताओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी भाषा के अनुप्रयोगों और हिंदी के प्रचार-प्रसार पर चर्चा करने के लिए वैश्विक एक मंच प्रदान करने के साथ साथ देश-विदेश के 19 विद्वानों और 2 विदेशी संस्थानों को सम्मानित भी किया गया। भारतीय मिशनों और सामुदायिक केंद्रों में हिंदी पढ़ाने में शामिल शिक्षकों को मानदेय सहित विदेशी विश्वविद्यालयों, संस्थानों और सामुदायिक संगठनों को शिक्षण, प्रकाशन और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए वित्तीय अनुदान दिया जाने लगा है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और केंद्रीय हिंदी निदेशालय (सीएचडी) के सहयोग से 2022 में विभिन्न देशों के विदेशी नागरिकों के लिए ऑनलाइन हिंदी कक्षाएं एवं भूटान स्थित अंतरराष्ट्रीय विश्व विद्यालय में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अनुकूलित हिंदी भाषा पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। पिछले वर्ष 10 जनवरी 2023 को पेरिस में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) सहित दुनिया भर में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया, ताकि हिंदी को एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत किया जा सके व विश्व में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने में मॉरिशस हिंदी संस्थान, विश्व हिंदी सचिवालय, हिंदी सोसायटी (सिंगापुर), हिंदी परिषद (नीदरलैंड्स), हिंदी संगठन (मॉरिशस) आदि संस्थाओं ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। विदेशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवासी साहित्य के माध्यम से भी विदेश में हिंदी का डंका बजा हैं। अनुवाद की बढ़ती गुणवत्ता के कारण अब हिंदी के साहित्य की धमक वैश्विक पाठक के बीच बनी है। कुछ समय पूर्व, हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री के हिंदी उपन्यास 'रेत समाधि' के अंग्रेजी अनुवाद 'टूंब ऑफ सैंड' को अनुवाद श्रेणी में बुकर पुरस्कार मिला। हिंदी भाषा के तीव्र विस्तारीकरण का कारण हिंदी का वैज्ञानिक भाषा होने के साथ साथ सर्वाधिक लचीला, सरल एवं सहज भाषा होना है। विदेशी भाषाओं के शब्दों को हिंदी स्वयं में आत्मसात करने की क्षमता रखती है। हिंदी भाषा ध्वनि और उच्चारण आधारित भाषा है। यह खूबी विश्व की अन्य किसी भी भाषा में नहीं है। हिंदी को जनभाषा से 'विश्व भाषा' बनाया जा सकता है।

(लेखिका सहायक आचार्य, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अंतरिक्ष विज्ञान
नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# सूर्य मिशन की सफलता से इसरो ने रचा इतिहास

भारत का अंतरिक्ष संगठन इसरो लगातार इतिहास रच रहा है। पहले मंगलयान, फिर चन्द्रयान-3 के द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना और अब आदित्य एल 1 के सफलता के बाद इसरो को सूर्य मिशन में भी सफलता मिल गई है। 6 जनवरी को आदित्य एल-1 लॉन्च अपने गंतव्य बिंदु लैग्रेंज-1 पर पहुंचने में सफल रहा। आदित्य एल-1 की यह यात्रा 2 सितंबर 2023 को शुरू हुई थी, जो अब सफलतापूर्वक अपने मंजिल पर पहुंच गई है। मिशन के दौरान सही स्पीड के लिए पांच बार ऑर्बिट बदला गया। फिर आदित्य को ट्रांस-लैरेंजियन 1 ऑर्बिट में भेजा गया। यहां से शुरू हुई 109 दिन की लंबी यात्रा। फिर सैटेलाइट आदित्य जैसे ही एल-1 पर पहुंचा, उसकी एक ऑर्बिट मैन्यूवरिंग कराई गई ताकि एल1 प्वाइंट के चारों तरफ मौजूद हैलो ऑर्बिट में चक्कर लगाता रहे। इस मिशन के जरिए सूर्य का अध्ययन किया जाएगा। सूर्य हमारा निकटतम तारा है और अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। सूर्य एक अत्यंत गतिशील तारा है। हम जितना देखते हैं, यह उससे कहीं ज्यादा फैला है, जिसमें लगातार भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती रहती है। दुनिया में अब तक सूर्य पर कुल 22 मिशन भेजे जा चुके हैं। मिशन पूरा करने वाले देशों में अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी शामिल हैं। सूरज पर सबसे ज्यादा 14 मिशन अमेरिकी एजेंसी नासा ने भेजे हैं। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने साल 1994 में पहला सूर्य मिशन भेजा, तो उसने नासा का साथ लिया। नासा के पार्कर सोलर प्रोब ने सबसे ज्यादा काम किया है। यह सूर्य के सबसे करीब पहुंचने वाला एकमात्र अंतरिक्षयान है। आदित्य एल-1 मिशन अपने साथ सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सेट ले गया है, जिसके माध्यम से सूर्य का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 के सातों पेलोड की खास बात है कि ये देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। ये सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के सहयोग से विकसित किए गए हैं। सूर्य के वायुमंडल के सबसे बाहरी भाग यानी सौर कोरोना और सूरज में होने वाले सबसे शक्तिशाली विस्फोटों यानी कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) अपने साथ ले जा रहा है। एक अन्य उपकरण सोलर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) नामक पेलोड अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेगा। इसके साथ ही एसयूआईटी यूवी के नजदीक सौर विकिरण में होने वाले बदलावों को भी मापेगा।



आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए) पेलोड सौर पवन और शक्तिशाली आयनों के साथ-साथ उनके ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए साथ भेजा जा रहा है। सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे किरणों का अध्ययन करेंगे। वहीं, मैग्नेटोमीटर पेलोड को एल1 बिंदु पर दो ग्रहों के बीच के चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए बनाया गया है। इस ऐतिहासिक मिशन का मुख्य उद्देश्य यह है कि यह पृथ्वी-निर्देशित तूफानों पर नज़र रखने और सौर अवलोकनों के माध्यम से इसके प्रभाव की भविष्यवाणी करने में मदद करेगा। शुरुआत में इसे केवल सूर्य के कोरोना का अवलोकन करने के लिए बनाया गया था। तब इसका नाम आदित्य 1 था। सौर भौतिकी में कोरोना के अत्यधिक उच्च तापमान तक गर्म होने का कारण अभी भी एक रहस्य है। आदित्य-1 मिशन में उपग्रह को 800 किमी निचली पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करना शामिल था। बाद में आवश्यकता अनुसार इसरो ने उपग्रह को लैग्रेंजियन प्वाइंट (एल1) के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित करने की योजना बनाई। एल1 पृथ्वी से 1.5 मिलियन किमी दूर है। यह बिंदु बिना किसी व्यवधान के लगातार सूर्य का अवलोकन करने का लाभ प्रदान करता है। इसलिए मिशन का नाम बदलकर आदित्य एल1 मिशन कर दिया गया। पृथ्वी सहित हर ग्रह और सौरमंडल से परे एक्सोप्लैनेट्स विकसित होते हैं और यह विकास अपने मूल तारे द्वारा नियंत्रित होता है। सोलर मौसम पूरे सोलर सिस्टम को प्रभावित करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## सटाका




## आज की पाती

### मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर

श्रीअन्न या मोटे अनाज (मिलेट्स) की चारों तरफ खूब चर्चा है। मध्यप्रदेश सरकार ने 3 जनवरी को रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय किया है। इसके तहत मोटे अनाज- कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। केंद्र सरकार लगातार मोटे अनाज के उत्पादन व उपभोग पर जोर दे रही है। ऐसे में मध्यप्रदेश के अलावा भी कई राज्यों में मोटे अनाज की खेती करने पर किसानों को बंपर सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में मोटे अनाज को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए वर्ष 2018 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया था।

*-सुखदेव वर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड


### शानदार यात्रा



आज मदीना की ऐतिहासिक यात्रा की, जिसमें इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में से एक, श्रद्धेय पैगंबर की मस्जिद की परिधि, अल मस्जिद अल नबवी, उहुद के पहाड़ और क्यूबा मस्जिद की परिधि- इस्लाम की पहली मस्जिद की यात्रा शामिल थी।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### अविश्वास की धुंध



एक ज़माना था, जब नेता और जान न्योछावर करने वाले शहीद, स्वतंत्रता के गीत सुनाते थे। न्याय का जुनून जनता के दिलों में रोशनी भरता था। आज भरोसे की लौ कमज़ोर पड़ गई है। लोकसेवा का मंदिर अविश्वास की धुंध में खोया है।

-नवजोत सिंह सिद्धू, कांग्रेस नेता

### लक्ष्य को तय करें



इस नए साल में असफलता के डर को दूर करें। आप उन उड़ने वाली मशीनों' का निर्माण करें जिनका आप सपना देख रहे हैं। आप कभी नहीं जानते कि वे कितनी दूर तक उड़ सकते हैं, लेकिन अपने लक्ष्य को तय करें और उसे साधें।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### मेरा हौसला देखकर



डर मुझे भी लगा फासला देखकर, पर मैं बढ़ता गया रास्ता देखकर, ख़ुद ब ख़ुद मेरे नज़दीक आती गई मेरी मंज़िल, मेरा हौसला देख कर। प्रिय शीतल देवी, आप भारत की शान हो और विश्व की युवा शक्ति की आन हो। आपको अर्जुन आवार्ड के लिए बधाई।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

### दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बोले 'मैं बिल्कुल ठीक हूं'




दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराए जाने संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का खंडन किया और कहा कि वह 'बिल्कुल ठीक' हैं। रामफोसा ने कहा कि उनके आईसीयू में भर्ती होने की खबरें 'बढ़ा-चढ़ा कर' प्रसारित की गई थीं और वह अधिकारियों की सलाह पर रविवार को घर से काम कर रहे थे। अधिकारियों ने उन्हें व्यस्त सप्ताह को लेकर घर पर सुरक्षित वातावरण में रहने की सलाह दी थी। रामफोसा ने सोमवार को रंगभेद विरोधी आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए लिम्पोपो प्रांत में एक पुष्पांजलि समारोह में यह टिप्पणी की। राष्ट्रपति का स्पष्टीकरण रविवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित उन खबरों के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें प्रिटोरिया के 1-सैन्य अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विपक्षी पार्टी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के नेता जूलियस मैलेमा के एक फर्जी खाते से दावा किया गया कि रविवार को अस्पताल में भर्ती होने से पहले रामफोसा (दिल का दौरा पड़ने के बाद) गिर गए थे। लिम्पोपो के कार्यक्रम में रामफोसा ने कहा कि उनका स्वास्थ्य बेहतर है।

## ऑफ बीट

### अपनी चादरें और तौलिये कब-कब धोने चाहिए?

यूनाइटेड किंगडम में किए गए एक सर्वेक्षण में, एकल पुरुषों में से लगभग आधे ने बताया कि वे कई बार चार महीने तक अपनी चादरें नहीं धोते हैं।



यह बिल्कुल स्पष्ट है कि इसे बिना धुले छोड़ने के लिए चार महीने बहुत अधिक हैं, लेकिन आदर्श आवृत्ति क्या है? वैसे भी, साफ चादरों का अहसास या नए धुले तौलिये की गंध किसे पसंद नहीं होगी? आपको तौलिये को अधिक बार क्यों धोना चाहिए? जब आप अपने आप को सुखाते हैं, तो आप तौलिये पर हजारों त्वचा कोशिकाएं और लाखों रोगाणु जमा कर देते हैं। और क्योंकि आप शॉवर या स्नान के बाद खुद को सुखाने के लिए अपने तौलिये का उपयोग करते हैं, इसलिए आपका तौलिया नियमित रूप से गीला रहता है। आप हर रात अपनी चादरों पर भारी मात्रा में मृत त्वचा, रोगाणु, पसीना और तेल भी जमा कर देते हैं। लेकिन अगर आप रात में स्वेटर न पहनते हों, रात की नींद के बाद आपका बिस्तर गीला नहीं होता। तौलिये चादरों की तुलना में अधिक मोटे पदार्थ से बने होते हैं और इसलिए अधिक समय तक नम रहते हैं। तो नमी के बारे में ऐसा क्या है जो समस्या का कारण बनता है? गीले तौलिये बैक्टीरिया और फफूंद के प्रजनन स्थल होते हैं। फफूंद विशेष रूप से नम वातावरण पसंद करते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# 510 नंबर के साथ प्रथम जैन बने सिटी टॉपर, पलाश रहे दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा सीए फाइनल और इंटरमीडिएट कोर्सेस की नवंबर 2023 सत्र की परीक्षाओं के नतीजों की घोषणा मंगलवार को कर दी गई। इसके साथ ही आईसीएआई द्वारा जारी अपडेट के अनुसार फाइनल में जयपुर के मधुर जैन ने टॉप किया है। उन्हें 800 में से 619 अंक (77.38 फीसदी) अंक प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार, इंटर में मुंबई के जय देवांग जीम्यूलिया ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है, उन्हें 800 में से 691 अंक (86.38 फीसदी) अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं भोपाल शहर में सिटी रैंक वन लाने वाले प्रथम जैन हैं, जिन्होंन 800 में से 510 नंबर हासिल किए वहीं सेकेंड सिटी रैंक लाने वाले पलाश अग्रवाल ने 486 अंक हासिल किए।

**चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाइनल और इंटरमीडिएट नवंबर 2023 के रिजल्ट जारी**

## फाउंडेशन कोर्स में मिली एआईआर 32, रोजाना 10 से 12 घंटे की पढ़ाई

सिटी में फर्स्ट रैंक लाने वाले प्रथम जैन ने कहा कि मैंने 12वीं के बाद से ही सीए की प्रिपरेशन स्टार्ट कर दी थी, फाउंडेशन कोर्स में मैंने एआईआर 32 हासिल की और उसके बाद फाइव ईयर आर्टिकलशिप की। उन्होंने कहा कि मैं रोजाना 10 से 12 घंटे पढ़ता था, ऐसा कोई भी दिन नहीं होता था कि जब मैंने स्टडी ना की हो क्योंकि अच्छी रेंक के लिए आपको रेगुलर स्टडी करना जरूरी है। वहीं जब पढ़ते-पढ़ते एग्जास्ट हो जाता था तो फिर अपने दोस्तों से बातें करता। वेबसीरिज देखता या कहीं घूमने निकल जाता था। प्रथम कहते हैं कि मेरी इस जर्नी में मेरे फ्रेंड्स और पेरेंट्स का काफी सहयोग है। उन्होंने कहा कि हम ट्विन ब्रदर हैं, जिसमें मेरा भाई एमबीबीएस कर रहा है।



नाम : प्रथम जैन
सिटी रैंक फर्स्ट
नंबर 510/800

## पिछले 6 महीनों से रोजाना कर रहा हूं 14 घंटे पढ़ाई

सिटी में सेकंड रैंक लाने वाले पलाश अग्रवाल का कहना है कि सीए फाइनल के लिए मैं पिछले 6 महीनों से रोजाना 14 घंटे पढ़ाई कर रहा था और पूरा फोकस अपनी स्टडी पर था। सभी सब्जेक्ट पर मैंने बराबरी से फोकस किया और मेरी इस सफलता में मेरे पेरेंट्स और भाई ने भी मुझे काफी सपोर्ट किया। पलाश ने कहा कि मेरे पिता सीपीआर में जॉइंट डायरेक्टर है, जब मैं छोटा था तभी पापा मुझे सीए बनाना चाहते थे, और आज मैं अपने पिता का यह सपना साकार करके काफी खुश हूं। उन्होंने कहा कि मैंने सभी सब्जेक्ट को इक्वल वेटेज दिया है तब जाकर यह रैंक हासिल। इसके साथ ही इंटर में भी मैंने सिटी रैंक सेकंड हासिल की। इसके साथ सीपीटी के दोनों ग्रुप भी मैंने एक बार में ही क्लियर कर लिए थे।



पलाश अग्रवाल
सिटी रैंक सेकेंड
नंबर 486/800

## परीक्षा के छह माह पहले दोस्तों से मिलना किया बंद

रैंकः- भोपाल में तीसरी, अंकः- 478-800, प्रतिशतः- 59.75

सीए बनने के लिए कड़ी मेहनत की। जब परीक्षा के लिए छह माह का समय बचा था तो दोस्तों से मिलना बंद कर दिया था। साथ ही कहीं नहीं जाती थी। जो आईसीएआई का स्टडी मटेरियल पर विशेष ध्यान दिया और उससे ही पढ़ाई की। परीक्षा के छह माह पहले 12 से 13 घंटे पढ़ाई करती थी। घर में पहली सीए बनी हूं। मां के कहने पर ही सीए का क्षेत्र चुना, मेरी इच्छा नहीं थी। उनका सपना पूरा करना चाहती थीं। पिता बिजनेसमैन और मां ग्रहणी हैं। मैंनें आठों विषयों को बराबरी से समय दिया है। अब मैं मप्र के बाहर जॉब करना चाहती हूं।



सौम्या साहिता
सीए फाइनल
माता-पिता
अंजलि व गौतम साहिता

## फाउंडेशन में ऑल इंडिया रैंक 40 प्राप्त की थी

रैंकः- भोपाल में चौथी, अंकः- 432-800 प्रतिशतः- 54

मैंने पहले वर्ष से ही सीए की तैयारी शुरू कर दी थी। सबसे पहले फाउंडेशन में आल इंडिया रैंक 40 प्राप्त की थी। इसके बाद इंटरमीडियट में 60 प्रतिशत प्राप्त किए थे। सीनियर को देखकर ही सीए को चुना। परिवार में पहली सीए हूं। बड़े भाई और पिता जी आर्मी अफसर हैं, लेकिन मैं अलग क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहती थी, इसलिए सीए चुना। सीए एक प्रोफेशनल क्षेत्र है, इसलिए काफी पसंद रहा। मेरी मां शिक्षका हैं। मैं हर दिन 10 से 11 घंटें की पढ़ाई करती थी। मैंने सभी विषयों से बराबरी का समय दिया, लेकिन जीएसटी, ऑडिट और फाइनेंस रिपोर्टिंग पर ज्यादा फोकस रहा। मैं देश में रहकर ही अपनी सेवाएं देना चाहती हूं।



रितिका बाजपेयी
सीए फाइनल
माता-पिता
साधना व कर्नल वीके बाजपेयी

## भोजपुर क्लब में विविधता एग्जीबिशन का आयोजन

# म्यूरल आर्ट की वजह से 45% जला शरीर पर हार नहीं मानी, बनी प्रसिद्ध म्यूरल आर्टिस्ट

**भोपाल।** पिछले साल म्यूरल आर्ट करते समय थिनर की एक शीशी मेरी शर्ट पर गिरी और जैसे ही मैं फ्लेम के पास गई तो मेरा शरीर जलने लगा और इससे मेरा शरीर करीब 45% तक जल गया, लेकिन उसके बाद भी मेरे भीतर का जज्बा था कि मैंने आर्मी कैंप के लिए अपने म्यूरल आर्ट वर्क का प्रोजेक्ट कंप्लीट किया और लगातार में अपने आर्टवर्क से जुड़ी हूं। जिसमें मैं नेचर पेंटिंग के साथ-साथ बुद्धा और अलग-अलग तरह का आर्टवर्क करती रहती हूं। यह कहना है म्यूरल आर्टिस्ट स्मिता गुप्ता का, जो भोजपुर क्लब में आयोजित विविधता एग्जीबिशन में अपना म्यूरल आर्ट वर्क लेकर आईं। भोजपुर क्लब में आयोजित विविधा एग्जीबिशन में शहर की करीब 100 से अधिक महिलाओं ने अपने प्रोडक्ट्स को एग्जीबिट किया। स्मिता ने कहा कि आज भले ही मैं 80% तक रिकवर हो गई हूं लेकिन जलने के बाद भी मैंने अपने कार्य को नहीं छोड़ा क्योंकि इस कार्य को करने से मुझे काफी रिलेक्स और शांति मिलती है।



स्मिता गुप्ता

### चॉकलेट मेकिंग में कॅरियर बनाने छोड़ा आईटी प्रोफेशनः दीपिका



एग्जीबिशन में शामिल हुईं बाइक राइडर और आईटी प्रोफेशनलिस्ट दीपिका ने कहा कि मेरे ससुर और पति एक बेहतरीन आर्किटेक्ट है लेकिन इसके साथ कुकिंग भी उनकी एक स्किल है। उन्होंने कहा कि मेरे ससुर चॉकलेट बहुत अच्छी बनाते हैं और मैं उनके काम में हाथ बटाती थीं। दीपिका कहती हैं कि कई बार आईटी प्रोफेशन को लेकर मुझे बिजी देख वो कहते थे कि तुम इस बिजनेस में आगे बढ़ो और आज उन्हीं की वजह से मैंने अपना आईटी प्रोफेशन छोड़ चॉकलेट मेकिंग का बिजनेस ज्वाइन किया, जिससे मुझे कई गुना ज्यादा इनकम होती है।

### महेश्वर के वीवर्स को प्रमोट करने लगाया स्टॉलः विशाखा



*वहीं मेहश्वर और कश्मीर के वीवर्स को प्रमोट करने के लिए एग्जीबिशन में जानी मानी फैशन डिजाइनर विशाखा श्रीवास्तव ने स्टॉल लगाया, जिस पर उन्होंने महेश्वरी साड़ियों के साथ कश्मीरी विंटर वियर को प्रदर्शित किया। इन प्रोडक्ट को विशाखा काफी कम दामों पर कस्टमर को उपलब्ध कराएंगी, जिससे इन वीवर्स को प्रमोशन मिले।*

# मानस भवन में नारी शक्ति सम्मान के साथ ब्राइडल शो का आयोजन





**भोपाल।** स्वर्ग से जैसे आज सैकड़ों अप्सराएं जमीन पर एक साथ उतर आईं। नख से सिख तक सजी संवरी इन अप्सराओं से यह नजारा था मानस भवन का। दुनिया में हर महिला अपने आपको सबसे खूबसूरत मनती है। वहीं खूबसूरत महिला जब दूसरी महिला को खूबसूरत बनाने की कोशिश करती हैं और जब वह सफल हो जाती हैं तो सबके मुंह से वाह निकलता है। ऑल इंडिया हेयर एंड ब्यूटी एसोसिएशन व तन्वी वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश की राजधानी भोपाल में मानस भवन में एक अनोखा शो हुआ। जहां प्रदेश के विभिन्न शहरों से ब्यूटीशियन ने अपने प्रदेश की संस्कृति व सभ्यता का प्रदर्शन अपने हुनर के माध्यम से प्रदर्शित किया। वहीं एक छत के नीचे सीनियर सिटीजन मोटिवेशनल शो देखने को मिला इसमें बुजुर्गजन अपनी उम्मीद, जीवनशैली व महत्वाकांक्षा का प्रदर्शन करते नजर आये। बीना श्रीवास्तव द्वारा आयोजित इस शो की सबसे अनोखी बात यह थी की कंपटीशन,मनोरंजन के साथ यहां नारी शक्ति सम्मान को भी सम्मानित किया गया।

**सीनियर सिटीजन मोटिवेशनल शो भी रहा खास**

# स्टूडेंट्स को सिर्फ इंडस्ट्री ही नहीं, सोसाइटी को भी करना होगा रेडी : प्रो. आशुतोष

◆ एनआईटीटीटीआर में इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी इन टीचिंग लर्निंग विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





भारत सरकार द्वारा संचालित भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटीईसी) द्विपक्षीय सहायता कार्यक्रम है। इसके तहत एनआईटीटीटीआर भोपाल द्वारा इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी इन टीचिंग लर्निंग विषय पर द्विसाप्ताहिक कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। आईटेक कार्यक्रम में विश्व के छह, देशों से तीस प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर ट्रिपल आईटी भोपाल के डायरेक्टर प्रो. आशुतोष सिंह ने कहा की स्टूडेंट्स को सिर्फ इंडस्ट्री ही नहीं वरन सोसाइटी रेडी भी होना होगा। टीचिंग लर्निंग के क्षेत्र में आईसीटी का बहुत बड़ा रोल है। निटर भोपाल के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा की भारत हमेशा से ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना से देने में अधिक विश्वास रखता है। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. आरके कपूर हैं।

## शहीद भवन में नाटक फिल्म स्टार पटोल बाबू का मंचन

*भोपाल। रंग माध्यम नाट्य संस्था द्वारा शहीद भवन में नाटक फिल्म स्टार पटोल बाबू का मंचन किया। फिल्म डायरेक्टर, लेखक, चित्रकार और म्यूजिक कम्पोजर सत्यजीत रे की कहानी पर आधारित एक ऐसे 60 साल के बूढ़े एक्टर की कहानी है, जो किसी वक्त फिल्मों और नाटकों का स्टार था, लेकिन अब उनके पास कोई काम नहीं है। एक दिन उनके पास एक फिल्म में छोटे से रोल का ऑफर मिलता है, उसकी बीवी भी छोटा रोल करने से मना करती है, फिर भी वो रोल करते हैं।*

# सपने देखने की कोई उम्र नहीं होती...



### कोई भी काम छोटा नहीं होता....

*नाटक की कहानी कहती है कि सपने देखने की कोई उम्र नहीं होती और दूसरा कोई भी काम छोटा नहीं होता चाहे वह दूसरों की निगाह में ज्यादा असरदार न हो तब भी आपको अपना काम खुशी से करना चाहिए। नाटक में 60 साल बूढ़े कलाकार का रोल 25 वर्षीय विकास शर्मा ने निभाया है। सत्यजीत का रोल अम्बुज ठाकुर ने निभाया। संगीत अधिशा नायर का रहा। नाट्य निर्देशन दिनेश नायर ने किया। कुल 15 कलाकारों के साथ नाटक निर्धारित गति से आगे बढ़ा।*



### काम करके मिला असीम संतोष

नाटक में पटोल बाबू ने निर्देशक को सलाह दी कि अगर टक्कर उस समय हो जब उनकी समाचार पत्र पर नजरें टिकी हों, तो सीन बहुत वास्तविक लगेगा। एक समाचार पत्र उसी समय दिया गया। पटोल बाबू ने अभिनय की क्षमता का उच्च स्तर का प्रदर्शन कर एक टेक में ही शॉट ओके कर दिया। उनके अभिनय में 25 प्रतिशत वेदना और 25 प्रतिशत आश्चर्य का मिश्रण करके 'ओह' बस यही एक डायलॉग था। इसके लिए उन्हें 20 रुपए मिले, लेकिन साथ में मिला असीम संतोष इसलिए पटोल बाबू बिना भुगतान लिए वहां से चले जाते है। दस मिनट बाद, नरेश दत्त हैरान रह गए कि पटोल बाबू अपने पैसे लिए बिना ही चले गए।

## पुलिसकर्मियों को दिया सीसीटीवी कैमरों के रखरखाव और संचालन का प्रशिक्षण

**भोपाल।** पुलिस कमिश्नर कार्यालय में मंगलवार को पुलिस कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान भोपाल के सभी थानों और चौकियों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों एवं सिस्टम के रखरखाव, संचालन तथा सिस्टम में आने वाली समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने के लिए 'टिकट पोर्टल' का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

टेक्निकल टीम ने कैमरों के बंद होने, एलईडी बंद होने, यूपीएस मे खराबी, रिकॉर्डिंग में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यूजर आईडी एवं पासवर्ड दिया गया। कैमरों से फुटेज कैसे निकाले जाते हैं, इस बारे में भी प्रशिक्षण दिया। इस दौरान एसीपी रेडियो किशोर खड़कोतकर, प्रभारी नगर नियंत्रण मनोज बैस, सीसीटीवी प्रभारी आनंद वर्मा के साथ सभी थानों के लगभग 70 पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# भेल के संयुक्त कर्मचारी संगठनों ने समस्याओं पर नए ईडी से की भेंट

*हेस्टू एचएमएस, केटीयू व यूएमएस ने शिफ्ट परिवर्तन, इंसेंटिव स्कीम सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की मांग की*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल भोपाल के नए कार्यपालक निदेशक एसएम रामनाथन का कई कर्मचारी संगठनों ने स्वागत किया। वहीं भेल के संयुक्त कर्मचारी संगठनों ने समस्याओं को लेकर नए ईडी से मुलाकात की। इसमें हेस्टू एचएमएस, केटीयू व यूएमएस ने शिफ्ट परिवर्तन, इंसेंटिव स्कीम सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की मांग की।

हेस्टू एचएमएस यूनियन के महासचिव अमर सिंह राठौर, वरिष्ठ सचिव हेमंत सिंह, सहयोगी संगठनों केटीयू यूनियन के अध्यक्ष आरएस ठाकुर व आरएस अरोरा, यूएमएस से जितेंद्र सक्सेना व छोटेलाल कोरी इस मौके पर मौजूद थे। यूनियन की ओर से समस्त पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को बिन्दूवार रखी। इनमें प्रमुख रूप से शिफ्ट परिवर्तन पर यूनियन द्वारा सहमति न होते हुए भी लागू करना, मज़दूर हितों की अवहेलना करना, यूनियन द्वारा सुझाए समय पर पुनः विचार कर शिफ्ट को लागू करना आदि मांग की।

## एम्स में एक्यूट अनडिफरेंशिएटेड फीवर पर हुई कार्यशाला

**भोपाल।** राजधानी के एम्स में एक्यूट अनडिफरेंशिएटेड फीवर-पाइरेक्सिया के लिए एल्गोरिदम आधारित इंटरवेंशनल दृष्टिकोण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

यह कार्यशाला शीघ्र पहचान के लिए राज्य सरकार के चिकित्सा अधिकारियों और महामारी विज्ञानियों की क्षमता निर्माण एवं एक्यूट अनडिफरेंशिएटेड फीवर पैदा करने के लिए जिम्मेदार विभिन्न कारणों का उपचार के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्घाटन एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने डॉ. योगेश कुमार, उप निदेशक आईएचआईपी, डीएचएस और शैलेंद्र कुमार सिंह, राज्य कीटविज्ञानी एमपी की उपस्थिति में किया।

# हरिभूमि के आनंद सक्सेना व आईएनएच न्यूज के मनीषकांत को मिला सत्यनारायण तिवारी सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि समाचार-पत्र के वरिष्ठ संवाददाता आनंद सक्सेना और आईएनएच न्यूज चैनल के मनीषकांत जैन समेत अन्य मीडिया कर्मियों व ट्रेड यूनियन नेताओं को सत्यनारायण तिवारी सम्मान से नवाजा गया। मंगलवार दोपहर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सामान्य वर्ग कल्याण आयोग शिव कुमार चौबे थे। विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के चेयरमैन रमेशचंद्र शर्मा थे। इस अवसर पर आईएनएच न्यूज चैनल भोपाल के मनीषकांत जैन और हरिभूमि समाचार-पत्र के आनंद सक्सेना को अतिथियों ने को शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में 10 ट्रेड यूनियन नेताओं के साथ नौ मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। ट्रेड यूनियन श्रेणी में मप्र संविदा कर्मचारी-अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौड़ सहित दिल्ली-महाराष्ट्र के कर्मचारी नेताओं को सम्मानित किया गया।

**खबर संक्षेप**



## वार्ड 14 में फैली गंदगी नालियां भी हो रहीं जाम

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 14 में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। इसके साथ ही कॉलोनियों की नालियां भी जाम होने से पानी का बहाव नहीं हो रहा है, जिसके कारण संक्रमण बीमारियां फैल रही है। वार्ड 14 के वरिष्ठ अशोक जायसवाल, कृष्णा नरवरिया का कहना है की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर तीन बार शिकायत की, नगर परिषद में 10 बार जाकर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं है। वार्ड 14 की विनीता और सविता सोनू पंजाबी, आकाश जैन, सुरेश चावला, बल्लू अरोरा का कहना है हम खुद सीएमओ से कहकर आए थे इसके बाद भी नगर में सफाई नहीं की गई। वार्ड 14 के पार्षद, दीपू परमार का कहना है कि मैने भी कई बार सफाई के लिए कहा है पर कोई ध्यान नहीं देता। नपा अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे ने कहा मैं दिखवाती हूं। सीएमओ सोनाली शर्मा ने कहा मैं देखती हूं शिकायत आने पर सफाई क्यों नहीं हुई।

## दहेज नहीं देने पर मंगेतर ने तोड़ा रिश्ता

**भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने एक इंजीनियर युवती की रिपोर्ट पर उसके मंगेतर के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और दहेज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 31 वर्षीय युवती वर्तमान में एक आईटी कंपनी में नौकरी करती है। करीब आठ साल पहले वह भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के समय उसकी पहचान उसी के जिले के एक युवक से हुई थी। बाद में दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण किया। पिछले साल दोनों के परिवार की सहमति से सगाई हो गई। बाद में युवक दहेज के रूप में बीस लाख रुपए और एक कार की मांग करने लगे। युवती के परिजनों ने दहेज देने से इंकार किया तो युवक और परिजनों ने रिश्ता तोड़ दिया।

## स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच



**औबेदुल्लागज।** नर्मदा पुरम रोड स्थित जगमीत पेट्रोल पंप संचालक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उद्योगपति एवं समाजसेवी देवेंद्र सिंह राजू, भारत पैट्रोलियम द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में मंगलवार सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पेट्रोल पंप पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल के डाक्टर राहुल जैन, डाक्टर शिवम उपस्थित रहें। स्वास्थ्य शिविर में एचआईवी, बीपी, शुगर सहित सर्दी-जुखाम, बुखार सहित आंखों की जांच की गई। इस दौरान अनेक वाहन चालकों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर शिविर में जांच करवाया।

एक ही थाना क्षेत्र में चार सालों में करीब 75 से ज्यादा की वारदात

# वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले दो आरोपी हिरासत में, तीन फरार

## गश्त ठीक से न होने के कारण रुक नहीं रहीं घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर क्षेत्र में लंबे समय से उत्पाती युवकों ने हुड़दंग मचा रखी है। वे रात के गाड़ियों पर निकलते हैं तथा घरों के बाहर खड़े हुए वाहनों में तोड़फोड़ कर भाग निकलते हैं। कई बार रंजिश के तहत इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है, तो कई बार केवल उत्पात मचाना ही उनका मकसाद होता है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात उत्पाती युवकों ने फिर से वाहनों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन अब भी फरार हैं।

*ऐशबाग, जहांगीराबाद कोलार के बदमाशों ने कमला नगर में की वारदात*

पांचों युवक कमला नगर इलाके के रहने वाले नहीं हैं। नशे की हालत में उन्होंने घटना को अंजाम दिया था। कमला नगर इलाके के रहवासी इन दिनों बदमाशों के आतंक से परेशान हैं। चार सालों में वाहनों में तोड़फोड़ की। यहां करीब 75 से ज्यादा वारदात हो चुकी हैं। लोगों की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई तो करती है, लेकिन रात की गश्त ठीक से न होने के कारण घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला नेहरू नगर का है। जहां रविवार-सोमवार की दरमियानी रात कुछ बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया और व्यापारियों के घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इससे यहां रहने वाले लोग दहशत में हैं और पुलिस के खिलाफ आक्रोशित हैं। इस पूरे मामले की शिकायत पीड़ित व्यवसायी मनीष होटवानी, विकास कुमार ने कमला नगर थाने में की है। जानकारी के मुताबिक नेहरू नगर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे घर के बाहर खड़ी कारों में स्कूटर पर सवार बदमाशों ने तोड़फोड़ कर भाग निकले।

**शराब के नशे में घटना को दिया अंजाम**

सोमवार को मामले की शिकायत स्थानीय रहवासियों और तोड़फोड़ के शिकार व्यापारियों ने पुलिस से की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को हिरासत में ले लिया है, जबकि तीन युवक अब भी फरार हैं। थाना प्रभारी अनुपमा पांडेय का कहना है कि उत्पात मचाने वाले पांचों ही युवक ऐशबाग, जहांगीराबाद व कोलार क्षेत्र के हैं। उन्होंने शराब के नशे में घटना को अंजाम दिया था। उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी।

# बिजली कनेक्शन काटने पहुंचे कर्मचारियों को रहवासियों ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



आनंद नगर स्थित शिव नगर कॉलोनी में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब बिजली कर्मचारी ने बिल जमा नहीं करने वालों के कनेक्शन काट दिए। बिजली कनेक्शन काटने से नाराज रहवासियों ने कर्मचारियों को घेर लिया और दोबारा कनेक्शन जोड़ने दवाब बनाने लगे। कर्मचारियों ने कहा कि बिजली का बिल जमा करने पर ही कनेक्शन जोड़े जाएंगे। बतादें कि बिजली कर्मचारियों ने बिल जमा नहीं करने पर शिव नगर कॉलोनी में 20 से अधिक लोगों के बिजली कनेक्शन काट दिए थे। डेढ़ घंटे चले हंगामें के बाद भी बिजली कर्मचारी बिना कनेक्शन जोड़े वहां से रवाना हो गए। बतादें कि बिजली कंपनी द्वारा समय पर बिल नहीं जमा करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर रहा है।

108 के कर्मचारियों ने एंबुलेंस में कराया सुरक्षित डिलीवरी पहुंचाया अस्पताल

# एंबुलेंस में गूंजी किलकारी जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सूखी सेवनिया के खेरयाई टपरा गावं निवासी रीना पति राजेश को मंगलवार दोपहर 108 एंबुलेंस से डिलीवरी के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में चोपड़ाकलां लाल कोटी के पास महिला को लेबर पेन होने लगा। लागातार दर्द होने से महिला की स्थिति को देख ईमटी धमेंद्र धाकड़ ने सूझबूझ के साथ महिला की सास की मदद से सुरक्षित डिलीवरी कराई। इसके बाद महिला को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्थिति को संभालने के लिए सक्षम हैं कर्मचारी

108 एंबुलेंस का संचालन करने वाली जय अंबे कंपनी के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह परिहार ने बताया कि 108 एंबुलेंस स्टाफ हर प्रकार की आपातकालीन स्थिति को संभालने के लिए सक्षम है। दोनों जच्चा और बच्चा को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ मामलों में देखा गया है लोग आखिरी समय पर एंबुलेंस पर कॉल करते हैं। मेरा निवेदन है कि आप एंबुलेंस को समय पर बुलाए।



## रायसेन में जन अभियान परिषद की समीक्षा बैठक, एनजीओ संस्था प्रतिनिधि शामिल हुए

**औबेदुल्लागंज।** मप्र जन अभियान परिषद की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक रायसेन में आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में नगर की नवांकुर संस्थाएं, सीएमसीएलडीपी प्रोग्राम के परामर्शदाता ब्लॉक समन्वयक के नेतृत्व में शामिल हुए। जिला बैठक में भोपाल संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव, संभाग समन्वय वरुण आचार्य, जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत, विकासखंड समन्वयक निशा बहेकर द्वारा नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा की गई। नवांकुर संस्थाओं के फिल्ड वर्क एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सतत सक्रिय रहने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

## भगवान कला केंद्र के स्थापना दिवस पर फीस में भारी छूट

**संतनगर।** भगवान कला केन्द्र द्वारा अपने स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों पर 30 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त पंजीयन शुल्क भी नहीं लगेगा। यह ऑफर 31 जनवरी तक वैध रहेगा। केन्द्र की स्थापना 30 जनवरी 1994 में परमहंस संत हिरदाराम साहिबजी के करकमलों द्वारा की गई थी। केन्द्र के संचालक थावर वरलानी ने बताया कि केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न प्रकरण के पाठ्यक्रमों जैसे कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, हिन्दी एवं इंग्लिश टायपिंग, स्टेनाग्राफी, फैशन डिजायनिंग, सिलाई, ब्यूटीफिकेशन आदि पर 30 प्रतिशत की छूट एवं शून्य पंजीयन शुल्क होगा।

पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी

# पुराने विवाद को लेकर तीन लोगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन में रहने वाले एक युवक पर तीन लोगों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले का कारण पुराना विवाद बताया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक बैरसिया निवासी संजय धानक (23) यहां सुभाष कॉलोनी में रहता है और औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन स्थित एक कारखाने में काम करता है।



अनुराग, अर्जुन और देवेश नामक युवकों को साथ उसका पुराना विवाद चल रहा है। संजय ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम करीब सवा छह बजे वह घर के पास मौजूद था, तभी तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल संजय को इलाज चल रहा है।


### बागसेवनिया में ऑटो चालक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** बागसेवनिया में रहने वाले एक ऑटो चालक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। घरवालों के बयान होने के बाद ही फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस के मुताबिक करण सिंह परमार (50) पुरानी बस्ती बागसेवनिया में रहता था और ऑटो चलाता था। सोमवार रात करीब पौने बारह बजे उसने घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए एम्स अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

## एक साथ 3 घरों के ताले तोड़कर बुलेट, यामाहा और अपाचे बाइक ले उड़े बदमाश

### नए साल के 9 दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों से उड़ाए 55 वाहन

**भोपाल।** राजधानी में बीती रात कोहेफिजा इलाके में बदमाशों ने एक साथ तीन घरों के पोर्च के ताले तोड़े और अंदर खड़ी कीमती बुलेट, यामाहा आर-15 और अपाचे बाइक चोरी कर ले गए। बदमाशों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। नए साल के 9 दिनों के भीतर बदमाश शहर के विभिन्न इलाकों से कुल 55 दोपहिया वाहन चोरी कर ले जा चुके हैं। कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक अंकित सोनी पुत्र नरेंद्र कुमार सोनी (36) न्यू आम्रपाली कालोनी, जैन नगर फेस-2 लालघाटी में रहते हैं। वह चौक बाजार में ज्वेलर्स की दुकान चलाते हैं। अंकित ने बताया कि सोमवार की रात करीब ग्यारह बजे उन्होंने अपनी यामाहा आर-15 स्पोर्ट्स बाइक घर के पोर्च में खड़ी की थी। मंगलवार सुबह नींद खुली तो उनकी बाइक गायब थी और पोर्च के गेट में लगा ताला टूटा मिला। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि बदमाशों ने उसी कॉलोनी में रहने वाले सुभाष सोनी (48) के पोर्च गेट का ताला तोड़कर अंदर खड़ी बुलेटे बाइक और यहीं रहने वाली दीपक कुमार विश्वकर्मा (27) के पोर्च गेट का ताला तोड़कर अंदर खड़ी अपाचे बाइक भी चोरी की है। पुलिस ने अंकित की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए तीन बदमाश**

एक ही कॉलोनी में एक साथ तीन घरों के पोर्च गेट का ताला तोड़कर कीमती बाइक चोरी होने के बाद पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर तीन बदमाश गेट का ताला तोड़कर बाइक चुराते हुए दिखाई दिए। बदमाशों ने पोर्च में खड़ी बाइक को उठाकर बाहर निकाला था। पिछले दिनों कटारा हिल्स इलाके में बदमाशों ने एक साथ 8 दोपहिया वाहन चोरी किए थे, जिनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। अनुमान था कि यह गिरोह बाइक चोरी करने के बाद उन्हें किसी लोडिंग वाहन में लादकर गायब हो जाता है।

दूसरी लड़की से निकाह करने पर मामला थाने पहुंचा

# युवक ने शादी का झांसा देकर 20 साल तक किया युवती का शारीरिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

घर में साथ में रहने के दौरान आपस में रिश्तेदार युवक व युवती को प्रेम-प्रसंग हो गया। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। बाद में वो भोपाल से बाहर चला गया और दूसरी युवती से शादी भी कर ली। इसकी जानकारी मिलने पर युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय युवती ऐशबाग इलाके में रहती है। बीस साल पहले उसका एक रिश्तेदार युवक उसके ही घर में रहने आया था। वह यहां पर मैकेनिक का काम करना सीख रहा था। बाद में प्राइवेट नौकरी करने लगा था। साथ में रहने के दौरान दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। युवक ने जल्द ही शादी करने का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया।

**शादी का दबाव बनाया तो मुकरा**

कई सालों तक वह उसका शोषण करता रहा, लेकिन शादी नहीं की। इसी बीच युवक ने दूसरी लड़की से निकाह कर लिया। इस निकाह के बारे में जब युवती को पता चला गया तो उसने कहा कि वह अपनी पत्नी को तलाक देकर उससे निकाह कर लेगा। युवक जब भोपाल आता था तो युवती के साथ ज्यादती करता था। गत 25 दिसंबर को भी वह भोपाल आया तथा युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती ने जब शादी करने के लिए दबाव डाला तो उसने शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद दोनों के परिवारों के बीच बात नहीं बन पाई तो युवती ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की तैयारी

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने घर-घर दे रहे अक्षत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर सहित आस-पास के गांवों में रामभक्तों की ओर से घर-घर जाकर पूजित अक्षत बांटे जा रहे हैं। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने और अयोध्या आने का आमंत्रण दे रहे हैं। आमंत्रण पत्रक के जरिए मंदिर निर्माण की भव्य स्वरूप से भी आमजन को अवगत कराया जा रहा है। पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है। इस दौरान पार्षद शुभम राजपूत, राम गुर्जर, दीपक पाल, विशेष गुप्ता, जगदीश मांझी, बृजेश दायमा, मोनू जैन आदि मौजूद रहे।

अतिक्रमण से लगता है जाम, वाहन चालक होते हैं परेशान

# औबेदुल्लागंज में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण रसूखदार दुकाने बनाकर वसूल रहे मोटी रकम


हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर दुकान बनाकर किराया वसूलने का कारोबार जमकर चल रहा है। ये अतिक्रमण क्षेत्र के रसूकदारों द्वारा किया जाता है, जो बड़ा व्यवसाय के रूप में चल रहा है। रसूखदारों का अतिक्रमण जाल ऐसा फैला है कि गुपचुप किराया लेते हैं और जब अतिक्रमण हटाने की बात आती है तो गरीबों के अतिक्रमण हटाने की बात कर विरोध करने लगते हैं। वहीं दूसरी ओर नगर के विभिन्न क्षेत्र और बस व टेंपो स्टैंड पर भारी अतिक्रमण है, जिसके कारण आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है और वाहन चालक घंटों परेशान होना पड़ता है।



### पटवा भी अतिक्रमण हटाने के दे चुके हैं निर्देश

विधायक सुरेंद्र पटवा ने तो निर्देश दे चुके हैं कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है तो अतिक्रमण हटना चाहिए। वहीं सीएमओ सोनाली शर्मा को कुछ जागरूक लोगों ने कहा अतिक्रमण धारी किराया वसूल रहे हैं तो वे कहती हैं कि प्रभावी कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे ने कहा कि नगर को सुंदर स्वच्छ बनाने मास्टर प्लान बनाने पर चर्चा चल रही है, मगर नगर के 98 फीसदी नगरवासियों का कहना है कि मात्र 2 प्रतिशत रसूखदारों के अतिक्रमण से 98 प्रतिशत नगरवासी दुखी और परेशान हैं।




## सिंधी समाज का तीन दिनी सम्मेलन गोवा में

**संतनगर।** सिंधी समाज की सबसे पुरानी संस्था अखिल भारतीय सिंधी समाज (रजि.) नई दिल्ली का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 14, 15, 16 मार्च को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गोवा में आयोजित किया गया है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी व संयोजक रमेश तनवानी ने बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में पूरे भारत से सिंधी समाज के लोग शामिल होंगे। इसमें प्रथम दिन प्रातः12 बजे से रहेगा। दूसरे दिन राष्ट्रीय सम्मेलन में सिंधी समाज जल्दी के मुद्दों पर व्यापक चर्चा कर ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

7 साल बाद भी पद को भरने में विभागीय अधिकारी रहे नाकाम

# मंडीदीप ब्लॉक में नहीं है एक भी नेत्र रोग विशेषज्ञ, प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने देनी पड़ रही है मोटी रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मानव शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग आंख है, पर इसे सुरक्षित रखने में स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय अधिकारी बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। अधिकारियों द्वारा नेत्र रोग की रोकथाम को लेकर जमकर कोताही बरती जा रही है। जिम्मेदारों की उदासीनता का हाल यह है कि ब्लॉक में नेत्र चिकित्सक का पद अब भी खाली है। सिविल अस्पताल बनने के बाद लोगों को आस थी कि अब उन्हें नेत्र चिकित्सा की सुविधाएं मिल सकेंगी, लेकिन 7 साल बाद भी इस पद को भरने की याद विभागीय अधिकारियों को नहीं आई। इस कारण क्षेत्र में नेत्र रोगी राजधानी के विभिन्न निजी अस्पतालों में मंहगा उपचार कराने को मजबूर हैं।

### सिविल अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 10 से 12 मरीज नेत्र रोगों आते हैं




नगर के सिविल अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 10 से 12 मरीज नेत्र रोगों के आते हैं, जबकि सेवा सदन के विजन केयर सेंटर में ऐसे मरीजों की संख्या 15 से 20 है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिम्मेदारों ने सिविल अस्पताल के साथ ही नेत्र विशेषज्ञ की पदस्थापना करा दी होती तो यहां प्रतिमाह करीब 300 नेत्र विकार से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिल जाती। यदि अस्पताल के आंकड़ों को सच माने तो सिविल अस्पताल उन्नयन 28 दिसंबर 2017 के बाद से अब तक करीब 20,000 नेत्र रोगी उपचार कराने पहुंचे, लेकिन नेत्र विशेषज्ञ के न होने के कारण उन्हें प्राइवेट अस्पतालों में उपचार कराना पड़ा। इस दौरान उन्हें 1000 से 20,000 रुपए तक खर्च करने पड़े हैं। इस तरह पिछले 7 सालों में लगभग 40 करोड़ रुपए खर्च हो गए। मतलब सरकारी सिविल अस्पताल में जो सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होनी थी उसके लिए आम लोगों को अपनी जेब से इतनी बड़ी रकम खर्च करनी पड़ी।

**लंबे समय से रिक्त है सर्जन का पद**

हमारे यहां नेत्र सर्जन का पद स्वीकृत है, लेकिन वो लंबे समय से रिक्त है, जिसकी मांग हमने वरिष्ठ अधिकारियों से की है। हालांकि मड़ीदीप-औबेदुल्लागंज में एक-एक नेत्र सहायक पदस्थ हैं।

**डॉ. अमृता जीवने**
ब्लॉक मेडिकल अधिकारी
औबेदुल्लागंज

# ग्लोबल ट्रेड शो

# पीएम मोदी ने दुनिया के 'दिग्गजों' के साथ किया उद्घाटन


गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो के उद्घाटन के दौरान तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा, मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्युसी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ।





गांधीनगर। पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्युसी और अन्य लोगों के साथ ग्लोबल ट्रेड फेयर के संबंध में बातचीत करते हुए।

## खबर संक्षेप



### महाराष्ट्र में मिले कोरोना के 19 नए मरीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन .1 के 19 रोगियों की पहचान की गई है। इसके बाद राज्य में जेएन .1 की कुल संख्या 29 हो गई है। सबसे अधिक मामले पुणे में दर्ज किए गए हैं। नए साल के जश्न से पहले केंद्र और राज्य दोनों सरकारें नए ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट जेएन.1 के खतरे को लेकर सावधान रहने को कहा है।



### दिल्ली वक्फ बोर्ड: 5 की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक्फ बोर्ड में वित्तीय अनियमितता और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है। इनमें जीशान हैदर, जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद अंसारी, कौसर इमाम सिद्दीकी और एक साझेदारी फर्म स्काई पावर शामिल हैं। सुनवाई के लिए 12 जनवरी की तारीख तय की है।

## गुजरात में मेगा शो... पीएम मोदी ने ग्लोबल ट्रेड शो की शुरुआत की

# व्यावसायिक संभावनाओं का खुलेगा 'द्वार' एक छत के नीचे होगी उद्योगों की भरमार

◆ नेटवर्किंग और ज्ञान साझा करने का यह मंच लाखों अवसर पैदा करेगा

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। पीएम वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन और उससे जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अपने गृह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड शो में से एक वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो में कई उद्योगों और व्यावसायिक क्षेत्रों को एक छतरी के नीचे प्रदर्शित किया जाएगा।

अपार व्यावसायिक संभावनाओं के साथ नेटवर्किंग और ज्ञान साझा करने का यह मंच लाखों अवसर पैदा करेगा। यह कार्यक्रम 13 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद पीएम शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी जाएंगे, जहां पर ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत का कार्यक्रम है। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन 2003 में मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ था, जब वे राज्य के मुख्यमंत्री थे।



■ यह सम्मेलन 2003 में शुरू हुआ था, जब मोदी वहां के सीएम थे

### 20 वर्ष सफलता के शिखर के रूप में मनेगा

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का दसवां संस्करण गांधीनगर में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इसकी थीम 'गेटवे टू द फ्यूचर' है। शिखर सम्मेलन का यह दसवां संस्करण 'वाइब्रेंट गुजरात के 20 वर्षों को सफलता के शिखर सम्मेलन के रूप में' मनाएगा।

### इस बार 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन शामिल

इस वर्ष के शिखर सम्मेलन के लिए 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय पूर्वोत्तर क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात मंच का उपयोग करेगा। शिखर सम्मेलन इंडस्ट्री 4.0, प्रौद्योगिकी और नवाचार, सतत विनिर्माण, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता की दिशा की ओर बढ़ने जैसे विश्व स्तर पर प्रासंगिक विषयों पर सेमिनार और सम्मेलन होंगे।

### उत्पादों का भी किया जाएगा प्रदर्शन

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो में कंपनियां वर्ल्ड क्लास स्टेट ऑफ द आर्ट टेक्नोलॉजी से बने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी। ई-मोबिलिटी, स्टार्ट-अप, एमएसएमई, ब्लू इकोनॉमी, ग्रीन एनर्जी और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर इस ट्रेड शो के कुछ फोकस सेक्टर हैं।

### विभिन्न कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने दुनिया की प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से पहले अर्थव्यवस्था को गति देने तथा रोजगार सृजित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के इरादे से हुई है। 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले पीएम ने सुजुकी मोटर कॉर्प, माइक्रोन टेक्नोलॉजी और एपी मोलर के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और उद्योग से जुड़े मुद्दों तथा निवेश अवसरों पर चर्चा की।

■ वाहन विनिर्माण, अन्य मुद्दों पर चर्चा भी की

#### बड़ा वाहन बाजार बनेगा

पीएमओ ने 'एक्स' पर लिखा, मोदी और सुजुकी मोटर कॉर्प के प्रतिनिधि निदेशक और अध्यक्ष तोशिहीरो सुजुकी ने भारत में विनिर्मित वाहनों का निर्यात करके देश को वैश्विक वाहन बाजार में एक मजबूत इकाई बनाने की मारुति सुजुकी की योजनाओं पर चर्चा की।

## सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा

# मंदिरों की ध्वजा देश को एक सूत्र में जोड़ रही है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम मंदिर का पहला चरण पूरा होने को है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा है। इस बीच देश में 'धर्म' चर्चा का विषय बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ गुजरात यात्रा के दौरान मंदिरों की यात्रा पर गए थे तो इस पर भी बहस छिड़ गई। सीजेआई ने द्वारका और सोमनाथ मंदिर में अपनी पत्नी के साथ दर्शन किया था। 6 और 7 जनवरी को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ गुजरात की दो दिवसीय यात्रा पर गए थे। उन्हें राजकोट में जामनगर रोड पर 110 करोड़ की लागत से बने नए न्यायालय भवन का उद्घाटन करना था। चंद्रचूड़ ने बताया,चुनौतियों के समाधान के लिए महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों से प्रेरणा ली थी।

### गुहा का विवादित बयान

### गांधी कभी मंदिर नहीं गए



भारतीय इतिहासकार रामचंद्र गुहा को गांधी पर लिखी उनकी किताबों के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है। महात्मा के जीवन और विरासत का अध्ययन करने में गुहा ने कई दशक बिताए हैं। अपने एक कॉलम में गुहा दर्ज करते हैं कि सही मायने में गांधीजी खुद कभी किसी हिंदू मंदिर में नहीं गए। 1946 में मदुरै के मीनाक्षी मंदिर का दौरा एक अपवाद था। वे दौरा दलितों के मंदिर प्रवेश के लिए था।

## लैंड फॉर जॉब ईडी की पहली चार्जशीट पेश

# बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी और सांसद बेटी मीसा का नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे की नौकरियों के बदले जमीन से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को अपना पहला आरोपपत्र दायर किया, जिसमें बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती का नाम है।

आरोपपत्र में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार के कथित 'करीबी सहयोगी' अमित कत्याल, कुछ अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। मामले की सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तारीख तय की है।

### तेजस्वी अब तक पेश नहीं हुए





ईडी ने कत्याल को पिछले साल नवंबर में इस मामले में गिरफ्तार किया था, जबकि लालू और उनके बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को एजेंसी ने तलब किया था, लेकिन वे अभी तक पेश नहीं हुए हैं। यह कथित घोटाला उस समय का है जब वे संप्रग-1 सरकार में रेल मंत्री थे।

#### पीएमएलए की आपराधिक धाराओं में केस दर्ज

पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज धनशोधन का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज शिकायत से उपजा है। सीबीआई इस मामले में पहले भी आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है।

## महाराष्ट्र में ईडी की कार्रवाई

# यूबीटी विधायक वायकर के 7 ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कथित जमीन घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। ईडी ने वायकर के जोगेश्वरी स्थित घर पर मंगलवार सुबह छापा मारा।

छापेमारी मुंबई के जोगेश्वरी इलाके में बीएमसी की जमीन पर लग्जरी होटल बनाने के मामले से जुड़ी है। भूमि उपयोग की शर्तों में हेरफेर करके इस होटल का निर्माण कराने का आरोप है। इसी मामले में उनसे जुड़े 7 ठिकानों पर छापेमारी की।



#### 500 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का मामला

ईडी की 10-12 अधिकारियों की टीम सुबह करीब 8:30 बजे वाइकर के घर पहुंची। तब से ईडी वायकर के घर की तलाशी ली। ईडी के अनुसार यह मामला 500 करोड़ रुपए के हेरफेर से जुड़ा हुआ है।

## आईआईएमसी का 55वां दीक्षांत समारोह आज

# भारत मंडपम में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद मुख्य अतिथि होंगे, प्रमाण-पत्र देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) का 55वां दीक्षांत समारोह बुधवार यानी 10 जनवरी 2024 को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इसके साथ वे दीक्षांत भाषण भी देंगे। आईआईएमसी के चेयरमैन आर जगन्नाथन और महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर भी इस समारोह में शामिल होंगे।



#### प्रमुख संस्थान के रूप में विशिष्ट स्थान

1965 में स्थापित मीडिया और संचार शिक्षा में विशेषज्ञता के साथ भारत में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विशिष्ट दर्जा रखता है। संस्थान विभिन्न विषयों में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिसमें हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, विज्ञापन और जनसंपर्क, रेडियो और टेलीविजन, डिजिटल मीडिया, ओडिया पत्रकारिता, मराठी पत्रकारिता, मलयालम पत्रकारिता और उर्दू पत्रकारिता जैसे विभाग शामिल हैं।

#### कई राज्यों के संकाय सदस्य भी शामिल होंगे

सुबह 10 बजे प्रारंभ होने वाले इस समारोह में आईआईएमसी नई दिल्ली और इसके पांच क्षेत्रीय केंद्रों ढेंकनाल, आइजोल, अमरावती, कोट्टायम और जम्मू के संकाय सदस्य भी शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में 2021-22 और 2022-23 बैच के विद्यार्थियों (आईआईएमसी दिल्ली और उसके सभी केंद्र) को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। दोनों बैचों के 65 विद्यार्थियों को अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।


## स्पीकर का फैसला आज

# अयोग्यता पर फैसले से पहले उद्धव गुट पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को हलफनामा दाखिल किया। उद्धव गुट ने सीएम एकनाथ शिंदे और स्पीकर राहुल नार्वेकर की मुलाकात पर आपत्ति जताई है।

हलफनामे में कहा गया है कि विधायकों की अयोग्यता पर फैसला देने से पहले स्पीकर का सीएम से मिलना गलत है। 7 जनवरी को स्पीकर और सीएम की मुलाकात हुई थी। शिंदे समर्थक विधायकों की अयोग्यता पर बुधवार को स्पीकर का फैसला आना है।



#### उद्धव का निशाना

इससे पहले नार्वेकर और शिंदे की मुलाकात का जिक्र करते हुए उद्धव ने कहा कि विधायकों की पात्रता और अपात्रता के फैसले पर इसका असर हो सकता है। हमने इसकी शिकायत की है। उद्धव ने आशंका जताई बुधवार को भी फैसला न आए। इसे चुनाव तक टाला जा सकता है।

## 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने हासिल किए थे करीब 41 फीसद वोट

# बंगाल की किलेबंदी में जुटी भाजपा, 18 सीटों को 25 करने की तैयारी

### पिछले चुनाव में कम अंतर से हारी सीटों पर भाजपा की पैनी नजर

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा पश्चिम बंगाल की किलेबंदी में जुटी है। इस बार भी पिछले लोकसभा चुनाव की तरह ममता बेनर्जी से सीधा मुकाबला होना है। भाजपा कम से कम 25 लोकसभा सीटें बंगाल में जीतने की तैयारी में जुटी है। पिछले चुनाव में यहां पार्टी ने आश्चर्यजनक प्रदर्शन करते हुए 18 सीटों पर विजय हासिल की थी।

भाजपा के लिए बंगाल कितना अहम है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा लगातार राज्य में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। भाजपा संगठन ममता बेनर्जी और विपक्षी गठबंधन की चुनावी गतिविधियों पर बारीक नजर बनाए हुए है। पार्टी उन सीटों पर खास फोकस किए हुए है, जहां पिछले चुनाव में उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे थे।

भाजपा नेतृत्व को अबकी बार के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल को लेकर बड़ी उम्मीदें हैं। यहां 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 42 सीटों में से मात्र दो सीटों पर ही जीत दर्ज की थी। लेकिन 2019 के चुनाव में यह आंकड़ा 18 सीटों का कर दिखाया। 16 सीटों के इस इजाफे ने ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 22 सीटों पर समेट दिया जबकि 2014 के चुनाव में तृणमूल ने राज्य की 34 लोकसभा सीटों पर कामयाबी पाई थी।

■ भाजपा के कब्जे वाली कुछ सीटों पर तृणमूल कर सकती है उलटफेर



#### 2019 में भाजपा का वोट शेयर बढ़ा और टीएमसी का घट गया

सीपीआई-एम के हाथ एक भी सीट नहीं लग पाई और कांग्रेस मात्र 2 सीटें जीत पाई। अगर वोट शेयर की बात करें तो 2014 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को 39.8 फीसद वोट मिला था जबकि भाजपा को मात्र 17 फीसद ही वोट मिल पाए थे। लेकिन पांच साल बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस, वामदलों और कांग्रेस को आश्चर्य में डालते हुए अपना वोट शेयर 40.7 फीसद कर दिखाया। भाजपा का यह वोट शेयर टीएमसी से लगभग 3 फीसद ही कम था। अबकी बार भाजपा की नजर ममता सरकार से नाराज मतदाताओं पर तो है ही, साथ ही मोदी की गारंटी और राम मंदिर निर्माण जैसे मुद्दों के साथ हिंदू वोटों को ज्यादा से ज्यादा अपने पाले में खींचने पर भी है। 2014 के लोकसभा चुनाव में सीपीआई-एम का वोट शेयर 23 फीसद था जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 9.7 फीसद था। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सीपीआई-एम का वोट शेयर घटकर 6.33 और कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 5.67 फीसद रह गया था।

#### विपक्षी गठबंधन होने पर भी भाजपा तलाश रही अपनी संभावनाएं

यहां भाजपा की जीत की संभावनाएं इस पर भी बहुत हद तक टिकी रहेंगी कि टीएमसी और कांग्रेस में गठबंधन सिरे चढ़ता है कि नहीं। ममता कांग्रेस को 2 सीटों से ज्यादा देने के लिए राजी नहीं हैं जबकि कांग्रेस कम से कम 10 सीटों की मांग कर रही है। ममता जानती हैं कि इस बार का मुकाबला कांटे का होगा। भाजपा ज्यादा सीटें जीती तो टीएमसी की पकड़ ढीली हो जाएगी।

## लक्षद्वीप में बनेगा नया एयरपोर्ट और एयरफील्ड

अच्छी खबरें

### ये होंगे फायदे

- मिनिकॉय द्वीप पर ड्यूल परपज़ एयरफील्ड बनाया जाएगा
- फाइटर जेट्स का संचालन होगा, निरंतर रहेगी आवाजाही
- चीन की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाना आसान होगा
- सेना के लिए हिंद और अरब सागर में ऑपरेशन आसान होगा

*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का लक्षद्वीप को लेकर एकदम नया और विकासात्मक प्लान सामने आया है। अब वहां के मिनिकॉय आइलैंड्स पर भारत सरकार नया एयरपोर्ट और एयरफील्ड बनाने जा रही है। जहां से फाइटर जेट्स, मिलिट्री एयरक्राफ्ट्स और कॉमर्शियल विमानों की उड़ान होगी।*



## भारत के लिए खारे पानी को मीठा करेगा इजराइल

*नई दिल्ली। भारत का दोस्त इजराइल लक्षद्वीप में डीसेलिनेशन प्रोसेस से खारे पानी की अशुद्धियां दूर कर उसे साफ पानी में बदलेगा। इससे मीठे पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने में इजराइल दौरे पर की थी बात।*



### इजराइली तकनीक

- इजराइल भारत के लिए लक्षदीप में बनाएगा मीठा और साफ पानी
- वो खारे पानी को डीसेलिनेशन के जरिए मीठा बनाने में लगा
- इजराइल अपनी जरूरत से 20 फीसदी ज्यादा पानी बना रहा है
- इजराइल में 50 प्रतिशत से ज्यादा पानी साफ होता है

### खबर संक्षेप

#### नार्को टेरर का पर्दाफाश नशे की खेप बरामद



**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने नार्को टेरर का भंडाफोड़ किया है। सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान हथियार और नशा सामग्री को जब्त किया है। इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, कुपवाड़ा जिले के केरन इलाके में किशन गंगा नदी के किनारे पुलिस और सेना ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ड्रग्स और हथियार की खेप बरामद की गई। एके 56 राइफल, एके 56 मैगजीन और नशीले पदार्थ के 10 पैकेट बरामद किये गए हैं।

#### कश्मीर में डर के कारण लागू थी 370: अब्दुल्ला



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में धारा 370 को लेकर एक बार फिर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बयान दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि आखिर धारा 370 को जम्मू कश्मीर में किस वजह से लागू किया गया है। उन्होने कहा कि अनुच्छेद 370 को इस चिंता के कारण लागू किया गया था कि विभाजन के बाद पंजाब से लोग जम्मू और कश्मीर में आ सकते हैं और वहां बस सकते हैं। इस डर से था कि पंजाब के लोग विभाजन के बाद यहां आकर बस जाएंगे और हमारे राज्य के गरीब लोग अपना सामान बेच देंगे।

### राष्ट्रपति को पद से हटाने की मांग ने पकड़ा जोर, अविश्वास प्रस्ताव आएगा

## भारत से पंगा...अब कुर्सी बचाते फिर रहे हैं मालदीव के राष्ट्रपति

**मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की बढ़ रहीं परेशानियां**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों का असर अब राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की कुर्सी पर भी पड़ता दिख रहा है। पूरे मालदीव में मुइज्जू के खिलाफ विपक्षी नेता एकजुट होने लगे है। आने वाले समय में उनकी और अधिक दिक्कतें बढ़ेंगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीयों के खिलाफ मालदीव सरकार के मंत्रियों द्वारा की अपमानजनक टिप्पणियों का असर अब राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की कुर्सी पर भी पड़ता दिख रहा है। एक तरफ वहां की एक पूर्व मंत्री ने भारत को मालदीव का सबसे बड़ा मददगार बताया है तो वहीं एक अन्य मंत्री ने राष्ट्रपति मुइज्जू को उनके पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने तक की मांग कर दी है।

#### खास बातें

- मालदीव की एक पूर्व मंत्री ने भारत को मालदीव का सबसे बड़ा मददगार बताया है
- राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने तक की मांग

#### मुइज्जू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी



मालदीव के अल्पसंख्यक नेता अली अजीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मुइज्जू को हटाने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि हम डेमोक्रेट्स देश की विदेश नीति की स्थिरता बनाए रखने और किसी भी पड़ोसी देश को अलग थलग होने से बचाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्या आप राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को सत्ता से हटाने की इच्छा रखते हैं? क्या एमडीपी अविश्वास प्रस्ताव में मतदान के लिए तैयार है। इससे पहले मालदीव की पूर्व उपसभापति ईवा अब्दुल्ला की ओर से भी पीएम मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणी को शर्मनाक बताया गया था। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा था कि जिस तरह के बयान दिए हैं उससे भारतीयों की नाराजगी जायज है।

#### 300 लोग रोज कैंसिल कर रहे फ्लाइट



*भारतीयों में अपने देश के प्रति प्रेम और मालदीव पर गुस्से का लावा फूट रहा है। आलम ये हो गया है कि मालदीव जाने वाले 300 से 400 यात्री रोज अपनी फ्लाइट कैंसिल कर रहे हैं। इसका असर मालदीव के साथ-साथ भारतीय एयरलाइंस पर भी पड़ रहा है, लेकिन देश प्रेम और अपने प्रधानमंत्री जी के सम्मान में लोग कंधे सेकंधा मिलाकर खड़े हैं। देश के जाने-माने ट्रैवल सर्विस पोर्टल ब्लू स्टार एयर ट्रैवल सर्विसेज के निदेशक माधव ओझा ने कहा, 'लोगों में मालदीव को लेकर गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उनमें भारत के लिए देशप्रेम और अपने प्रधानमंत्री के लिए काफी सम्मान है। इसका असर दोनों देशों के बीच चल रही हवाई सेवाओं पर भी दिख रहा है। रोजाना करीब 300 से 400 लोग अपनी फ्लाइट कैंसिल करा रहे हैं।*

#### अब माफी मांग रहे हैं

*मालदीव को विवादित टिप्पणी से बड़ा झटका लगा है। मालदीव के लिए भारतीय पर्यटक अपनी बुकिंग रद्द कर रहे हैं। इससे मालदीव के टूरिज्म सेक्टर पर असर पड़ रहा है। वहां की टूरिज्म एसोसिएशन भी इस बात को लेकर बेहद नाराज बताई जा रही है। मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री (एमएटीआई) की ओर से बयान जारी कर विवादित टिप्पणी की ना सिर्फ निंदा की गई है बल्कि माफी भी मांगी गई है। मालदीप टूरिज्म एसोसिएशन का कहना है कि भारत हमारा निकटतम पड़ोसी और सहयोगी है। इतिहास में जब भी हमारा देश संकट से घिरा तो सबसे पहले भारत की तरफ से ही प्रतिक्रिया आई है। भारत ने कोविड-19 के बाद इससे हमारे टूरिज्म सेक्टर को उबरने में बड़ी मदद मिली है।*

### राष्ट्रपति होर्टा ने किया

## यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के महात्मा मंदिर में तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति डॉ. जोस रामोस होर्टा गांधीनगर में 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा पर हैं। यह दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति होर्टा ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए सशक्त समर्थन व्यक्त किया हैं । प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति डॉ. जोस रामोस होर्टा गांधीनगर में 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 8 से 10 जनवरी तक भारत की यात्रा पर हैं।

#### दोनों देशों के बीच यह पहली यात्रा है

यह दोनों देशों के बीच राज्य प्रमुख या सरकार स्तर की पहली यात्रा है। पीएम मोदी ने एक जीवंत 'दिल्ली-दिली' संपर्क बनाने की भारत की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। ज्ञात हो कि उन्होंने सितंबर 2023 में तिमोर-लेस्ते में भारतीय मिशन खोलने की घोषणा की थी। उन्होंने तिमोर-लेस्ते को क्षमता निर्माण, मानव संसाधन विकास, आईटी, फिनटेक, ऊर्जा तथा पारंपरिक चिकित्सा और फार्मा सहित स्वास्थ्य सेवा में सहायता की पेशकश की। उन्होंने गठबंधन में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया।

#### मुद्दों और विकास पर भी चर्चा की

पीएम मोदी ने तिमोर-लेस्ते को अपने 11वें सदस्य के रूप में शामिल करने के आसियान के सैद्धांतिक निर्णय के लिए राष्ट्रपति होर्टा को बधाई दी और जल्द ही पूर्ण सदस्यता प्राप्त करने की आशा व्यक्त की। दोनों राजनेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय मुद्दों और विकास पर भी चर्चा की।

### सऊदी अरब में बना इतिहास

## पहली बार कोई भारतीय गैर मुस्लिम नेता पहुंचा मदीना की पवित्र मस्जिद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सऊदी अरब के मदीना शहर में एक अलग ही तरह का इतिहास बन गया। यहां भारत की मंत्री स्मृति ईरानी ने मुस्लिम पवित्र शहर मदीना का दौरा किया है। ऐसा पहली बार है जब मदीना शहर में कोई गैर मुस्लिम भारतीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है। अपने इस्लामिक कानूनों के लिए चर्चित सऊदी अरब में स्मृति ईरानी के पहुंचने को ऐतिहासिक माना जा रहा है। स्मृति अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री हैं।

#### अरब के साथ हज यात्रा को लेकर बड़ा समझौता

दौरे के बाद स्मृति ईरानी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि 'मैंने आज मदीना की ऐतिहासिक यात्रा की। इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में से एक में पैगंबर की मस्जिद अल मस्जिद अल नबवी, उहुद के पहाड़ और पहली इस्लामी मस्जिद कुबा की यात्रा शामिल है।' इससे पहले मंत्री स्मृति ईरानी ने सऊदी अरब के साथ इस साल हज यात्रा को लेकर द्विपक्षीय समझौता किया। इसके तहत अब भारतीय हज यात्रियों का कुल कोटा 1,75,025 तक पहुंच गया है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में सेंध

## व्हाइट हाउस के गेट से बड़ी गाड़ी टकराई, शुरू की जांच



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास व्हाइट हाउस परिसर के गेट से एक गाड़ी टकरा गई। गाड़ी की टक्कर व्हाइट हाउस के नॉर्थ ईस्ट साइड की तरफ के कॉम्प्लेक्स में हुई। गाड़ी ने गेट पर जबरदस्त टक्कर मार दी। यूएस सीक्रेट सर्विस ने जानकारी दी कि दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच चल रही है।


### केंद्र सरकार ने बनाया मेगा प्लान

केंद्र सरकार कर रही है बड़े स्तर पर तैयारी

## सड़कों पर 2030 तक नहीं दिखेंगे पेट्रोल-डीजल से चलित वाहन?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-भारत सहित पूरे देश में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसे लेकर विस्तृत योजना बनाई है। साल 2030 तक प्रदूषण मुक्त भारत का लक्ष्य रखते हुए इस दिशा में केंद्र सरकार के अंतर्गत नीति आयोग ने बड़ा प्लान बनाया है। सरकार ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दे रही है। अब बाइक से लेकर ओला, उबर और अन्य टैक्सी सेवाओं, स्विगी और जोमैटो में इस्तेमाल होने वाली बाइक को इलेक्ट्रिक में बदलने का लक्ष्य रखा गया है।




#### पहले ही दे चुके हैं संकेत

नीति आयोग के सलाहकार सुधेन्दु सिन्हा ने कहा डिलीवरी में लगी कंपनियां ऑर्डर मिलने पर ग्रीन एनर्जी से डिलवरी करने का ऑप्शन देंगी। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बीते साल एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि ग्रीन फ्यूल आज नहीं तो कल किस कीमत पर उपलब्ध होगा पता नहीं। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी कई मौकों पर यह कह चुके हैं कि सरकार का जोर इलेक्ट्रिक वाहन व अन्य ग्रीन एनर्जी से चलने वाले वाहनों पर है।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का जश्न मनाने की अमेरिका में भी तैयारियां तेज

## हम अयोध्या नहीं जा सकते हैं लेकिन राम हमारे दिल में हैं

*इंडियंस कर रहा है रैली का आयोजन* | *400 से अधिक कारें शामिल हो सकती हैं*



एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का जश्न मनाने की अमेरिका में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इस ऐतिहासिक महोत्सव के अवसर पर अमेरिका के प्रमुख शहरों में भर में कार रैलियां निकाली जाएंगी। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का जश्न मनाने की अमेरिका में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इस ऐतिहासिक महोत्सव के अवसर पर अमेरिका के प्रमुख शहरों में भर में कार रैलियां निकाली जाएंगी। आयोजकों ने कहा कि हम अयोध्या नहीं जा सकते हैं लेकिन राम हमारे दिल में हैं। पिछले हफ्ते वाशिंगटन, शिकागो और अमेरिका के अन्य शहरों में कई रैलियां आयोजित की गईं थीं। अमेरिका में 'कैलिफोर्निया इंडियंस' नाम का समूह 'भगवान श्रीराम की घर वापसी' का जश्न मनाने के लिए 20 जनवरी को विशाल कार रैली का आयोजन करने जा रहा है। आयोजकों ने कहा कि रैली में 400 से अधिक कारों के प्रतिभाग करने की संभावना है और यह रैली साउथ बे से प्रतिष्ठित गोल्डन गेट ब्रिज तक जाएगी। आयोजकों ने कहा कि उत्तरी कैलिफोर्निया के भारतवंशी भारत के आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े और गौरवपूर्ण कार्यक्रम का जश्न मनाने के लिए एकजुट है।

#### दिल में हैं राम

रैली के आयोजकों ने कहा कि हम अयोध्या नहीं जा सकते हैं लेकिन राम हमारे दिल में हैं। स्थानीय मंदिरों और भारतवंशियों ने 22 जनवरी को भी विशेष आयोजन करने की तैयारी की है। पूरे अमेरिका में स्थानीय मंदिर और प्रवासी संगठनों ने 22 जनवरी तक विशेष उत्सव आयोजित करने की योजना बनाई है। 22 जनवरी अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### अब और बढ़ी मुसीबतें

## जेल में बंद इमरान खान एक और मामले में हुए गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। साइफर मामले में जमानत मिलने के अगले ही दिन उन्हें मई में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल इमरान खान जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान को एक स्पेशल कोर्ट ने सोमवार को जमानत दे दी थी। अभी उन्हें तोशखाना मामले में जमानत नहीं मिली है। मंगलवार को पुलिस ने 9 मई के हिंसक विरोध प्रदर्शन से संबंधित जीएचक्यू हमला मामले में गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक इमरान खान को रावलपिंडी में एक आतंकवाद रोधी अदालत ने जीएचक्यू हमले को लेकर उन्हें गिरफ्तार किया है। पिछले साल 9 मई को पाकिस्तान में हिंसा भड़की थी। इसमें एक मेट्रो स्टेशन को आग के हवाले कर दिया गया था।

# मंजूषा, विनीत, कविथा को जीवनपर्यंत ध्यानचंद पुरस्कार, 5 खेलों के कोच को द्रोणाचार्य अवार्ड


मंजूषा कंवर


विनीत कुमार शर्मा


कविथा सलवाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2023 में खेल मैदान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस बार ध्यानचंद पुरस्कार जीवनपर्यंत 3 खिलाड़ियों को दिया गया।

इन खिलाड़ियों में पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा तथा पूर्व कबड्डी खिलाड़ी कविथा सलवाराज शामिल हैं। इस वर्ष द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं में शतरंज कोच आरबी रमेश भी शामिल हैं जिन्होंने प्रज्ञानानंदा को तैयार किया है। बता दें कि खेल रत्न विजेताओं को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है जबकि अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार में 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार

ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज), महावीर प्रसाद सैनी (पैरा एथलेटिक्स), शिवेंद्र सिंह (हॉकी) और गणेश प्रभाकर देवरुखकर (मल्लखंब) को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला। ये पुरस्कार उन कोचों को दिया जाता है जिन्होंने अपना जीवन एथलीटों को प्रशिक्षित करने के लिए समर्पित कर दिया।



### इन खिलाड़ियों को मिला ध्यानचंद पुरस्कार

इस बार ध्यानचंद पुरस्कार जीवनपर्यंत 3 खिलाड़ियों को दिया गया। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर ने 1998 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2004 में पाकिस्तान में आयोजित दक्षिण एशियाई खेलों में पदक जीता था। पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा ने एशियाई खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक में भी हिस्सा ले चुके हैं। पूर्व कबड्डी खिलाड़ी कविथा सलवाराज ने 2010 में एशियाई खेलों और एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में कई पदक जीते हैं।

### अर्जुन पुरस्कार

ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बाउल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग), ईशा सिंह (शूटिंग), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वैश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (कुश्ती)। अंतिम पंघाल (कुश्ती), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजय कुमार रेड्डी (ब्लाइंड क्रिकेट) और प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)।

### एमएकेए ट्रॉफी मिली इन विश्वविद्यालयों को

मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2023: गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (समग्र विजेता विश्वविद्यालय), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (प्रथम रनर अप), कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (द्वितीय रनर अप)।

### समारोह में शामिल नहीं हो पाए चिराग और रंकीरेड्डी

बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया था। वर्तमान में मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेलने के कारण यह जोड़ी समारोह में शामिल नहीं हो पाई। बता दें कि इस जोड़ी ने 2023 में एशियाई खेलों में अपना और बैडमिंटन में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा एशियाई चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन का खिताब भी जीता।

### 26 खिलाड़ी और पैरा खिलाड़ी भी हुए सम्मानित

राष्ट्रपति भवन में 26 खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हांगझू एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल के फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ स्थिति के कारण दोनों हाथ नहीं हैं। वह दोनों हाथों के बिना तीरंदाजी करने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं। टखने की चोट से उबर रहे शमी सम्मान हासिल करने के लिए समारोह में मौजूद थे।

### देश की तीसरी ग्रैंडमास्टर वैशाली भी सम्मानित

हाल में शतरंज ग्रैंडमास्टर बनीं आर वैशाली को भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह स्टार ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन हैं। कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाली वैशाली देश की तीसरी महिला खिलाड़ी हैं।

### ईशा सिंह भी नहीं पहुंच पाईं समारोह में

युवा स्टार पिस्टल निशानेबाज 19 वर्षीय ईशा सिंह भी जकार्ता में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में हिस्सा लेने के कारण समारोह के लिए नहीं पहुंच पाईं। उन्होंने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया।

## खबर संक्षेप



### ऑकलैंड में पहले दौर में हारे बतिस्ता, शापोवालोव

**ऑकलैंड।** दो बार के चैंपियन रॉबर्टो बतिस्ता आगुत को मंगलवार को यहां एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन के अपने हमवतन रॉबर्टो कारबालेस बेइना के खिलाफ सीधे सेट में शिकस्त का सामना करना पड़ा।
कारबालेस ने 2016 और 2018 के चैंपियन बतिस्ता आगुत को 6-4, 6-3 से हराया। दुनिया के 10वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। उन्हें ऑस्ट्रिया के सबेस्टियन ओफनर के खिलाफ 6-4, 6-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। शापोवालोव पिछले साल जुलाई में विंबलडन के चौथे दौर में हार के बाद पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेल रहे थे। उनके घुटने में गंभीर चोट लगी थी। बतिस्ता आगुत जुलाई 2023 में घुड़सवारी करते हुए चोटिल हो गए थे। उन्होंने अक्टूबर में वापसी करते हुए नवंबर में वैलेंसिया में फाइनल और पिछले हफ्ते हांगकांग में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

### क्रिस्टी को हराकर दूसरे दौर में पहुंचा श्रीकांत



**कुआलालंपुर।** भारत के किदांबी श्रीकांत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को कड़े मुकाबले में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। आंध्र प्रदेश के गुंटूर के 30 साल के श्रीकांत ने एक घंटा और पांच मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में छठे वरीय क्रिस्टी को 12-21 21-18 21-16 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत आम तौर पर तीन गेम के मुकाबले के दबाव को झेलने में नाकाम रहे हैं लेकिन मंगलवार को पहला गेम गंवाने के बावजूद उन्होंने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। इंडोनेशिया के खिलाड़ी के खिलाफ श्रीकांत ने कुछ बेहतरीन मैच खेले हैं। उन्होंने क्रिस्टी के खिलाफ 11 में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

# भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार तीन मैचों की टी-20 सीरीज कल से

## दोनों देशों के बीच अब तक नहीं खेली गई वनडे और टी20 में कोई भी सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 11 जनवरी से 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। विश्व कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी टी-20 सीरीज होगी। अफगानिस्तान और भारत के बीच टी-20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई द्विपक्षीय सीरीज खेली जा रही है। बता दें कि दोनों देशों के बीच अब तक वनडे और टी20 में कोई भी सीरीज नहीं खेली गई है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच यह पहली टी20 सीरीज होने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ी 14 महीने बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी भी कर रहे हैं। सभी मैच शाम 7 बजे शुरू होंगे।

### अफगानिस्तान की टी-20 टीम

टी-20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान ने 19 सदस्यीय टीम का चुनाव किया है। इब्राहिम जादरान टीम के कप्तान हैं। अफगानिस्तान की टीमः इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनात, अजमुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ , मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

### ऐसी रहेगी रोहित शर्मा की ब्रिगेड

लगभग 1 साल के बाद एक बार फिर रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वह टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम के कप्तान हो सकते हैं। भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।



### भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज का शेड्यूल

पहला टी20: 11 जनवरी, मोहाली, शाम 7 बजे से
दूसरा टी20: 14 जनवरी, इंदौर, शाम 7 बजे से
तीसरा टी20: 17 जनवरी, बेंगलुरु, शाम 7 बजे से

### दोनों टीमों के बीच सिर्फ एक टेस्ट सीरीज हुई

दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक सिर्फ एक ही इंटरनेशनल द्विपक्षीय सीरीज खेली गई है। यह टेस्ट सीरीज थी, जो जून 2018 में हुई थी। तब उस द्विपक्षीय सीरीज के तहत सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने पारी और 262 रनों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

### अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

*भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 क्रिकेट में सिर्फ 5 मैच खेले गए हैं। 4 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। अफगानिस्तान एक भी टी-20 मैच भारत के खिलाफ नहीं जीत पाई है।*

### कोहली हैं इकलौते शतकवीर

*भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 मैचों में शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज कोहली हैं। उन्होंने सितंबर 2022 में एशिया कप मुकाबले में 61 गेंदों में नाबाद 122 रन की पारी खेली थी। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का इकलौता शतक है।*

### मनीष और सिद्धार्थ आईटीएफ मांड्या ओपन के प्री-क्वार्टरफाइनल में

**मांड्या।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी मनीष गणेश और सिद्धार्थ विश्वकर्मा आसान जीत के साथ मंगलवार को यहां आईटीएफ मांड्या ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। गणेश ने नीरज यशपाल को 6-1, 6-1 से हराया जबकि विश्वकर्मा ने आदिल कल्याणपुर को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। स्थानीय खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव को हालांकि पुरुष युगल में निराशा का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले डेविस कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले देव और उनके जोड़ीदार नितिन कुमार सिन्हा अंतिम 16 में नहीं पहुंच सके। भारत के करण सिंह और कोरिया के वूबीन सिन की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी।

# रुद्रांक्ष और मेहुली ने भारत के लिए जीता पांचवां स्वर्ण पदक



एजेंसी ⏭ जकार्ता

रुद्रांक्ष पाटिल और मेहुली घोष की जोड़ी ने मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा जीतकर भारत को निशानेबाजी एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में शेन युफान और झू मिंगशुआई की चीन की जोड़ी को 16-10 से हराया। रुद्रांक्ष और मेहुली की जोड़ी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रही थी। युफान और मिंगशुआई ने 632.3 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। इन दोनों के क्वालीफाई करने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय निशानेबाजों की संख्या 15 हो गई है जो तोक्यो खेलों में देश के सबसे बड़े निशानेबाजी दल की बराबरी है।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

# कमिंस, दीप्ति, जेमिमा सहित ये खिलाड़ी हुए नामांकित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस को इंटरनेशनल क्रिकेट कॉउंसिल ने दिसंबर महीने के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। उनके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ग्लेन फिलिप्स और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तैजुल इस्लाम भी इस सम्मान के लिए नामित होने वाले अन्य पुरुष खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ियों में महिला टीम की दीप्ति शर्मा व जेमिमा रोड्रिग्ज को भी चुना गया है। बता दें कि इन खिलाड़ियों ने पिछले महीने कमाल का प्रदर्शन किया था।



### दीप्ति-जेमिमा, मिरांज रहीं सर्वश्रेष्ठ

महिलाओं में भारत की दीप्ति शर्मा और जेमिमा रोड्रिगेज नामित हुई हैं। उनके अलावा जिम्बाब्वे की प्रेशियस मरांज नामांकित होने वाली तीसरी खिलाड़ी रही। दीप्ति ने इंग्लैंड के विरुद्ध 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 11 विकेट लिए थे। 55 की औसत से उनके बल्ले से 165 रन निकले थे। जेमिमा ने डेब्यू करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उन्होंने 73 रन बनाए थे। मरांज ने विश्व कप क्वालीफायर में 13 विकेट लिए थे।

### दिसंबर में कमाल का था कमिंस का प्रदर्शन?

*कमिंस के लिए दिसंबर 2023 कमाल का रहा था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 250 विकेट पूरे किए थे। 26 दिसंबर से शुरू हुए मेलबर्न टेस्ट में इस खिलाड़ी ने दोनों पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। पहली पारी में उन्होंने 48 रन देकर 5 विकेट झटके थे और दूसरी पारी में उन्होंने 49 रन देकर 5 विकेट लिए थे। पर्थ टेस्ट में इस खिलाड़ी के नाम दोनों पारियों को मिलाकर 3 विकेट थे।*

## क्रिकेट इतिहास का सबसे छोटा टेस्ट मात्र 2 दिन में हुआ था खत्म

# केपटाउन की पिच को आईसीसी ने माना 'असंतोषजनक'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच हाल ही में सम्पन्न हुई टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेला गया था, जिसमें रोहित शर्मा के नेतृत्व में मेहमान टीम ने 7 विकेट से जीत दर्ज कर इस मैदान में भारत की पहली जीत का इतिहास रच दिया था।

यह मैच 2 दिन के भीतर ही समाप्त हो गया था। इस बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इस पिच को 'असंतोषजनक' करार दिया है। बता दें कि आईसीसी ने इस पिच को एक डिमेरिट अंक दिया गया है। डिमेरिट अंक उन स्थानों को दिया जाता है जिनकी पिच और आउटफील्ड को मैच रेफरी असंतोषजनक मानते हैं।



### मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने जारी की रिपोर्ट

आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि न्यूलैंड्स की पिच पर बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल था। पूरे मैच के दौरान गेंद तेजी से और कभी-कभी खतरनाक तरीके से उछलती थी, जिससे शॉट खेलना मुश्किल हो जाता था। बता दें कि एक डिमेरिट अंक उन स्थानों को दिया जाता है जिनकी पिच और आउटफील्ड को मैच रेफरी असंतोषजनक मानते हैं।

### 5 साल की अवधि के लिए सक्रिय रहते हैं डिमेरिट अंक

आईसीसी के नियमों के मुताबिक, अगर दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड इस फैसले को चुनौती देना चाहता है, तो उसके पास इसके लिए 2 हफ्तों का समय रहेगा। बता दे कि डिमेरिट अंक 5 साल की अवधि के लिए सक्रिय रहते हैं। जब किसी मैदान को 6 डिमेरिट अंक मिलते हैं, तो उसे 12 महीने की अवधि के लिए किसी भी अंतरराष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने से निलंबित कर दिया जाता है।

### 107 ओवर में ही समाप्त हो गया था मुकाबला

केपटाउन टेस्ट 107 ओवर (642 गेंद) में ही समाप्त हो गया था। यह टेस्ट इतिहास का गेंदों के लिहाज से सबसे छोटा मुकाबला बना था। इससे पहले सबसे छोटा मैच साल 1932 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 109.2 ओवर (656 गेंद) तक चला था।

### मैच के पहले दिन गिरे थे कुल 23 विकेट

केपटाउन टेस्ट मैच के पहले दिन 75.1 ओवर का खेल संभव हो पाया था, जिसमें दोनों टीमों ने कुल 270 रन बनाए और इस बीच 23 विकेट गिरे थे। यह टेस्ट इतिहास में मैच के शुरुआती दिन दूसरे सर्वाधिक विकेट गिरने का रिकॉर्ड बन गया था। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1902 में खेले गए मेलबर्न टेस्ट में पहले दिन 25 विकेट गिरे थे।

# इंग्लैंड टीम अपना बावर्ची लेकर आएगी भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंग्लैंड की टीम जनवरी के अंत में भारत का दौरा करने वाली है, जहां दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस ऐतिहासिक दौरे का आगाज 25 जनवरी से होगा। सीरीज का पहला टेस्ट हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत दौरे पर इंग्लैंड की टीम खास तैयारियों के साथ आने वाली है। खिलाड़ियों के खान-पान का ध्यान रखते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम के साथ एक विशेष शेफ (बावर्ची) भेजने का ऐलान किया है।

### पाकिस्तान दौरे से ईसीबी ने लिया सबक

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि खानपान का ध्यान रखने के लिए मैनचेस्टर यूनाइटेड के मशहूर शेफ ओमार मेजिने को इंग्लैंड टीम का पर्सनल शेफ नियुक्त किया है। ईसीबी ने कहा कि 2022 में पाकिस्तान के दौरे में इंग्लैंड की टीम को खराब खाना मिला था, जिससे कई अंग्रेज खिलाड़ी बीमार तक हो गए थे।ईसीबी का मानना है कि भारत में अधिक मसाले का खाना ज्यादा बनता है। इससे भी हमारे खिलाड़ियों को दिक्कत हो सकती है। टीम के साथ शेफ भेजने से यह फायदा होगा कि खिलाड़ी अब ज्यादा नहीं सोचेंगे कि क्या खाया जाएगा और क्या नहीं खाया जाए। ईसीबी ने तय किया है कि अब हर दौरे पर खिलाड़ियों के साथ एक विशेष बावर्ची भेजा जाएगा जो खिलाड़ियों को पौष्टिक खाना बनाकर देगा।





**जिला बार एसोसिएशन चुनाव**

# 136 वोटों से जीत दर्ज कर दीपक खरे चुने गए अध्यक्ष

## वकीलों की युवा ब्रिगेड ने रचा इतिहास, चार बार के अध्यक्ष रह चुके अध्यक्ष राजेश व्यास को हराया

विधिक सवांददाता ▶▶ भोपाल

जिला बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में युवा वकील ब्रिगेड ने इतिहास रच दिया। अध्यक्ष पद पर दीपक खरे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और चार बार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके राजेश व्यास को करीबी मुकाबले में 136 वोटों से पराजित किया है। राजेश व्यास पिछला चुनाव भी करीबी मुकाबले में पीसी कोठारी से 135 वोटों से हार गए थे। दीपक खरे को 1482 वोट, जबकि राजेश व्यास को 1346 वोट हासिल हुए।

तीसरे नंबर पर प्रियनाथ पाठक रहे उन्हें 634 वोट मिले। जितिन राठौर 118 वोट लेकर चौथे और राजेश कुमार टंडन 23 वोट लेकर पांचवें स्थान पर रहे। दीपक खरे पूर्व में जिला बार एसोसिएशन के सचिव रहे हैं। उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार श्रीवास्तव विजयी घोषित किए गए हैं। उन्हें 923 वोट प्राप्त हुए हैं। मीरा चरार 645 वोट प्राप्त कर दूसरे नंबर पर और राजेश यादव 571 वोट प्राप्त कर तीसरे नंबर पर रहे हैं। सचिव पद पर मनोज श्रीवास्तव 610 मतो से विजयी हुए हैं। सह सचिव पद पर सोनल नायक 405 मतो से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष के पद पर बृज बिहारी रघुवंशी और पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुधीर दुबे ने विजय प्राप्त की है। मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतदान स्थल पर वोटों की गिनती का काम शुरू हुआ था।

दोपहर 12 बजे से मतगणना के रुझान आना शुरु हो गए थे। मतगणना की जानकारी लोगों को मुहैया कराने जिला अदालत परिसर में 2 बड़ी टीवी स्क्रीन लगाई गई थीं। कैमरों के जरिये मतगणना स्थल पर निगरानी भी रखी जा रही थी। जूनियर और सीनियर कार्यकारिणी सदस्य पदों के वोटों की गिनती बुधवार को होगी। गौरतलब है कि राजधानी की जिला बार एसोसिएशन में लगभग में साढ़े 8 हजार वकील पंजीकृत हैं। मध्यप्रदेश स्टेट बार कौंसिल की वेरिफकेशन लिस्ट के अनुसार 4 हजार 616 मतदाता वकीलों को ही मतदान करने का अधिकार दिया गया था। इसमें 3632 वकीलों ने अपने 100 मतदान केंद्रों पर पर अपने मत डाले। चुनाव में विजयी हुए उम्मीदवारों को मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी और भोपाल जिला बार एसोसिएशन के निवृत्तमान अध्यक्ष पीसी कोठारी ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। जिला अदालत में जैसे ही दीपक खरे के चुनाव जीतने की खबर वकीलों के बीच पहुंची , उल्लास से भरे हुए उनके समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया।



### एग्जिट पोल के नजीजे सटीक साबित हुए

*मतदान के तुरंत बाद संतोष धोटे राजेश शर्मा संजय थूल और मोहम्मद आसिफ अली अधिवक्तागणों द्वारा मतदाता वकीलो से उनके द्वारा दिए गए मतों की जानकारी के आधार पर एग्जिट पोल के परिणाम जारी किए गए थे। एग्जिट पोल के परिणाम में दीपक खरे को अध्यक्ष, संजय कुमार श्रीवास्तव को, मनोज श्रीवास्तव को सचिव, सोनल नायक को सहसचिव, बृजबिहारी रघुवंशी को कोषाध्यक्ष और सुधीर दुबे को पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर विजयी होना बताया गया था।*

### अधिवक्ताओं की सेवा सुरक्षा और सम्मान के लिए काम करेंगे: खरे

भोपाल जिला बार एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर दीपक खरे ने कहा कि वह बार एवं अधिवक्ता हित के लिए सदैव काम करेंगे। जिला अदालत परिसर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था को व्यवस्थित कराएंगे। पुलिस द्वारा किसी भी अधिवक्ता के विरुद्ध केस दर्ज करने से पहले बार के अध्यक्ष, सचिव को सूचना देनी होगी। इसके लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। दीपक खरे ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन में रहकर हमने हमेशा वकीलों की भलाई के लिए काम किया है, मेरी जीत भी इसी का नतीजा है। मैं अपनी इस नई पारी में अधिवक्ताओं की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए काम करूंगा।

**डॉ. मोहन की सरकार बनने के बाद पहली बार दलीय आधार पर कोई चुनाव हुआ**

# 22 सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा को 16 पर मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय उपचुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। पूरे प्रदेश में 22 वार्डों में खाली सीटों पर उपचुनाव हुए थे।

यह चुनाव दलीय आधार पर हुए हैं। 22 सीटों पर हुए उपचुनाव में सिर्फ तीन सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली है। वहीं 16 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। भोपाल के वार्ड नंबर 41 से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रेहान सिद्दीकी को जीत मिली है। मोहन सरकार के मंत्री विश्वास सारंग मौके पर पहुंचे और माला पहनाकर उन्हें जीत की बधाई दी है।

**कौन कहां से जीता**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पन्ना | ककरहटी वार्ड 13 | राजेंद्र गौड | भाजपा |
| कटनी | वार्ड 36 | लव | भाजपा |
| कटनी | वार्ड 9 | सचिन कुमार बहरे | भाजपा |
| नरसिंहपुर | करैली वार्ड 5 | ज्योति | भाजपा |
| मैहर रामनगर | वार्ड 2 | सुनीता | भाजपा |
| रतलाम | वार्ड 31 | करण कैथवास | भाजपा |
| सिहोरा | वार्ड 6 | ज्योति सुनील चक्रवर्ती | भाजपा |
| मैहर | रामनगर वार्ड 11 | रामसुशील | भाजपा |
| सारणी | वार्ड 14 | बेबी देवी | भाजपा |
| दमोह | पटेरावार्ड 14 | राजरानी | भाजपा |
| धार | डही वार्ड 5 | नगीना बी | भाजपा |
| धार | डही वार्ड 12 | फूलकुंवर | भाजपा |
| देवास | सतवासवार्ड 4 | निहारिक राठौर | भाजपा |
| राजगढ़ | खुजनेर वार्ड 3 | निर्मल कुमार जाटव | भाजपा |
| धार | मांडव वार्ड 9 | ममता बाई | कांग्रेस |
| इंदौर | मानपुर वार्ड 2 | रेखा बाई | निर्दलीय |
| श्योपुर | विजयपुर वार्ड 4 | नीलम | निर्दलीय |
| श्योपुर | श्योपुरवार्ड 3 | अकबर | निर्दलीय |
| शहडोल | धनपुरवार्ड 28 | गीता कोल | कांग्रेस |
| खंडवा | वार्ड 41 | मो तारिक खान | कांग्रेस |

**बच्ची ने पिता को बताया, दूसरे धर्म के बारे में सिखाया जाता था**

# बच्चियों की डॉक्यूमेंट्री बनाकर ली जाती थी विदेशी मदद, जांच में हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तारासेवनिया के आंचल बाल गृह से रेस्क्यू की गईं 41 में 39 बच्चियों अपने-अपने घर पहुंच गई हैं। इन बच्चियों पर डॉक्यूमेंट्री बनवाकर विदेशों में दिखाकर विदेशी फंडिंग की जाती थी। प्रशासन के पास इसके प्रमाण आ चुके हैं, जल्द ही रिपोर्ट कलेक्टर के सामने प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद दो और रिपोर्ट अधिकारियों के द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। तब कलेक्टर कोई आगे कदम उठाएंगे।

एक अभिभावक ने बताया कि उसकी बेटी ने कुछ दिन पूर्व कहा था कि पापा ये लोग जबरन उनके धर्म के बारे में हमें सिखाते हैं। जब पिता वहां पहुंचे और अनिल से बात की तो उसने बच्ची के पिता से कहा कि अगर उसकी बच्ची को ये सब नहीं सिखाया तो वह गलत रास्ते पर चली जाएगी। मैथ्यू प्रलोभन भी देता था।

### दो बच्चियों को छिंदवाड़ा सीडब्ल्यूसी को सौंपेंगे

मंगलवार को भोपाल बाल कल्याण समिति ने दो बच्चियों को छिंदवाड़ा बाल कल्याण समिति को सौंपने की कार्रवाई की है। यह बच्चियां माता-पिता के नहीं आने और दस्तावेज नहीं पहुंचने के कारण बालगृह में रह रहीं है। जानकारी के अनुसार, बच्चियों के चाचा के द्वारा उनके दस्तावेज पेश किए गए हैं। बच्चियां छिंदवाड़ा जिले से होने के कारण उन्हे छिंदवाड़ा बाल कल्याण समिति को सौंपा जा रहा है।

### नरसिंहपुर में भी चल रहा शेल्टर होम

जांच में पता चला है कि अनिल मैथ्यू ने संजीवनी सोयाइटी के नाम पर बिना अनुमति एक और सेल्टर होम नरसिंहपुर में भी संचालित कर रखा है। यहां पर चाइल्डलाइन से मिली बच्चियों को रखा जाता था। इनसे ईसाई धर्म की प्रार्थना और धार्मिक पुस्तकों को पढ़वाया जाता था। ऐसे में ज्यादातर बच्ची अब ईसाई धर्म और यीशू की बात करती हैं। सूत्रों की मानें तो मामले का खुलासा होने से पहले 41 बच्चियों का धर्मांतरण हो चुका था।

## छात्रों की गिरफ्तारी केस में ग्वालियर एसपी पड़ाव थाने को नोटिस

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में एबीवीपी छात्रों की गिरफ्तारी मामले में हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने चीफ सेक्रेटरी ग्वालियर एसपी, पड़ाव थाने को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को रेलवे को पार्टी बनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि रेलवे प्रबंधन की कैसी व्यवस्था है, अगर यात्रा के दौरान कोई बीमार पड़ जाए, उसको स्टेशन पर एंबुलेंस की उपलब्ध नहीं कर सकता है रेलवे, जबकि किराए के नाम पर मोटी रकम रेलवे वसूलता है। अब इस मामले में अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। इंदौर महापौर की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने ये नोटिस जारी किए गए है। मामले में इंदौर महापौर पुष्पमित्र भार्गव ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

**कांग्रेस का 'डेनोशन फॉर देश' अभियान**

# पीसीसी ने जारी की चंदा मुहिम की रेट लिस्ट, कार्यकर्ता भी देंगे राशि

## *विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की शुरू की तैयारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। कांग्रेस अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए अपने सांसद-विधायक-महापौर-पार्षद से लेकर कार्यकर्ता तक से चंदा वसूल रही है। पार्टी ने इसके लिए बाकायदा न्यूनतम राशि भी तय कर दी है। खास बात है कि पीसीसी ने बाकायदा चंदा वसूली के लिए रेट लिस्ट जारी कर दी है। अब उसने अपने जनप्रतिनिधि ही नहीं कार्यकर्ताओं से न्यूनतम चंदा देने के लिए पत्र जारी कर दिया है।

सांसद, विधायक और महापौर के लिए पार्टी ने चंदे की राशि एक लाख 38 हजार रुपए तय की है। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव 2023 के प्रत्याशियों, एआईसीसी के प्रतिनिधियों, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, नगर निगम के पार्षद, नगर निगम अध्यक्ष, मोर्चा-संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, विभाग अध्यक्षों और जिला पंचायत-जनपद अध्यक्षों के लिए 13 हजार 800 रुपए न्यूनतम चंदा तय किया गया है।

# अब प्रेमपुरा घाट पर शहर की सबसे सुंदर चौपाटी बनना शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने प्रेमपुरा घाट पर बनाई जा रही चौपाटी के कार्यों का निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि प्रेमपुरा चौपाटी को सबसे सुंदर और सुव्यवस्थित चौपाटी बनाई जाए। राय ने सभी कार्यों को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य रविन्द्र यति सहित निगम के अधिकारी मौजूद थे। महापौर मालती राय ने मंगलवार को बड़ी झील के किनारे प्रेमपुरा घाट पर निर्माणाधीन चौपाटी का निरीक्षण किया और यहां प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। सौंदर्यीकरण व आकर्षक

# चौबीस साल बाद भाजपा ने कांग्रेस से छीनी वार्ड-41 की पार्षद सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वार्ड-41 के पार्षद पद के लिए हुए उप चुनाव में भाजपा के रेहान सिद्धीकी ने 2620 वोट से जीत दर्ज की है। इन्हें कुल 4873 वोट मिले। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के मोहम्मद फहीम रहे। जिन्हें 2253 वोट प्राप्त हुए।

यह सीट जीतने के बाद अब निगम के भाजपा में 59 पार्षद हो गए हैं, जबकि कांग्रेस की एक सीट घट गई। अब कांग्रेस के 21 और 5 निर्दलीय पार्षद हैं। इस सीट पर वर्ष 1999 से पांच बार लगातार सगीर अहमद पार्षद चुने गए थे। पार्षद के लिए 5 जनवरी को वोटिंग हुई थी।

**भाजपा के रेहान सिद्दीकी 2620 वोट से जीते**



**कलेक्टर ने सिद्धीकी को दिया सर्टिफिकेट :** मंत्री विश्वास सारंग और महापौर मालती राय मतगणना स्थल पर पहुंचे। मंत्री सारंग की मौजूदगी में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सिद्धीकी को सर्टिफिकेट दिया।

## एमडी छात्रों को नहीं मिल रही ओपीडी में इलाज की सुविधा

**भोपाल।** पंडित खुशीलाल आयुर्वेद अस्पताल से एमडी कर रहे छात्रों को ओपीडी की सुविधा नहीं दी जा रही है। खासकर संहिता विभाग के पीजी स्कॉलर इसकी बीते तीन साल से डिमांड कर रहे हैं। बावजूद इसके उन्हें ओपीडी में मरीजों की देखभाल और सेवा का अवसर नहीं मिल पा रहा है।

# विशेष संयोग में मनाई गई साल की पहली मासिक शिवरात्रि व प्रदोष व्रत

### बड़ावाले महादेव मंदिर गुफा मंदिर में हुई विशेष पूजा,बाबा का किया भव्य श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विशेष संयोग में मंगलवार के साल का पहला प्रदोष व्रत व माह की पहली शिवरात्रि पर भक्तों ने व्रत रख पूजन पाठ किया। प्रदोष व्रत के साथ ही शिव की प्रिय मासिक शिवरात्रि होने पर श्रद्धालुओं के व्रत रखकर व पूजन किया। इस मौके पर मंदिर में विशेष अभिषेक किया गया। बड़ेवाले महादेव मंदिर, मुक्तेश्वर महादेव मंदिर व गुफा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में शिव का श्रृंगार किया गया।



# लाखों लोगों के बलिदान के बाद यह दिन आया, अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी: वीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुनिया में 22 जनवरी 2024 को एक नया इतिहास बनने वाला है। अयोध्या में 500 सालों से ज्यादा समय के इतंजार के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। लाखों लोगों के बलिदान के बाद यह दिन आया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की उपस्थिति में रामलला विराजमान होंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सासंद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना में मीडिया से बात करते हुए कही। शर्मा ने पन्ना में श्रीराम मंदिर परिसर से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। प्रदेश भर के मंदिर परिसरों में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत का हर नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इसके लिए आभार व्यक्त कर रहा हैं। देशभर के मंदिरों में 22 जनवरी को आयोजन किए जाएंगे और उस दिन दिवाली मनाई जाएगी।




### प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पन्ना जिले के गुनौर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमुदाय को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं ये कहा है कि मोदी की गारंटी हर गारंटी के पूरा होने की गारंटी है। प्रत्येक पात्र हितग्राही तक केंद्र व राज्य सरकारों की जीवन बदलने वाली योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

### पन्ना भी बनेगा स्वच्छता में नंबर 1

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 जनवरी से स्वच्छता अभियान चलाने की बात कही है। पन्ना में आज से राम मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई है। 21 जनवरी तक शहर में यह अभियान चलेगा। शर्मा ने कहा कि जब स्वच्छता का सवाल देशभर में आता है तो इंदौर और भोपाल का नाम सबसे आगे आता है। इंदौर स्वच्छता में पहला स्थान हासिल करता है। राजधानी भोपाल भी स्वच्छता के मामले में पीछे नहीं रहा है। पन्ना भी स्वच्छता में एक नंबर बनेगा, हम इस संकल्प को पूरा करेंगे।



### प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत शर्मा ने भगवान जुगल किशोर को पीले चावल भेंट कर दिया आमंत्रण

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को पन्ना पहुंचकर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध मंदिर भगवान जुगल किशोर को पीले चावल अर्पित किए एवं अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया। शर्मा ने कार्यक्रम से पूर्व मंदिर परिसर में विराजमान भगवान हनुमान के मंदिर से सिर पर कलश रखकर परिक्रमा की। उन्होंने अक्षत, मिठाई व नारियल प्रभु के चरणों में अर्पित कर उन्हें आमंत्रण दिया।

**पत्रकार दल ने इंदौर सांसद से की भेंट**



# इंदौरः मणिपुर के पत्रकारों ने बायो सीएनजी प्लांट का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के दौरे पर आए मणिपुर के पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को इंदौर के सांसद शंकर लालवानी से मुलाकात की। इसके पहले मणिपुर से आए पत्रकार दल ने इंदौर के बायो सीएनजी प्लांट का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीम ने कचरे से बायो सीएनजी बनाने की पूरी प्रक्रिया को समझा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930